# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-02-06-2024

# शांतिपूर्ण माहौल में गोरखपुर 54.69 बांसगांव में 51.59 फीसद मतदान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखपुर और बांसगांव सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। शाम 6 बजे मतदान समाप्ति तक गोरखपुर सीट पर 54.69 फीसद तथा बांसगांव सीट पर 51.59 फीसद मतदान हुआ। गोरखपुर सीट पर 13 व बांसगांव में 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान समाप्त होने के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियां गोरखपुर विश्वविद्यालय पहुंचकर स्ट्रांग रूम में इवीएम जमा कराती रहीं।मतदान शुरु होने से पहले सुबह 5.30 से 6 बजे तक पार्टी प्रत्याशी या उनके पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में सभी बूथों पर मॉक पोल कराया गया। सात बजे से मतदान शुरू होने पर कुछ बूथों पर इवीएम में मामूली दिक्कत की बात आयी। इसके पश्चात सभी बूथों पर शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी रहा।

कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआईजी आनंद कुलकर्णी, डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर लगातार बूथों का भ्रमण करते रहे।



वोटरलिस्ट में नाम न होने की कुछ बूथों पर वोटरों ने शिकायत की। कई बूथों पर काफी वृद्ध, अस्वस्थ और दिव्यांग भी दूसरों के सहारे या बैशाखी के सहारे मतदान करने आए थे। इससे लगता है कि घर बैठे मतदान की सुविधा की इन्हें जानकारी नहीं दी जा सकी थी।

रोजाना की तुलना में आज का तापमान कुछ कम रहा। इससे वोटरों और सुरक्षाकर्मियों को काफी राहत महसूस हुआ। सुबह 11 बजे तक सहजनवां के वोटर सबसे सक्रिय रहे, उसके पश्चात सिर्फ पिपराइच विधान सभा क्षेत्र के वोटर ही 60.48 फीसद मतदान कर प्रथम श्रेणी में स्थान हासिल कर सके। सहजनवां के वोटर 56.16 फीसद मतदान किये जबकि एक बार फिर शहरी वोटर सुस्त दिखे और मात्र 47.69 फीसद मतदान किये। गोरखपुर ग्रामीण क्षेत्र में भी 55.49 फीसद मतदान रहा। तमाम बूथों पर दोपहर में इक्का-दुक्का वोटर ही रहे। सुबह व शाम के समय में ज्यादा भीड़ रही। बांसगांव संसदीय क्षेत्र में रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 55.90 फीसद व बांसगांव में सबसे कम 45.50 फीसद मतदान रहा है। चौरीचौरा में 53.29 फीसद मतदान रहा है। गोरखपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 20,97,202 व बांसगांव में कुल 18,20,854 मतदाता हैं।

- **देर रात तक इवीएम स्ट्रांग रूम में जमा**
- **गोरखपुर में 13 व बांसगांव में 8 प्रत्याशियों का भाग्य इवीएम में सील**
- **पिपराइच में सर्वाधिक 60.48 फीसद मतदान**
- **गोरखपुर शहर 47.69 फीसद मतदान के साथ फिर पीछे**



गोरखपुर डीएम कृष्णा करुणेश और गौरव ग्रोवर परिवार के साथ

# बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया आईफोन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जेल बाईपास के पास शुक्रवार की रात रेलवे स्टेशन से घर जा रहे आरटीओ में संविदा पर तैनात सहायक लिपिक की आईफोन मोबाइल बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया और फरार हो गए। फिलहाल पीड़ित ने शाहपुर पुलिस को प्रार्थना-पत्र दे दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। **पादरीबाजार प्रतिनिधि** के अनुसार लखनऊ के मूल निवासी राम गोपाल चौरसिया शाहपुर इलाके के जेल बाईपास पादरी बाजार में किराए के मकान में रहते हैं। रामगोपाल आरटीओ में संविदा पर सहायक लिपिक कर्मचारी हैं। वह शुक्रवार की रात 10.15 बजे अपने परिवार को रेलवे स्टेशन से स्कूटी पर बैठाकर घर जा रहे थे। जेल के पीछे पहुंचे और घर पर फोन लगाने के लिए स्कूटी पर पीछे बैठी बेटी को अपनी आईफोन मोबाइल निकाल कर दे दिया। बेटी फोन लगा कर घर पर बात कर ही रही थी कि इसी दौरान पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया और पादरी बाजार की तरफ तेज गति से फरार हो गया। मोबाइल की कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई जा रही है। लोगों के अनुसार शाहपुर क्षेत्र में लगातार बढ़ती मोबाइल चोरी की घटना और एक का भी खुलासा न होना त्रिनेत्र और पुलिस दोनों पर सवाल उठा रही है।

# अमरुतानी में युवक की हत्या करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

**टीपीनगर (एसएनबी)।** राजघाट थाना क्षेत्र के अमरूतानी में गुरुवार की देर रात शशांक पाण्डेय पुत्र विनोद पाण्डेय निवासी भिलोरा थाना गीडा को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता ने राजघाट थाने में चार अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में लिखा है कि मेरा इकलौता बेटा शशांक अपने साथी अमन को घर से उसके घर पर करीब 12 बजे छोड़ने जा रहा था कि राजघाट के अमरूतानी में शौच करने के लिए गया, जहाँ पर चार लोगों ने छिनैती करने के दौरान मेरे बेटे शशांक को गोली मार दी। अमन को बीच बचाव के दौरान गोली मारने के लिए दौड़ाया लेकिन वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचाया। पुलिस ने इस मामले में चार को दबोच कर उनके पास से असलहा और कारतूस बरामद किया है।

■ हत्या में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद तथा पुलिस ने चार को दबोचा

■ छिनैती का विरोध करने पर बदमाशों ने मार दी थी गोली

बता दें कि अमन ने अपनी मां को फोन कर बताया कि शशांक को अमरूद मंडी के अमरूतानी में गोली मार दी गयी है। शशांक के मां को बता दो। शशांक की मां को बताया गया तो तत्काल अमन और शशांक के परिजनों ने मौके पर पहुंच कर खोजबीन शुरू कर दिया और कुछ समय बाद शशांक मिला। ईलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। तहरीर पर राजघाट थाने में धारा 302, 352, 34, 201 एवं 393 के तहत मुकदमा दर्ज किया तथा मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबह राजघाट पुल के नीचे से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान इनके पास से एक तमंचा, एक कारतूस तथा एक खोखा बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विजय निषाद उर्फ विज्जी पुत्र बाला लखन्दर निवासी चकरा अव्वल अमरूद मंडी थाना राजघाट, छोटू साहनी पुत्र स्व.उत्तम साहनी निवासी चकरा अव्वल थाना राजघाट तथा करन उर्फ रिंकू चौहान पुत्र राकेश चौहान निवासी चकरा अव्वल निकट मुक्तेश्वर नाथ मंदिर थाना राजघाट और चौथा बाल अपचारी है। कड़ाई से पूछताछ करने पर गिरफ्तार हत्यारोपियों ने बताया कि गुरुवार की देर रात करीब 1 व 2 बजे के बीच दो लोग अमरूतानी में आए। हम चारो लोग जो अक्सर बागीचे मे आने वालों से मोबाइल फोन और पैसा छीनने का काम करते हैं। मृतक से छिनैती करने के दौरान विरोध करने पर हम लोग पकड़े रहे और विजय ने गोली मार दी जबकि दूसरे युवक को मारने के लिए दौड़ा लिया तो वह भाग गया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत धारा बढ़ोत्तरी गिरफ्तार शातिरों को जेल भेज दिया।



डीआईजी आनंद कुलकर्णी।



अपने बूथ पर मतदान के बाद सपरिवार बाहर आते जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ.गौरव ग्रोवर।





पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे एसएसपी डा . गौरव ग्रोवर । जागरण

# पुलिस व आबकारी टीम ने पकड़ी शराब

खजनी : आबकारी टीम व खजनी पुलिस ने संयुक्त रूप से शनिवार की दोपहर खोरठा गांव से अवैध विदेशी मदिरा पकड़ी है। पुलिस के अनुसार उन्होंने पकड़ी गई शराब की कीमत 60 से 70 हजार रुपये होगी। कुल 87 शीशी शराब पकड़ी गई है। गांव के सुजीत के घर से टीम ने 565 नकली ढक्कन, 450 एमएल की बोतल बरामद की। सुजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# विदेश भेजने वाली ग्लोबल कंपनी संचालक समेत दो पर केस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : विदेश भेजने वाली ग्लोबल कंपनी के संचालक समेत दो लोगों के विरुद्ध कैंट थाना पुलिस ने रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है। पिछले 15 दिन के भीतर कंपनी के संचालक पर यह तीसरा मुकदमा है।

शाहपुर के कौवाबाग में रहने वाले तनवीर आलम ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि सिंघड़िया स्थित ग्लोबल कंपनी के संचालक सन्नी सिंह व सहयोगी अभिषेक सिंह उर्फ नीतू से यूरोप जाने के लिए मिले। बताया गया है कि 3.50 लाख रुपये खर्च आएगा। जनवरी 2023 में 80 हजार लेकर आफर लेटर दिया। उसके बाद 20 हजार रुपये लौटाकर दिल्ली में स्टम्पिंग के लिए भेज दिया गया। दिल्ली में वे क्रोएशिया दूतावास में गए, जहां उसे ग्लोबल का एजेंट मिला। उसने 2.70 लाख रुपये लेकर कहा कि 12 दिन बाद वीजा मिलेगा। समय पूरा होने पर बताया कि वीजा रिजेक्ट हो गया है। अब छह माह बाद मिलेगा, लेकिन अभी तक वीजा नहीं मिला।

## प्रियांशु ट्रेनिंग सेंटर पर भी केस

कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार को कुशीनगर के अमीन अली की तहरीर पर सिंघड़िया स्थित प्रिंस ट्रेनिंग सेंटर के आरएन सिंह पर मुकदमा दर्ज किया था। अमीन का आरोप है कि 57 हजार रुपये लेकर उसे शारजहां भेजा गया, जहां उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। स्वजन से रुपये मांगकर वह किसी तरह घर लौटा था।

# बदमाशों ने आरटीओ कर्मचारी का मोबाइल फोन लूटा

जासं. पादरी बाजार : जेल बाईपास पर शुक्रवार की रात में बाइक सवार बदमाशों ने आरटीओ कर्मचारी का आइफोन लूट लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे इससे पहले बदमाश फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर शाहपुर थाना पुलिस सीसी कैमरा फुटेज की मदद से छानबीन कर रही है।

लखनऊ के रहने वाले रामगोपाल चौरसिया आरटीओ कार्यालय गोरखपुर में तैनात हैं। पादरी बाजार में जेल बाईपास के पास किराए पर कमरा लेकर रहते हैं। शुक्रवार की रात 10:15 बजे लखनऊ से आयी बेटी को गोरखपुर रेलवे स्टेशन से स्कूटी पर बैठाकर कमरे पर जा रहे थे। जेल के पीछे पहुंचने पर पीछे बैठी बेटी को अपना आइफोन निकाल कर दिया। बेटी फोन से घर पर बात कर रही थी इसी बीच पीछे से पहुंचे बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन लूट लिया। सीओ गोरखनाथ योगेंद्र सिंह ने बताया कि बदमाशों की तलाश चल रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# घर में दुबके रहे दबंग, बूथ पर नहीं आए ठीकेदार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस व अर्धसैनिक बल की मुस्तैदी से इस बार बूथों पर लाइन में खड़े मतदाताओं के आसपास प्रत्याशी व उनके समर्थकों का हुजूम नजर नहीं आया। प्रत्याशी के अभिकर्ता अपने दायरे में खड़े नजर आए। वोट के ठीकेदार बूथ के बाहर मंडराते जरूर नजर आए, लेकिन सख्ती की वजह से लाइन में लगे मतदाता तक नहीं पहुंच पाए। गड़बड़ी फैलाने की आशंका में पुलिस ने जिले में पहले ही 20 हजार से अधिक लोगों को पाबंद करने के साथ ही पूरे जिले में करीब तीन हजार लोगों को रेड कार्ड जारी किया था।

गोरखपुर सदर व बांसगांव लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर एजेंट अपने दायरे में बैठे रहे। कहीं पर किसी ने जमावड़ा लगाने की कोशिश की तो सुरक्षा में लगे अर्धसैनिक बल और पुलिसकर्मियों ने टोकने के साथ ही बाहर कर दिया। बांसगांव के रकहट में अपने घर के सामने एक दल के समर्थक बैठे थे। उनमें से एक ने कहा चलो बूथ घूम आते हैं। इतने में प्रत्याशी के समर्थक ने कहा घूमने जाओगे तो लाठी खाओगे। पंजाब की फोर्स है, किसी को पहचान नहीं रही है। जिले के सभी बूथों की सुरक्षा में अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा समय-समय पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी फोर्स के साथ मतदान केंद्रों का जायजा लेते रहे। डीआइजी आनंद कुलकर्णी, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर गोरखपुर ग्रामीण, चौरी चौरा, पिपराइच, सहजनवां और कैंपियरगंज क्षेत्र में संवेदनशील बूथ का निरीक्षण करने पहुंचे। मतदानकर्मियों से व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ ही मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा बल के जवानों को निर्देश दिए कि अगर कोई व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करे तो सख्ती से निपटें।



सेडिका में बनाये गये मतदान केंद्र पर मतदान करने जाते डीआइजी ● जागरण

**स्ट्रांग रूम में ईवीएम, मुस्तैद हुई फोर्स :**

चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों की किस्मत अब ईवीएम में कैद हो गई हैं। ईवीएम को विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में विधानसभा वार रखे गए ईवीएम की त्रिस्तरीय सुरक्षा-व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिसकर्मियों की 24 घंटे अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा कंट्रोल रूम बनाकर सीसी कैमरे से भी निगरानी की जा रही है।

# विदेश भेजने वाली ग्लोबल कंपनी संचालक पर एक और केस दर्ज

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 June):** कैंट पुलिस ने सिंघड़िया स्थित विदेश भेजने वाली ग्लोबल कंपनी के संचालक सत्री सिंह व अभिषेक सिंह उर्फ नीतू के खिलाफ केस दर्ज किया है. शाहपुर के कौआबग निवासी तनवीर आलम ने बताया कि वे यूरोप जाने के लिए ग्लोबल कंपनी से मिले थे. उन्हें 3.50 लाख खर्च बताया गया. जनवरी 2023 में 80 हजार लेकर ऑफर लेटर दिया. इसके बाद 80 में से 20 हजार वापस देकर दिल्ली स्टम्पिंग के लिए भेज दिया. दिल्ली में वे कुरेशिया एम्बेसी गए जंहा उसे ग्लोबल का एजेंट मिला. उसने 2 लाख 70 हजार लिया और कहा कि 12 दिन बाद बीजा मिलेगा. इसके बाद में बताया गया कि बीजा रिजेक्ट हो गया. अब 6 माह बाद मिलेगा. लेकिन अभी तक न बीज मिला और न ही पैसा. बताते चलें कि एक शिकायत पर पुलिस ने ग्लोबल दफ्तर पर छापा डालकर भारी मात्रा में पासपोर्ट, कागजात व कैश बरामद किया था. साथ हो मलिक सत्री पर केस भी किया था. ग्लोबल पर पिछले 15 दिन में यह तीसरा मुकदमा है.

## ट्रेनिग सेंटर पर भी केस

बताते चलें कि कैंट पुलिस ने शुक्रवार को ही कुशीनगर के अमीन अली की तहरीर पर ग्लोबल के बगल स्थित प्रिंस ट्रेनिग सेंटर के आरएन सिंह पर केस दर्ज किया था. पीड़ित से 57 हजार लेकर शरजहां भेजा गया. जहां की कंपनी उसे प्रताड़ित करने लगी. किसी तरह पीड़ित घर से पैसा मंगाकर वापस भारत लौट आया. अब कंपनी वाले पैसे नहीं वापस कर रहे हैं.



**80** में से 20 हजार वापस देकर दिल्ली स्टम्पिंग के लिए भेज दिया.

## एलआईसी की मंजिल अधिकारी से की मारपीट

कोतवाली पुलिस ने नीनाथपा निवासी ईश्वर चंद्र सिंगज पर मारपीट का केस दर्ज किया है. तहरीर में एलुमुनियम फैक्ट्री निवासी सविता अग्रहरि ने बताया कि वह एलआईसी सीएबी शाखा की सहायक प्रशासनिक अधिकारी हैं. 31 मई को पूर्व के कर्मचारी ईश्वर अपने किसी काम से दफ्तर आए और काम करने का दबाव बनाया व गाली दी. किसी तरह अन्य कर्मियों ने बचाव किया. जब वह स्कूटी से घर जा रही थी, तब रास्ते में मारपीट की गई.

# मोबाइल लेकर पहुंचे वोटर्स की बढ़ी टेंशन

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 June):** पादरी बाजार स्थित जंगल शालीग्राम और प्राथमिक विद्यालय शिवपुर सहबाजगंज बूथ पर वोट डालने के लिए पहुंचे वोटर्स की परेशानी तब बढ़ गई जब मोबाइल बाहर रखने की बात आई. वोटर प्राची त्रिपाठी के पास मोबाइल था. वह पर्ची लेकर वोट डालने पहुंची, इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोक लिया. इस पर उनसे कहासुनी होने लगी. हालांकि मतदेय स्थल पर मोबाइल रखने की कोई भी व्यवस्था नहीं थी. यह स्थिति एक ही वोटर्स के साथ नहीं रहा. तमाम वोटर्स को समस्या का सामना करना पड़ा. इतना ही नहीं कुछ वोटर्स तो बिना वोट किए ही घर लौट गए. यह एक ही बूथ नहीं है. कई बूथों पर सुरक्षा कर्मियों ने मोबाइल अंदर ले जाने के लिए मना कर दिया.

### भीषण गर्मी में पसीने से तरबतर

शनिवार को सबसे ज्यादा गरम दिन रहा. इसके बावजूद भी वोटर्स में वोट डालने का उत्साह दिखाई दिया. सुबह मतेदय स्थालों पर वोटर्स की लंबी लाइन नजर आई. लेकिन जैसे-जैसे सूर्य अपने सबाब पर आता गया. वोटर्स की लाइन भी कम होती गई. प्राथमिक विद्यालय जंगलशालीग्राम, शिवपुर सहबाजगंज, धर्मपुर बूथों के बाहर वोटर्स के लिए पेयजल की व्यवस्था तक नही थी. जबकि दावा था कि वोटर्स के लिए तमाम इंतजाम किए गए हैं. प्रचंड गर्मी में वोटर्स पसीने से तरबतर रहे. फिर भी उनका उत्साह कम नही हुआ और अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

### बुजुर्ग को नहीं मिला व्हील चेयर

गोलघर काली मंदिर की रहने वाली 112 साल की कैलाशी देवी अपनी नतनी प्रियंका तिवारी के साथ ऑटो से सेंट एंड्रयूज पीजी कॉलेज के बूथ पर पहुंची. उन्हें चलने पर प्रॉब्लम थी. लेकिन बूथ के पास उन्हें व्हील चेयर नहीं मिला. सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से उन्हें बूथ तक पहुंचाया गया.



डीएम कृष्णा करुणेश व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने परिवार के साथ वोट डाला

# विदेश भेजने वाली कंपनी के संचालक पर एक और केस

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने सिंघड़िया स्थित विदेश भेजने वाली ग्लोबल कंपनी के संचालक सन्नी सिंह व अभिषेक सिंह उर्फ नीतू के खिलाफ एक और केस दर्ज किया है। 15 दिन पहले पुलिस ने ग्लोबल ट्रेनिंग सेंटर पर छापा मारकर करीब 300 पासपोर्ट एवं नकदी बरामद किया था। शाहपुर के कौआबाग निवासी तनवीर आलम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वे यूरोप जाने के लिए ग्लोबल कंपनी से मिले थे। उन्हें 3.50 लाख खर्च बताया गया। संवाद

# विदेश भेजने वाली कंपनी पर मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने सिंघड़िया स्थित विदेश भेजने वाली ग्लोबल कम्पनी के संचालक सन्नी सिंह व अभिषेक सिंह उर्फ नीतू के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के कौआबाग निवासी तनवीर आलम ने बताया कि वे यूरोप जाने के लिए ग्लोबल कम्पनी से मिले थे। उन्हें 3.50 लाख खर्च बताया गया। जनवरी 2023 में कई चरणों में 2.70 लाख रुपये ले लिया लेकिन आज तक वीजा नहीं दिया।



सेंट एंड्रयूज पीजी कॉलेज के मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद पत्नी के साथ डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और उनकी पत्नी। संवाद

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने शनिवार को दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रामगढ़ताल के सेंदुली-बेंदुली निवासी अजय निषाद के रूप में हुई। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# पिकनिक मनाने गए तीन दोस्तों की नहाते समय चिलुआताल में डूबने से हुई मौत

## गुलरिहा इलाके में गोरखनाथ से आठ दोस्त चारपहिया गाड़ी से गए थे पिकनिक मनाने

अमर उजाला ब्यूरो

भटहट (गोरखपुर)। गुलरिहा क्षेत्र में बांसस्थान पुराने बामंत माता मंदिर के पीछे दोस्तों संग पिकनिक मनाने आए गोरखनाथ इलाके के तीन युवकों की शनिवार को चिलुआताल में डूबने से मौत हो गई। एक युवक को ग्रामीणों ने बचा लिया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दो घंटे बाद तीनों का शव नदी से बाहर निकाला गया।

जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ क्षेत्र के पुराना गोरखपुर मोहल्ले के राजू तिवारी (27), आकाश पासवान (25) व प्रमोद निषाद (24) अपने दोस्त गोपाल, अजय शर्मा, बबलू पांडेय, पवन पांडेय व राजेश गुप्ता के साथ चारपहिया गाड़ी से पिकनिक मनाने गुलरिहा क्षेत्र के पुराने बामंत माता मंदिर गए थे। मंदिर के पीछे मिट्टी के बर्तन में मीट पकाया जा रहा था।

दोपहर में शराब पीने के बाद छह युवक चिलुआताल में नहाने चले गए। बताया जा रहा है कि लौटने के बाद फिर से सभी ने शराब पी। इसके बाद राजू तिवारी, आकाश पासवान, प्रमोद निषाद, गाड़ी चालक गोपाल और अजय शर्मा फिर से ताल में नहाने चले गए। वहां पहले से कुछ छोटे बच्चे नहाकर निकल रहे थे। बच्चों ने गहरे पानी में युवकों को जाने से मना किया, लेकिन वे नहीं माने। चार युवक गहरे पानी में चले गए।

गोपाल ने बताया कि कुछ देर बाद चार युवकों को डूबता देख वह पानी से बाहर निकलकर शोर मचाने लगा। उधर, मीट बना रहे तीन युवक नशे में उठने की हालत में नहीं थे। युवकों के डूबने की सूचना आस-पास आग की तरह फैल गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से डूबे तीन युवकों का शव ताल से बाहर निकलवाया।



राजू तिवारी



आकाश



प्रमोद (फाइल फोटो)



चिलुआताल में डूबे तीनों युवकों का शव तलाशते गोताखोर। संवाद

### मटके में पकाया था मीट, खाने से पहले पी शराब, फिर पहुंचे थे ताल में नहाने

### तीनों करते थे ये काम

राजू तिवारी दो भाइयों में छोटा था। बड़े भाई की तीन वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। जजमानी और गाड़ी चलाकर जीवनयापन करता था। आकाश पासवान दो भाइयों में बड़ा था। वह फ्लावर डेकोरेशन का काम करता था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं, प्रमोद निषाद तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह गोरखनाथ पुल के नीचे सब्जी बेचता था।

# आरटीओ कर्मी से लूटा मोबाइल

पादरी बाजार। लखनऊ निवासी रामगोपाल चौरसिया गीडा आरटीओ कार्यालय में सहायक लिपिक हैं और शाहपुर के पादरी बाजार इलाके में किराए पर रहते हैं। शुक्रवार की रात 10:15 बजे लखनऊ से आई बेटी को गोरखपुर रेलवे स्टेशन से स्कूटी पर बैठाकर क्वार्टर पर जा रहे थे। जेल बाईपास के पास उन्होंने घर पर फोन लगाने के लिए पीछे बैठी बेटी को अपना आईफोन मोबाइल निकाल कर दिया, बेटी बात कर ही रही थी कि पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन लूट लिया और तेज रफ्तार से पादरी बाजार की तरफ फरार हो गए। तहरीर पर शाहपुर पुलिस जांच कर रही है।

# तीन पीठासीन अधिकारियों समेत 13 हुए बेहोश

गोरखपुर/देवरिया/कुशीनगर, हिटी। गोरखपुर मंडल में शनिवार को चुनाव के दौरान गर्मी से 13 लोग बेहोश हो गए। कुछ को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इनमें तीन पीठासीन अधिकारी, दो होमगार्ड, तीन बीएलओ, एक मतदान कर्मी, तीन मतदाता और एक चुनाव एजेंट शामिल हैं। इससे आंशिक रूप से मतदान प्रक्रिया बाधित हुई।

वहीं गोरखपुर में प्रचंड गर्मी के कारण मतदाता, सुरक्षाकर्मी और मतदानकर्मी बीमार हुए। सरकारी अस्पतालों में 190 मरीज भर्ती हुए। इसमें जिला अस्पताल की इमरजेंसी में शाम सात बजे तक 78 मरीज पहुंचे और बीआरडी मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में 112 रोगी पहुंचे। 39 लोगों को भर्ती करना पड़ा। सीएचसी-पीएचसी पर भी करीब दस लोगों का इलाज हुआ।

उधर, सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे के निर्देश पर पीएचसी व सीएचसी के अधीक्षक अपने-अपने स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्र के बूथों पर भ्रमण कर रोगियों का उपचार करते रहे। सीएमओ स्वयं अपने कार्यालय में बैठे टेली कंसल्टेंसी के जरिये रोगियों को देखते रहे।

**तीन पीठासीन अधिकारियों की बिगड़ी तबीयत :** सदर लोकसभा के सहजनवा ब्लॉक के बूथ संख्या 119 पर तैनात पीठासीन अधिकारी गुफरान अहमद की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उनको तत्काल आराम देकर रिजर्व में रखे गए पीठासीन अधिकारी नबी मोहम्मद की ड्यूटी लगाई। इसी तरह सहजनवा ब्लाक के बूथ संख्या 193 पर तैनात पीठासीन अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा की तबीयत अचानक खराब हो गई। इसके बाद अधिकारियों ने रिजर्व में रखे गए पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार को जिम्मेदारी दी। उधर, बड़हलगंज में प्राथमिक विद्यालय जईपार पर पीठासीन अधिकारी पंकज की तबीयत खराब हो गई। उन्हें एंबुलेंस में ही प्राथमिक इलाज देकर सीएचसी पर भर्ती कराया गया।



चौरीचौरा में सीएचसी में भर्ती होमगार्ड।

- गोरखपुर और बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में थी पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी
- गोरखपुर में पुलिसकर्मी और मतदानकर्मी समेत 190 लोग अस्पताल में हुए भर्ती

## होमगार्ड की तबीयत बिगड़ी

चौरीचौरा। चौरीचौरा विधानसभा के मतदान केंद्र पंसरही सरदारनगर में सीतापुर से आए होमगार्ड वीरेंद्र कुमार की तबीयत बिगड़ने पर जवान उन्हें पीएचसी ले गए। बरही के पास करही गांव में बूथ पर एक सिपाही की तबीयत खराब होने पर सीएचसी बरही के डा. एसके मिश्रा ने सिपाही की जांच कर दवा दी। उझौली में होमगार्ड सूर्यनाथ की तबीयत खराब हुई थी।

## देवरिया और कुशीनगर में नौ हुए अचेत

देवरिया में चुनाव ड्यूटी में लगे दो होमगार्ड, एक मतदानकर्मी के अलावा तीखी धूप में कतार में लगा में एक मतदाता अचेत हो गया। मतदानकर्मियों उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। इससे कुछ देर के लिए मतदान प्रक्रिया बाधित रही। होमगार्ड मनोज कुमार बुलंदशहर का रहने वाला है। वहीं कुशीनगर में तीन बूथों पर बीएलओ, एक मतदाता और एक एजेंट बेहोश हो गए। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

## पीपीगंज और पिपराइच में दो पार्टियों के कार्यकर्ताओं में मारपीट

# छिटपुट झड़प के बीच शांतिपूर्ण रहा मतदान

**सतर्कता**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। 18 हजार फोर्स की निगरानी के बीच सातवें चरण के लिए गोरखपुर व बांसगांव में शनिवार को शांतिपूर्वक मतदान हुआ। मतदान के दौरान इक्का दुक्का स्थानों पर नोकझोंक व झड़प की भी खबरें आईं। हालांकि यह सभी घटनाएं मतदान केन्द्र पर नहीं थीं।

पिपराइच के सोनराइच उर्फ बड़े गांव में विधायक महेन्द्र पाल सिंह व नगर पंचायत पिपराइच के सभासद दीपक चौहान के बीच वोटिंग को लेकर कहासुनी और झड़प के बाद भाजपा कार्यकर्ता गुड्डू हिन्दू व दीपक चौहान के परिवारीजनों के बीच बड़े गांव चौराहा पर मारपीट हुई। इस दौरान गुड्डू हिन्दू के भांजे राजन और बहनोई मुन्ना चौधरी निवासी सिसवां बाजार महराजगंज और गुड्डू को चोट लगी। दीपक चौहान सपा कार्यकर्ता हैं। घटना से नाराज बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता थाने पर पहुंच कर गुड्डू हिन्दू के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस प्रशासन ने गांव में पीएसी तैनात कर दी है।

वहीं पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड नं 15 भरवल गांव में सपा व भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हो गया। केसरीया गमछा लगा कर बूथ पर जाने के कारण हुए विवाद में सभासद समेत दो को मार पीट कर घायल कर दिया है। इस मामले में सभासद राधेकृष्ण निषाद ने जिला अधिकारी गोरखपुर व थानाध्यक्ष से शिकायत की है।

सभासद राधेकृष्ण ने सपा के सुरेन्द्र व उनके साथ करीब दो दर्जन लोगों पर उनके सहित दो कार्यकर्ताओं को मार पीट कर घायल करने का आरोप लगाया। इस संबंध में पीपीगंज थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह ने कहा कि आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



बड़हलगंज क्षेत्र में मतदान केंद्र की व्यवस्था जांचने पहुंचा पुलिस दल।

उधर, मतदान के दौरान एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी भ्रमण करते रहे।

खजनी में पल्हीपार बाबू गांव के स्कूल पर बने बूथ पर मतदाताओं को प्रभावित करने की झूठी सूचना पर दल बल के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे थानाध्यक्ष खजनी ने अनावश्यक भीड़ को दूर हटाया। चौरीचौरा की पूनम देवी महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज में बने बूथ संख्या 157 पर पहुंची तो पता चला कि इनके नाम पर कोई और मतदान करके चला गया। इसको लेकर भी कुछ देर कहासुनी हुई।

# थानों से संबद्ध रहीं 35 एम्बुलेंस, 25 को कराया भर्ती

गोरखपुर। मतदान के दिन स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 35 थानों पर एक-एक एंबुलेंस तैनात किए थे। किसी भी मतदान कर्मी, सुरक्षा कर्मी या मतदाता के बीमार होने पर यह एंबुलेंस ही उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाती। पीठासीन अधिकारी, होमगार्ड समेत 25 मरीजों को भी एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। 108 एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि तीन एम्बुलेंस स्ट्रांग रूम के आसपास भी तैनात की गईं है।

# गोरखपुर में तीन दोस्तों की ताल में डूबकर मौत

- गोरखनाथ मोहल्ले के रहने वाले थे तीनों
- चिलुआताल में पिकनिक मनाने गए थे आठ दोस्त

भटहट/गुलरिहा (गोरखपुर), हिटी। गुलरिहा थाना क्षेत्र में बांसस्थान स्थित पुराने बामंत माता मंदिर के पीछे दोस्तों संग पिकनिक मनाने गए गोरखनाथ क्षेत्र के तीन युवकों की शनिवार को चिलुआताल में डूबने से मौत हो गई। एक युवक बच कर बाहर निकल आया। दो घंटे बाद तीनों के शव बाहर निकाले जा सके।

पुराना गोरखनाथ मोहल्ले के रहने वाले राजू तिवारी (27) पुत्र कृपा शंकर तिवारी, आकाश पासवान (25) पुत्र कोईल व प्रमोद निषाद (24) पुत्र रमेश निषाद के अलावा गोपाल, अजय शर्मा, बबलू पाण्डेय, पवन पाण्डेय और राजेश गुप्ता मैजिक गाड़ी से पिकनिक मनाने गुलरिहा क्षेत्र के पुराने बामंत माता मंदिर के पीछे गए थे। दोपहर में शराब पीने के बाद छह युवक चिलुआताल में नहाने चले गए। बताया जा रहा है कि नहाने के बाद फिर से सभी ने खूब शराब पी।

›नहीं उठे दोस्त P08

## रुपये जमा करने के नाम पर 1.84 लाख की ठगी

गोरखपुर। कोतवाली इलाके के बैंक रोड स्थित एचडीएफसी बैंक में रुपया जमा करने गए प्राइवेट कंपनी के कर्मचारियों वीरेंद्र उपाध्याय व लक्ष्य कसौधन से 1.84 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

S

# आती रही वीवीपैट व ईवीएम में खराबी की शिकायत

**देवरिया(एसएनबी)।** सातवें व अंतिम चरण में शनिवार को जिले में लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान के दौरान पूरे दिन कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में वीवीपैट और ईवीएम में खराबी की शिकायत आती रही। इसके अलावा कुछ स्थानों पर हल्की झड़प एवं एक स्थान पर बूथ कैप्चरिंग की शिकायत भी मिली। बूथ कैप्चरिंग की शिकायत पर पहुंचे अधिकारियों को यह शिकायत झूठी मिली।

शनिवार को प्रातः 7 बजे मतदान शुरू होते ही कंट्रोल रूम में जगह जगह से वीवीपैट व ईवीएम खराब होने की शिकायतें मिलने लगी, जिसे अधिकारियों ने इंजीनियर के साथ पहुंचकर ठीक कराया। हालांकि इसके चलते कई बूथों पर मतदान थोड़े देर के लिए प्रभावित हुआ। रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 20 प्रा. वि. एकौना का वीवीपैट माक पोल के समय ही खराब हो गया, जिसे बाद में ठीक किया गया। इसी प्रकार देवरिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 128 के ईवीएम के खराब होने की शिकायत मिली, जिसे ठीक कराया गया। भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 239 का ईवीएम माक पोल के समय ही खराब हो गया। जिससे यहां थोड़ी देर के लिए मतदान बाधित हुआ। बाद में ईवीएम ठीक होने के बाद मतदान पुनः प्रारम्भ हुआ। बरहज विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 115 व116 का ईवीएम भी खराब होने के चलते यहां थोड़ी देर के लिए मतदान बाधित रहा। बरहज विधानसभा क्षेत्र के ही बूथ संख्या 288 पर 91 वोट पड़ने के बाद वीवीपैट से पर्ची निकलना बंद हो गया, जिससे कुछ देर के लिए मतदान यहा प्रभाािवत रहा। भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 231 पर बीएलओ एवं फोर्स के बीच झड़प हुई। सेक्टर मजिस्ट्रेट के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। देवरिया सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 128 पर बूथ कैप्चरिंग की शिकायत मिली। हालांकि अधिकारियों ने अपनी जांच में यह शिकायत झूठी पायी। उधर सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के बूथ संख्या 327 प्रा. वि. मेहरौना के ईवीएम की बैट्री चार्ज नहीं थी। इस वजह से मतदान एक घंटा 10 मिनट विलम्ब से शुरू हुआ।

# लेखा समाधान बैठक की कर लें तैयारी : व्यय प्रेक्षक

**देवरिया(एसएनबी)।** व्यय प्रेक्षक ने शनिवार को सहायक व्यय प्रेक्षक और लेखा टीम के साथ एक बैठक की। बैठक में उन्होंने छाया रजिस्टर की जांच की और कमियों को दूर करने का संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने यह भी कहा कि लेखा समाधान बैठक जो परिणाम के 26वें दिन आयोजित की जानी है उसकी तैयारी भी कर लें और सभी एजेंटों से संपर्क करके उनके लेखा पंजी की जांच करें और कोई कमी है तो उसको ठीक करा लें।

# राजकीय बाल गृह से तीन किशोर फरार

**देवरिया (एसएनबी)।** कोतवाली रोड स्थित राजकीय बाल गृह से शनिवार की सुबह तीन किशोर बाउंड्री फांदकर फरार हो गए। इसकी जानकारी होते ही बाल गृह में हड़कम्प मच गया। वहां के कर्मचारियों ने बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन सहित शहर के विभिन्न जगहों पर तीनों किशोरों की तलाश की लेकिन देर शाम तक उनका कहीं पता नहीं चल सका था। एक किशोर सिर्फ बनियान पहना था जबकि दो ने कुछ कपड़े पहने हुए थे। एक राजकीय इंटर कालेज में 10वीं का जबकि दो अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालय में सातवीं व आठवीं के छात्र हैं। राजकीय बाल गृह के अधीक्षक ने इस घटना की जानकारी बाल संरक्षण अधिकारी को दी है। तीनों की तलाश चाइल्ड हेल्प लाइन एवं पुलिस के सहयोग से किया जा रहा है।

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए डीएम-एसपी ने जताया आभार

**देवरिया(एसएनबी)।** लोक सभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने देवरिया जनपद के मतदाताओं के प्रति आभार जताया है।

# शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न हुआ मतदान

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खंड में लोकसभा का चुनाव शान्तिमय व सकुशल संपन्न हुआ। कही से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली न ही पुलिस की गाड़ियो का काफिला दिखाई दिया। मतदाता मतदान कर पोलिंग बुथ से घर वापस गये साथ ही मतदान करने के बाद भी मतदाता अपनी चुप्पी नही तोडी । जिससे दलो के कार्यकर्ता अपने अपने पक्ष मे मतदान करने की बात करते रहे । कुल मिलाकर मतदान जातियता के आधार पर ही मतदान करने की बात सामने उभर कर आयी है । इसका खुलासा तो मतगणना के बाद ही हो पायेगा लेकिन चुनाव के बाद अटकलो का बाजार गर्म हो गया है।

हालांकि मौसम का मिजाज देखते हुए मतदाताओं ने दिन के पहले पहर में ही अधिक से अधिक मतदान कर लिया। शेष मतदाता दोपहर बाद बूथों की ओर नजर आए। इसके पहले बलुआ अफगान में बने 6 बूथों पर दिन भर मतदाताओं की भीड़ देखने को मिली। लोक सभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

भटनी नगर के सुभाष इंटरमीडिएट कलेज में बने बूथों पर महिला तथा पुरुष दोनों तरह के मतदाताओ की भीड़ देखने को मिली। सभी अपने हाथ में एक पहचान पत्र लेकर अपने बारी की प्रतीक्षा करते नजर आए। विकास खंड के बेलवा बाबू स्थित प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखी गई।

यहां दिन के पहले पहर में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का अनुपात ज्यादे रहा। ऐसे ही बूथ संख्या 343 देवघाट, बूथ संख्या 366, 367, 368 नोनापार, बूथ संख्या 355 चंदौली, बूथ संख्या 350, 351, 352, 353, 354 भरहे चौरा, बूथ संख्या 348 कुरमौटा, बूथ संख्या 324 गवनरिया, बूथ संख्या 356,357 बेहराडाबर, बूथ संख्या 290,291 मिश्रौली दीक्षित, बूथ संख्या 19 खिरिया, बूथ संख्या 281, 282 रामपुर, बूथ संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6 बलुआ अफगान, बूथ संख्या 276, 277 खोरीबारी, बूथ संख्या 271,272 सल्लहपुर और बूथ संख्या 268 प्राथमिक विद्यालय पुरना छापर सहित विकास खंड में बने सभी बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ।

बलुआ अफगान में बने सभी 6 बूथों पर दिन भर मतदाताओं की भीड़ लगी रही है। सभी बूथों पर वैसे तो दिन भर मतदान चलता रहा लेकिन सबसे ज्यादा भीड़ सुबह और दोपहर बाद देखने को मिला जहां मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर सात प्रत्याशियों के भाग्य को ईवीएम मशीन में बंद हो गया है।

लगाया।

## दिव्यांग ने स्ट्रेचर के सहारे किया मतदान

**लार(एसएनबी)।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर सभी वोटर अपने अपने तरीके से मतदान में हिस्सा लिए। कोई बुजुर्ग तो कोई विकलांग ने भी मतदान किया। वही लार के घारी वार्ड निवासी रिंकू शर्मा जो पैर से विकलांग है। इन्होंने लार के प्राथमिक विद्यालय पर स्ट्रेचर के सहारे मतदान किया। रिंकू शर्मा लार के बाईपास पर स्टेट बैंक का सीएसपी चलाते है। इन्होंने ने भी लोकतंत्र के पर्व में हिस्सा लिया।



## शांतिपूर्ण ढंग से निपटा चुनाव

**भाटपार रानी (एसएनबी)।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व शुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए कटिबद्ध जिला प्रशासन ने सलेमपुर लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत भाटपाररानी विधान सभा क्षेत्र की तकरीबन 23 किलोमीटर लम्बी विहार सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी के लिए दर्जनों टीमों के अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों की तैनाती की गयी थी। मिली जानकारी के अनुसार भाटपाररानी विधान सभा क्षेत्र के बलुआ अफगान, चखनी घाट, कुकुरघांटी, भिंगारी बाजार, भवानी छापर, हाता बंकुल, प्रतापपुर, रामपुर बुजुर्ग, अकटही, सोहगरा तक के सीमावर्ती क्षेत्रों में फ्लाइंग टीम सुरक्षा व्यवस्था का पूरे दिन जायजा लेती रही। सायं 6 बजे सकुशल शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर उडनदस्ता टीमों ने राहत की सांस ली।

## मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतिम सातवें चरण में मतदान केन्द्रों पर बनें बूथों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। प्रत्येक बूथों पर एसएसआई, पीएसी, पुलिस के पुरुष व महिला आरक्षी के साथ-साथ होमगार्ड के जवान तैनात किये गये थे। वहीं नगर एवं क्षेत्र के बर्नविल बूथों पर अर्धसैनिक बल के जवानों सहित पुलिस, पीएसी व होमगार्ड के जवान तैनात किये गये थे।

# एफएसटी प्रभारी और दरोगा समेत तीन घायल

देवरिया/रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान टीम। चुनाव ड्यूटी से वापस लौट रही फ्लाइंग स्क्वायड टीम शनिवार की भोर में सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में फ्लाइंग स्क्वायड टीम के प्रभारी और दरोगा समेत तीन लोग घायल हो गए। एफएसटी प्रभारी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया है, जबकि बाकी घायलों को जिला अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

रामपुर कारखाना के बीईओ और गोरखपुर के मूल निवासी उपेंद्र भारती को लोकसभा चुनाव के लिए रात्रिकालीन फ्लाइंग स्क्वायड टीम का प्रभारी नियुक्त किया गया था। शनिवार की भोर में करीब तीन बजे फ्लाइंग स्क्वायड प्रभारी क्षेत्र में निकले हुए थे। वह देवरिया सलेमपुर मार्ग पर सोंदा स्थित सनबीम स्कूल के समीप ही पहुंचे थे कि पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिससे उनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से भिड़ गई। गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और बीईओ उपेन्द्र भारती, एसआई विरेन्द्र राय निवासी थाना खैरीघाट क्षेत्र, जिला बहराइच समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से बीईओ की स्थिति गंभीर देख उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया।

# मॉकपोल का वीडियो वायरल, केस दर्ज

रुद्रपुर। शनिवार को लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए मॉकपोल हुआ। जिसका एक पार्टी के एक एजेंट ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी एजेंट को दबोच लिया। उसके खिलाफ 171 एफ आईपीसी व 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट की तहरीर पर यह कार्रवाई हुई है।

डॉ.अभिषेक आनन्द ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 67 बांसगांव लोकसभा क्षेत्र 336 विधान सभा क्षेत्र के बूथ संख्या 255 उच्च प्राथमिक विद्यालय कृतपुरा के वह सेक्टर मजिस्ट्रेट हैं। शनिवार की सुबह मॉकपोल किया जा रहा था। जिसमें सभी पार्टी के एजेंट मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया है कि मॉकपोल के समय एक पार्टी के एक एजेंट ने मॉकपोल का विडियो व फोटो एवं व्रीवी पैट का फोटो मोबाइल में लेकर वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी एजेंट कृतपुरा गांव के रहने वाले बृजेश पासवान पुत्र हरीलाल पासवान को दबोच लिया।

# आरोप-प्रत्यारोप का चला दौर, लखनऊ से होती रहीं शिकायतें, दौड़ते रहे अफसर

पवन कुमार मिश्र • जागरण

देवरियाः भाजपा व आइएनडीआइए के बीच मतदान के दिन भी आरोप-प्रत्यारोप व शह-मात का खेल खूब चला। भाजपा की तरफ से प्रदेश सह संयोजक जेपीएस राठौर ने इसकी कमान संभाली थी तो आइएनडीआइ गठबंधन की तरफ से सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश महासचिव अजीत कुमार मिश्र व प्रदेश उपाध्यक्ष मो.अनीस खान को जिम्मेदारी मिली थी। मतदान में धांधली, बूथ कैप्चरिंग, ईवीएम में खराबी समेत अन्य शिकायतों का दौर सुबह से लेकर शाम छह बजे तक चला।

कलेक्ट्रेट के कंट्रोल रूम में ईमेल के जरिये कुल 33 शिकायतें प्राप्त हुईं। जांच में अधिकतर शिकायतें झूठी निकलीं। जिसकी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी तो तत्काल भेजी गई। एक्स के जरिये कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिला निर्वाचन अधिकारी की तरफ से जांच कराई गई तो एक दो मामलों को छोड़ दें तो सभी शिकायतें गलत निकलीं। जिसके बारे में एक्स हैंडल पर ही अवगत कराया गया। भाजपा की तरफ से बैतालपुर के बरडीहा बूथ पर तैनात बीएलओ संतोष कुमार की शिकायत की गई। आरोप था कि वह भाजपा के मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। महुआबारी बूथ व सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 237 व 238 पर मुस्लिम महिलाओं के फर्जी वोट डालने की शिकायत दर्ज कराई गई। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट पहुंचे। भाजपा के जेपीएस राठौर ने सदर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खैरा बनुआ-2 पर तैनात उप निरीक्षक पर भाजपा मतदाताओं को रोकने की शिकायत की। उन्होंने रामपुर कारखाना के प्राथमिक विद्यालय उदयपुरा के बूथ संख्या 136 के पीठासीन अधिकारी पर सबसे ऊपर का बटन दबाने के लिए कहने की शिकायत भी की। जेपीएस राठौर की तरफ से 25 शिकायतें प्राप्त हुईं। दूसरी तरफ सपा की तरफ से बांसगांव के रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 143 व बरहज के बूथ संख्या 17, देवरिया संसदीय सीट के रामपुर कारखाना के बूथ संख्या 278, 178, 98, 153 पर धीमी गति से मतदान होने, बरहज के बूथ संख्या 108 पर ईवीएम खराब होने की शिकायत की।

For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

Healthcare
iring
ur, Hajipur
arby Hanuman
d, Gorakhpur
rements

**आवश्यकता** है-अनुभवी डाक्टर, कम्पाउंडर, नर्स, पीआरओ, आई.सी.यू./ एक्स-रे टेक्निशियन, सेल्समैन, आयुष्मान कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर, मेहनती लड़के, वार्ड बॉय, गार्ड, दाई की, वरदायिनी हॉस्पिटल, तारा मण्डल रोड, गोरखपुर।

# इंटरनेट मीडिया पर वीवीपैट की फोटो किया प्रसारित, गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, रुद्रपुर : लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह से सख्ती रही। बावजूद इसके रुद्रपुर के कृतपुरा मतदान केंद्र में एक युवक मोबाइल लेकर घुस गया और मतदान करने के बाद इंटरनेट मीडिया पर उसे प्रसारित कर दिया। इसकी भनक लगते ही महकमे में खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे एसडीएम रत्नेश तिवारी ने उसे हिरासत में लेने का आदेश दिया। देर शाम पुलिस ने सेक्टर मजिस्ट्रेट की तहरीर पर संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वोटर वैरिफाइड पेपर आडिट ट्रेल यानी वीवीपैट आदि कड़ी सुरक्षा में रखे जाते हैं। तीन दिन पहले पुलिस लाइन में हुई बैठक में पुलिस प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पुलिस कर्मियों को यह निर्देश दिया था कि कोई भी मोबाइल अंदर नहीं जाना चाहिए।

# सोपरी बुजुर्ग में बूथ कैप्चरिंग की फैली अफवाह से चुनाव आयोग के उड़े होश

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया/बैतालपुर। देवरिया लोकसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 128 सोपरी बुजुर्ग में बूथ कैप्चरिंग की अफवाह से जिला प्रशासन के साथ भाजपा व इंडिया गठबंधन और उनके प्रतिद्वंद्वी दल सकते में आ गए।

इसकी सूचना पूर्व सीएम अखिलेश यादव के पास पहुंची तो सपा के ट्विटर हैण्डल पर ट्वीट में इसका जिक्र कर निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग ने अफवाह को और गर्म कर दिया। इसके बाद ताबड़तोड़ प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन सोपरी बुजुर्ग के बूथ पर पहुंच गए। जांच की तो कैप्चरिंग का मामला अफवाह निकला।

बता दें कि सातवें चरण के मतदान को अभी दो घंटे ही गुजरे थे कि अचानक किसी ने फोन से सोपरी बुजुर्ग गांव के बूथ संख्या 127 व 128 पर भाजपा समर्थकों पर बूथ कैप्चरिंग करने की शिकायत दर्ज करा दी। यह सूचना देश-प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंच गई।

जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने अधिकारियों की टीम सोपरी बुजुर्ग की तरफ दौड़ा दी। वह सोपरी गांव की पल-पल की खबर लेते रहे।



सपा का ट्वीट और कैप्चरिंग की सूचना पर जांच के लिए पहुंचे अधिकारी। संवाद

# मतदान में देवरिया आगे, सलेमपुर पीछे

## मतदान के लिए गई बुजुर्ग महिला की बिगड़ी तबीयत, उपचार के दौरान मृत्यु

- चुनाव ड्यूटी के दौरान दो होमगार्ड समेत तीन की तबीयत बिगड़ी
- बुलंदशहर के होमगार्ड मनोज कुमार की तबीयत रात से ही खराब थी



भगवानपुर चौबे मतदान केंद्र पर मतदान के लिए लाइन में खड़ीं महिलाएं • जागरण



रुद्रपुर ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में मतदान के लिए लाइन में मतदाता • जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: देवरिया व सलेमपुर संसदीय सीट के लिए शनिवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हो गया। देवरिया के सात व सलेमपुर के नौ प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद गया। फैसला चार जून को आएगा। भीषण गर्मी के बीच देवरिया में 55.30 प्रतिशत व सलेमपुर में 51.25 प्रतिशत वोट पड़े व प्रथम श्रेणी से चूक गए।

2019 के चुनाव की तुलना में देवरिया में 2.58 प्रतिशत व सलेमपुर में 4.08 प्रतिशत कम वोट पड़े। 2019 में देवरिया में 57.88 प्रतिशत व सलेमपुर में 55.33 प्रतिशत वोट पड़े थे। मतदान के लिए बूथ पर गई बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई। ड्यूटी पर तैनात दो होमगार्ड समेत तीन के बेहोश होने की खबर है। देवरिया संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि, आइएनडीआइए के कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह व बसपा प्रत्याशी संदेश यादव समेत सात चुनाव मैदान में हैं। सलेमपुर से भाजपा प्रत्याशी रविंदर कुशवाहा, आइएनडीआइए के सपा प्रत्याशी रमाशंकर विद्यार्थी, बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर समेत नौ चुनाव लड़ रहे हैं। सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। सुबह से लेकर दोपहर तक कई बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई। जिसके चलते मतदान का ग्राफ तेजी से बढ़ा। दोपहर बाद मतदाताओं की संख्या में कमी आती गई। भलुअनी के शहीद रामपाल सिंह वार्ड नंबर नौ के बूथ संख्या 164 पर पोलिंग एजेंट की शिकायत पर पीठासीन अधिकारी को बदला गया। मतदान करने गई एकौना के पांडेय माझा गांव की बुजुर्ग महिला सोनवरसी देवी पत्नी धर्मदेव यादव की तबीयत बिगड़ गई। स्वजन एंबुलेंस से उन्हें लेकर सीएचसी रुद्रपुर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। करौंदी बाजार के ऋषिराज देवरहा बाबा उच्च प्राथमिक विद्यालय सरौरा मतदान केंद्र के बूथ संख्या 211 पर तैनात कर्मचारी आशीष दुबे की तबीयत बिगड़ गई। वह बेहोश हो गए। उपचार के बाद तबीयत में सुधार हुआ। भलुअनी के खजुरी भट्ट के बूथ संख्या 55 पर तैनात बुलंदशहर जिले के रहने वाले होमगार्ड योगेश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बेहोशी की हालत में महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। भाटपाररानी के बनकटा मिश्र बूथ पर तैनात बुलंदशहर के होमगार्ड मनोज कुमार की तबीयत शुक्रवार की रात से ही खराब थी। वह अचानक ड्यूटी के दौरान गिर पड़े। कमिश्नर अनिल ढींगरा व आनंद कुलकर्णी, डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा ने बूथों का निरीक्षण किया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

रुचि प्रकटन

(EXPRESSION OF INTEREST)

ई०ओ०आई० सूचना संख्या–2024/मेड/245/1/उपचार सुविधा/स्वास्थ्य केन्द्र दिनांक 31.05.2024 मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे मण्डलीय चिकित्सालय, बादशाहनगर, लखनऊ कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से लखनऊ मण्डल के स्वास्थ्य केन्द्र नानपारा, मैलानी, आनन्दनगर, बस्ती एवं सीतापुर के कार्य क्षेत्र में आने वाले मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल या एकल स्पेशिलिटी हॉस्पिटल जैसे ऑर्थोपेडिक्स, ईएनटी, गाइनी,

# 2514 बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, सुरक्षा रही चाक-चौबंद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों के 2514 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक चला। मतदान के लिए सुबह से लोगों का घरों से निकलना शुरू हो गया, जो सुबह 11 बजे तक लगातार जारी रहा। इसके बाद अधिकतर बूथों पर सन्नाटा देखने को मिला। दोपहर तीन बजे के बाद लोगों ने एक बार फिर बूथों की तरफ रूख किया।

जिले में सात विधानसभा क्षेत्रों में देवरिया सदर, रामपुर कारखाना व पथरदेवा, देवरिया संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं। बरहज व रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र बांसगांव संसदीय क्षेत्र में आता है, जबकि सलेमपुर व भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। जिले के मतदाता तीन लोकसभा क्षेत्र से जुड़े हैं।

**23 लाख 85 हजार 181 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला :** जिले में 23 लाख 85 हजार 181 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 12 लाख 50 हजार 424 और महिला मतदाताओं की संख्या 11 लाख 34 हजार 670 हैं। 87 मतदाता थर्ड जेंडर के हैं। जिले में 1575 मतदान केंद्रों पर 2514 बूथ बनाए गए थे। क्रिटिकल श्रेणी में 209 मतदान केंद्रों के 420 बूथ थे, जहां सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। पैरामिलिट्री के जवानों के साथ पुलिस के जवान तैनात मिले। संवेदनशील बूथों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही थी।

## *1322 बूथों की जा रही वेबकास्टिंग*

*जिले के 1322 बूथों की वेबकास्टिंग की जा रही थी। साथ ही जिले में सात पिंक बूथ बनाएं गए थे। जिले के प्राथमिक विद्यालय रुद्रपुर, शहर के होली एंजेल पब्लिक स्कूल सीसी रोड देवरिया, आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय, तरकुलवा, प्राथमिक विद्यालय सिरसिया, मदन मोहन मालवीय डिग्री कालेज भाटपाररानी, बापू इंटर कालेज सलेमपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय खजुरी बरहज शमिल थे। पिंक बूथ को गेट से लेकर अंदर तक गुब्बारों से सजाया गया था। जहां महिलाकर्मी मुस्तैद दिखीं।*

# होमगार्ड को आया चक्कर, भर्ती

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा मिश्र में मतदेय स्थल पर शनिवार को लोकसभा चुनाव ड्यूटी में आए होमगार्ड की तबीयत खराब हो गई। पुलिस कर्मी उसे तत्काल भाटपाररानी अस्पताल ले आए और भर्ती कराए।

मनोज कुमार शर्मा (52) पुत्र जय सिंह शर्मा निवासी बुलंदशहर की भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के बनकटा मिश्र मतदेय स्थल पर चुनाव में ड्यूटी लगी थी। दोपहर में उन्हें चक्कर आ गया और वह वहीं बैठ गए। यह देख पुलिस कर्मी भाटपाररानी अस्पताल में भर्ती कराए। यहां इलाज चल रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. इमाम हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि गर्मी के चलते होमगार्ड को चक्कर आ गया था। बीपी लो हो गया था। इलाज चल रहा है। ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। संवाद

# सपा नेता हिरासत में

रुद्रपुर। कृतपुरा बूथ पर मतदान के दौरान एक सपा नेता ने फेसबुक पर प्रत्याशी को मतदान करने के दौरान का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी किसी ने शिकायत निर्वाचन कार्यालय में की। पुलिस हिरासत में लेकर आरोपी से पूछताछ कर रही है। संवाद

## रिसीविंग सेंटर और स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने के लिए कतारबद्ध दिखीं पोलिंग पार्टियां

**देवरिया।** मतदान समाप्ति के बाद शनिवार की देर शाम तक इवीएम जमा करने के लिए रिसीविंग सेंटर और स्ट्रांग रूम में कतार लगी रही, जो देर रात तक चलती रही। देवरिया लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्र से शिल्ड ईवीएम कसया बाईपास रोड स्थित डीएसएसएस में जमा हो रही थी। सलेमपुर लोकसभा की दो विधानसभा भाटपार रानी, सलेमपुर एवं बांसगांव लोकसभा के रुद्रपुर व बरहज की ईवीएम शहर के उग्रसेन इंटर कॉलेज में जमा करने के लिए पीठासीन पदाधिकारी और सुरक्षाबलों के जवान लगे हुए थे। ईवीएम जमा करने के दौरान जाम की स्थिति बन पड़ी। जिससे अन्य स्थानों पर गाड़ियां जाम में फंसी रहीं। स्थानीय थाने की पुलिस, यातायात पुलिस भी जाम हटाने को लेकर जद्दोजहद करते दिखाई दी। दोनों केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। ईवीएम को रिसीविंग सेंटर और स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई हैं। कॉलेज परिसर को केंद्रीय सुरक्षा बल को तैनात किया गया है। हरेक गतिविधियों पर नजर रखे जाने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। संवाद

**शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज व डीएसएसएस में वाहनों की लगी रहीं कतारें**

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

# अफसरों ने सपरिवार किया मतदान





परिवार संग मतदान कर बाहर निकलने के बाद अमिट स्याही दिखाते डीएम उमेश मिश्रा और एसपी धवल जायसवाल। (दाएं) वोट देने की लाइन में लगीं सीडीओ गुंजन द्विवेदी।

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में मतदान करने के अधिकार के महत्व को लेकर डीएम, एसपी अपने पूरे परिवार के साथ सुबह सात बजे ही जिला मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय बेलवा मिश्र के मतदान केंद्र पर पहुंच गये।

उन्होंने पहले मतदान कर लोगों को भी जागरुक किया। कुशीनगर लोकसभा में मतदाता सूची में कई आधिकारी अपना नाम दर्ज कराये हैं। शनिवार को डीएम उमेश मिश्रा अपने पत्नी व दो बेटियों को लेकर मतदान करने के लिये सुबह ही बूथ पर पहुंच गये।

उन्होंने पत्नी व दोनों बेटियों के साथ मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व को मनाया। वहीं एसपी धवल जायसवाल भी अपने पत्नी के साथ बूथ पर पहुंच मतदान किये। सीडीओ गुंजन द्विवेदी मतदान केंद्र पर पहुंची, तो कुछ भीड़ होने पर वह महिलाओं के साथ लाईन में लग गयीं। अपनी बारी आने के बाद मतदान किया। इनके अलावा एडीएम वैभव मिश्रा का भी नाम इसी बूथ पर था। करीब 7. 30 पर उन्होंने भी मतदान किया।

# एडीजी ने हाटा पहुंच लिया मतदान का जायजा

हाटा। शनिवार को दोपहर में नगर के मॉडल मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय पर आधा दर्जन से अधिक बने बूथों का जायजा लेने पहुंचे गोरखपुर जोन के एडीजी डॉ केएस प्रतापकुमार ने सब कुछ ठीक ठाक पाया। मतदान की रफ्तार दोपहर में कड़ी धूप के चलते कम दिखी। उन्होंने तहसीलदार हाटा नरेंद्र राम, सीओ कसया कुंदन सिंह, कोतवाल राजप्रकाश सिंह सिंह से गुफ्तगू कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद गोरखपुर लौट गए।

# एसओ ने सपा एजेंट को बूथ से निकाला

**सेवरही।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनरहां पूरब पट्टी में स्थित बूथ संख्या 86 पर सपा के बूथ अध्यक्ष अमित सिंह व मोहन यादव के साथ थानाध्यक्ष सेवरही द्वारा अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने व बूथ से बाहर करने का मामला तूल पकड़ लिया है। समाजवादी पार्टी के अधिकृत ट्विटर एकाउंट से मामले की जांच व कार्रवाई की मांग चुनाव आयोग से की गई है। सपा के ट्विटर एकाउंट से घटना पोस्ट होने व चुनाव आयोग के संज्ञान लेने के बाद स्थानीय प्रशासन में हड़कंप की स्थिति है। घटना की जानकारी बूथ अध्यक्ष ने सपा के अन्य नेताओं को दी। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी जिलाध्यक्ष व प्रदेश नेतृत्व को देकर फर्जी मतदान की आशंका जताई। घटना चुनाव आयोग के संज्ञान में आने के बाद बैकफुट पर आए थानाध्यक्ष ने दोनों बूथ अध्यक्ष को फिर बूथ पर पहुंचाया।

# पूरे दिन भ्रमण करते रहे डीएम व एसपी

मतदान को लेकर पूरे दिन डीएम व एसपी जिले भर में भ्रमणशील रहे। सुबह अधिकारियों ने स्ट्रांग रुम का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारी शहर के विभिन्न बूथों पर मतदान का हाल जानते हुए जिला मुख्यालय पहुंचे। बेलवा मिश्र बूथ पर परिवार के साथ मतदान किया। इसके बाद फिर दोनों अधिकारी विभिन्न बूथों का निरीक्षण करने निकल गए। शाम को जहां भी लाइन लगी थी, वहां की जानकारी लेते हुए अफसरों ने निर्देश दिया कि लाइन में लगे सभी मतदाताओं के वोट डलवाने के बाद मतदान बंद किया जाए।

# जज्बे को सलाम



लीलाधर छपरा में मतदान करने पहुंचीं बुजुर्ग महिला को सहारा देकर वोट दिलवाने ले जाते पुलिसकर्मी।

## बूथों पर बुजुर्गों का सहारा बने पुलिसकर्मी

**पिपरा बाजार।** पडरौना विधानसभा के लीलाधर छपरा में मतदान केंद्र पर पुलिसकर्मी एक 100 वर्षीय महिला को बूथ के गेट से ले जाकर वोट डलवाने ले गए। वोट डालने के बाद उसे वापस उसके गंतव्य तक पहुंचाया। ग्रामीण भी इसकी सराहना कर रहे हैं। लीलाधर छपरा में बुजुर्ग वोटर मासूमा खातून उम्र लगभग 100 वर्षीय को सड़क पर एक छोटे बच्चे के साथ वोट डालने के लिए आते हुए देखा।

## केंद्रों पर वालंटियर ने संभाला मोर्चा

कुशीनगर जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और दिव्यांग तथा वृद्ध मतदाताओं को उनके बूथ पर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्काउट गाइड के वॉलंटियरों ने शनिवार को सेवा भाव के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजियावन मौर्य के निर्देशन में पडरौना नगर के पोलिंग बूथ पर स्काउट गाइड के सदस्य वॉलंटियर के रूप में सुबह से लेकर शाम तक उपस्थित रहे।



पडरौना शहर के एक मतदान केंद्र पर बुजुर्ग मतदाता को व्हील चेयर पर बैठाकर बूथ पर ले जाता स्काउट गाइड का वालंटियर।



शहर के उदित नारायण डिग्री कॉलेज में बने बूथ पर मतदान कर बाहर निकलते बीमार बुजुर्ग।



मकुही राज के मोरवन बूथ संख्या 225 पर व्हील चेयर पर मतदाता ठग बारी को वोट देने के लिए लें जाते कर्मचारी।

# बीएलओ की लापरवाही, वोट देने से वंचित हुए कई वोटर

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण में एक तरफ तो जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में था, उन्होंने अपने मनपसंद सांसद प्रत्याशी को वोट किया, लेकिन ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं थी, जो मतदान करने से वंचित रह गए। पडरौना शहर के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक ने अपना वीडियो वायरल कर मतदान से वंचित किए जाने का आरोप लगाया।

उन्होंने इसकी जांच कराकर जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की। यह चिकित्सक को उदाहरण हैं, ऐसे अनेंक लोग संबंधित बीएलओ की लापरवाही के कारण मतदान करने से वंचित रह गए। इन लोगों ने कहा कि जिसकी भी लापरवाही से वे अपने मौलिक अधिकार से वंचित हुए हैं, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पडरौना के प्रतिष्ठित चिकित्सक संदीप अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि वह 18 साल की उम्र से ही हर चुनाव में मतदान करते आए हैं, लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने पडरौना के उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज में बने बूथ पर पहुंचे तो मतदाता सूची में नाम न होने के कारण मतदान करने से वंचित कर दिया गया। डॉ संदीप ने बताया कि जब इस बारे में संबंधित बीएलओ से पूछे तो उनका जवाब भी संतोषजनक नहीं था। उन्होंने खुद वीडियो वायरल कर इस मामले की जांच कराकर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की। पडरौना के उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज और पीजी कॉलेज में बने बूथ पर मिले शिवाला मंदिर के निकट के रहने वाले प्रिंस मद्धेशिया व दीपक मद्धेशिया, बेलवा चुंगी के अनुराग मिश्रा सहित कई मतदाता ऐसे मिले, जिनका कहना था कि इसके पूर्व के चुनावों में मतदान किए थे, लेकिन इस बार बीएलओ की लापरवाहीसे सूची से नाम गायब है।

# कुशीनगर एयरपोर्ट पर नेपाल के विमान की सफल लैंडिंग

कसया (कुशीनगर), हिसं। कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उद्घाटन के बाद शनिवार को तीसरी बार अंतर्राष्ट्रीय विमान उतरा। नेपाल के काठमांडू से आए विमान की सफलता पूर्वक लैंडिंग हुई। इस विमान में प्रसिद्ध कथा वाचक मोरारी बापू के अलावा चार अन्य यात्री थे। यहां से बापू हेलीकॉप्टर से वाल्मीकिनगर (बिहार) के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया विमान ने बताया कि विमान उतरने के दौरान सभी इंटरनेशनल मानकों को पूरा किया गया। उसके बाद पुनः विमान नेपाल के लिए रवाना हो गया।

नेपाल के काठमांडू एयरपोर्ट से विमान संख्या वीटी एआरएफ दोपहर एक बजकर 29 मिनट पर उतरा। कस्टम, इमिग्रेशन, एयरपोर्ट हेल्थ आर्गनाईजेशन के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने लगकर फ्लाइट क्लियर कराया जिसके बाद विमान एयरपोर्ट पर उतरा। विमान में प्रसिद्ध कथा वाचक मोरारी बापू के अलावा चार और यात्री थे। सभी यात्रियों को उन सभी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा जो इंटरनेशन मानक के लिए जरूरी हैं। विमान से उतरने के बाद बापू हेलीकॉप्टर से वाल्मीकिनगर के लिए दो अन्य लोगों के साथ रवाना हो गए। यह हेलीकाप्टर पटना एयरपोर्ट से बापू के आने से पूर्व ही पहुंच गया था। विमान उतरने के पूर्व सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कर दी गई थी। एयरपोर्ट व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। नेपाल से कुशीनगर एयरपोर्ट पर पहली बार कोई विमान उतरा था।

### कड़ी सुरक्षा के बीच देर रात तक ईवीएम, वीवीपैट और स्टेशनरी जमा करने के लिए जद्दोजहद करते रहे मतदानकार्मिक

# ईवीएम में प्रत्याशियों के भाग्य कैद, 4 को होगा फैसला

**पडरौना, निज संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में ताल ठोक रहे सातवें व अंतिम चरण के प्रत्याशियों का भाग्य भी शनिवार को ईवीएम में बंद हो गया। सभी ईवीएम पडरौना के उदित नारायण पीजी कॉलेज और इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गईं। मतदानकार्मिक देर रात तक ईवीएम जमा करने के लिए परेशान रहे। कुशीनगर लोकसभा सीट से कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनकी मतगणना 04 जून को होगी।

कुशीनगर लोकसभा सीट पर इस बार के चुनाव में भाजपा से विजय कुमार दुबे, इंडिया गठबंधन से सपा उम्मीदवार अजय प्रताप उर्फ पिंटू सिंह सैंथवार, बसपा से शुभनारायण चौहान, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के अलावा रामचंद्र सिंह, वेदप्रकाश मिश्र सहित कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। चुनाव का बिगुल बजने के बाद से ही प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में जुट गए थे। नामांकन पत्र दाखिल कर देने के बाद इनका चुनाव प्रचार तेज हो गया था। शनिवार को कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने अपने पसंदीदा प्रत्याशी के नाम और चुनाव चिह्न के आगे ईवीएम का बटन दबाकर चुनाव किया। शाम छह बजे के बाद मतदान संपन्न होने पर कार्मिक ईवीएम, वीवीपैट, स्टेशनरी आदि लेकर पडरौना के उदित नारायण पीजी कॉलेज और इंटर कॉलेज में पहुंचे, जहां स्ट्रांग रूम बना है। वहां भीड़ के चलते उन्हें सामग्री जमा करने में धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। देर रात तक ईवीएम जमा करने का सिलसिला चलता रहा। सभी ईवीएम कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई हैं। अब ये ईवीएम चार जून को मतगणना के दिन खुलेंगी। डीएम उमेश मिश्रा और एसपी धवल जायसवाल ने शनिवार की देर शाम पहुंचकर मतपेटियों के रखरखाव और उनकी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षाकर्मियों को ताकीद किया कि ईवीएम की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। अन्यथा की स्थिति में जवाबदेही संबंधित लोगों की होगी। इस दौरान एडीएम वैभव मिश्रा और एएसपी रितेश कुमार सिंह रहे।



शनिवार की देर शाम को उदित नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करते पीठासीन अधिकारी।

**कुशीनगर लोकसभा चुनाव में विधानसभावार मतदान**

| विधानसभा | 9 बजे प्रतिशत | 11 बजे | 1 बजे | 3 बजे | 5 बजे | फाइनल मतदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खड्डा | 3.70 | 28 | 39 | 50 | 58.79 | 60 |
| पडरौना | 27.39 | 27.39 | 39.27 | 49.23 | 56.46 | 57 |
| कुशीनगर | 28.29 | 28.29 | 39.72 | 48.71 | 55.45 | 56 |
| हाटा | 28.62 | 28.62 | 40.42 | 46.69 | 55.13 | 56 |
| रामकोला | 28.04 | 28.04 | 40.13 | 43.87 | 54.55 | 55 |
| कुल | 13.5 | 28.05 | 39.72 | 48.48 | 56.04 | 57.29 |

**मतदान कर्मियों को वापस ले जा रही बस सड़क से नीचे उतरी, हादसा बचा** समउर बाजार संवाद के अनुसार आखिरी चरण के मतदान समाप्ति के बाद मतदानकर्मियों को वापस ले जाने वाली बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई, जिससे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। मौके पर जुटे अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों के सहयोग से बस को पुनः सड़क पर लाया गया, जिसके बाद मतदान कर्मी उसमें सवार होकर ईवीएम जमा करने के लिए चले गए। मतदान कर्मियों को लाने व ले जाने के लिए परिवहन निगम की बस बिहार बार्डर पर तमकुहीराज थाना क्षेत्र के बिहार खुर्द के उसरा टोला के समीप गयी हुई थी। मतदान समाप्ति के बाद बस चालक वापस बस को बैक करने लगा लेकिन सड़क शकरा होने के चलते अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत मे चली गयी। इसको लेकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के सहयोग से बस को सड़क पर कराया, जिसके बाद मतदान कर्मी ईवीएम लेकर स्ट्रांग रूम के लिए रवाना हो गए।

# पूर्व प्रधान और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष में मारपीट

**पडरौना, निज संवाददाता।** रविन्द्र नगर थाना क्षेत्र के गांव सोहनरिया में पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान व भाजपा नेता और पूर्व मंडल अध्यक्ष में शनिवार की सुबह जमकर मारपीट हुई। इसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष को गंभीर चोट लगी, वहीं पूर्व प्रधान को हल्की चोट लगी है।

सोहनरिया निवासी व पूर्व ग्राम प्रधान अजीत कुमार दुबे और पूर्व मंडल अध्यक्ष साखोपार चंद्रप्रकाश दुबे में पिछले एक दशक से गंवई राजनीति को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसे लेकर सुबह 9 बजे गांव के एक दुकान के समीप दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। सीओ सदर, अभिषेक प्रताप अजेय ने कहा कि मारपीट की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव में मतदान शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ है।

# कंठीछापरा में दोबारा करना पड़ा मतदान

पडरौना। कंठीछापरा में बूथ संख्या 15 पर 29 लोगों ने दोबारा मतदान किया । इस बूथ पर 29 लोग अपना मतदान कर घर चले गए थे ।

इसके बाद पता चला कि अभी किसी का मत पड़ा नहीं है । ईवीएम मशीन एक भी मत नहीं बता रहा था। इसके बाद आनन फानन में उन सभी लोगों को पुनः बूथ पर बुला कर मतदान कराया गया। इसी प्रकार घूरछपरा के बूथ संख्या 14 पर मतदान ईवीएम में कुछ तकनीकी कमी के कारण 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ ।

## ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण मतदान में हुआ करीब सवा घंटा विलंब

# कतार में लगे वोटरों के हंगामे के बाद सात बजे तक हुआ मतदान

दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद। तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के दनियाड़ी में बने बूथ संख्या-363 पर शनिवार को ईवीएम में तकनीकी खराबी के चलते मतदाता काफी परेशान हुए। मतदान आधा घंटा देर से शुरू हुआ। दिन भर में ईवीएम कई बार खराब हुआ। इस कारण मतदान में विलंब हुआ। शाम 6 बजे मतदानकार्मिकों ने जिस विद्यालय में मतदान केंद्र बना था, उसका गेट अंदर से बंद कर दिया। इसके बाद वोट देने के लिए लाइन में खड़े बहुत से लोग बाहर रह गए। उन लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर सेक्टर मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने पुनः मतदान शुरू कराया। इस तरह शाम 7.15 बजे तक मतदान होता रहा। बहुत से मतदाता कतार में खड़े थे।



पडरौना क्षेत्र के ग्राम गम्भीरिया बुजुर्ग स्थित बूथ पर मतदाता पर्ची दिखाते मतदाता।

दनियाड़ी ग्राम सभा में 363 और 364 दो बूथ बने थे। इसमें सुबह से बूथ संख्या 363 का ईवीएम बार-बार खराब हो जा रहा था। दोपहर में 3.30 बजे तमकुहीराज के एसडीएम ने दूसरी मशीन भेजवाकर मतदान शुरू करा दिया। शाम 6 बजे लगभग 50 लोग वोट देने के लिए कतार में खड़े थे, तभी मतदानकार्मिकों ने गेट बंद करके मतदान बंद कर दिया। लोगों के हंगामा करने पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के मौके पर पहुंचकर मतदान पुनः आरंभ कराने पर लोगों ने हंगामा बंद किया। शाम को 7.30 बजे मतदान बंद हुआ। उस समय तक बूथ संख्या-363 पर कुल 1,371 में से 876 वोट पोल हुए थे, जबकि 364 में 1,797 में से 828 वोट पोल हुए थे। इस संबंध में तमकुहीराज के एसडीएम विकास चंद ने बताया कि मशीन में तकनीकी खराबी के कारण कुछ दिक्कत आई थी। विवाद का कुछ मामला आया था, लेकिन शाम को 7.30 बजे तक सभी का मतदान करा दिया गया।

# पीठासीन अधिकारी की सहायक और उसके पति पर मुकदमा दर्ज

**दुदही, हिन्दुस्तान संवाद।** दुदही क्षेत्र के पंचायत मठिया माफी के टोला डाक नगर स्थित बूथ संख्या 34 पर तैनात पीठासीन अधिकारी द्वारा सहायक पर अपने पति से निर्वाचन कार्य कराए जाने की शिकायत की गई है। मामले में पीठासीन अधिकारी की तहरीर पर विशुनपुरा पुलिस ने सहायक तथा उसके पति पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया है।

लोकसभा देवरिया संसदीय क्षेत्र के दुदही ब्लॉक में ग्राम पंचायत मठिया माफी के डाक नगर स्थित बूथ संख्या 34 पर चंद्रशेखर गिरी पीठासीन अधिकारी के रूप में तैनात थे। इस बूथ पर उनके सहायक के रूप में रंजीता सिंह की तैनाती थी। आरोप है कि रंजीता सिंह निर्वाचन कार्य अपने पति अमित सिंह को मतदान कक्ष में बुलाकर करा रही थी। पीठासीन अधिकारी ने कहा कि यह चुनाव नियमावली तथा नियम विरुद्ध है। उनके मना करने के बावजूद सहायक रंजीता सिंह के ऐसा करने पर पीठासीन अधिकारी ने इसकी लिखित शिकायत की।

पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर विशुनपुरा पुलिस ने रंजीता सिंह तथा उसके पति अमित सिंह पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं में केस पंजीकृत किया है।

# रेलवे अफसर के घर पर सीबीआई ने की छापेमारी

- छापेमारी के बाद मीडिया को कुछ बताने से इनकार कर निकल लिए
- पटहेरवा के पटखौली निवासी रितुराज सिंह रेलवे में हैं बड़े अधिकारी

**फाजिलनगर निसं।** नगर पंचायत के पटखौली निवासी एक रेलवे अधिकारी के घर शनिवार को सीबीआई टीम ने छापेमारी की। करीब छह घंटे रेल अधिकारी का घर खंगालने के बाद टीम चुपचाप निकल गयी और मीडिया को कुछ बताने से इनकार कर दिया।

पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी रितुराज सिंह रेलवे में बड़े अधिकारी हैं। इस समय उनकी पोस्टिंग केरल के तिरुअनंतपुरम में है। पूर्व में वह गोरखपुर रेलवे में मण्डल उप महाप्रबंधक के पद पर कार्य कर चुके हैं। लोग डीआरएम के रूप में जानते हैं। शनिवार को सुबह सात बजे सीबीआई की टीम पैतृक निवास पटखौली पहुंची तो गांव वालों को लगा कि चुनाव से संबंधित अधिकारी होंगे। टीम के लोग गांव में मौजूद एक व्यक्ति को अपने पास बुलाकर कर रितुराज सिंह के बारे में जानकारी लेने लगे तो उसने बताया कि उन्हें डीआरएम साहब के रूप में हम लोग जानते हैं। हमेशा बाहर ही रहते हैं। इसके सिवा ग्रामीणों को उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद जांच टीम के सदस्यों के पूछने पर उनका घर बता दिया। इसके बाद धीरे धीरे गांव को लोगों को पता चला कि यह चुनाव से सम्बन्धित अधिकारी नहीं बल्कि कोई जांच टीम है।

# सीमाएं रहीं सील, बूथों पर पैनी निगाह

जागरण संवाददाता,पडरौना : सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच जनपद में लोकसभा चुनाव 2024 शनिवार को सकुशल संपन्न हो गया। शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने को लेकर सुरक्षा बल के जवान मुस्तैदी से डंटे रहे। पैरामिलिट्री फोर्स, सीआरपीएफ, एसएसबी तथा पीएसी व पुलिस के जवानों की बूथों पर पैनी दृष्टि रही। सुरक्षा की कमान पुलिस अधीक्षक ने संभाली।

बिहार सीमा से जुड़े जनपद कुशीनगर में मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा। जनपद के सभी 2633 बूथों पर केंद्रीय पुलिस बल, सशस्त्र राज्य पुलिस बल, पीएसी व पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी से लगे रहे। 48 घंटे पूर्व से ही जनपद की सीमा सील कर सघन जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई थी। खासकर बिहार सीमा से सटे इलाकों में विशेष चौकसी बरती गई। बिहार से जुड़ी पगडंडियों पर भी पुलिस की निगाह रही। एएसपी रितेश कुमार सिंह, एएसपी अभिनव त्यागी, सीओ सदर अभिषेक प्रताप सिंह, कसया कुंदन कुमार सिंह, खड्डा उमेश चंद्र भट्ट, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा आदि व्यवस्था पर नजर बनाए रखें।



हाटा के गांधी स्मारक इंटर कालेज बूथ का निरीक्षण करते बाएं से दूसरे व्यय प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल, डीएम उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल● जागरण

# बुजुर्गों के वोट से जवान हुआ लोकतंत्र

प्रद्युम्न कुमार शुक्ल, • जागरण

पडरौना : लोकतंत्र के सबसे बड़े महोत्सव में बुजुर्ग मतदाताओं ने पूरा उत्साह दिखाया। कोई बेटे-बेटी के सहारे बूथ पर पहुंचा तो कुछ अपनों के साथ वाहनों या ह्वील चेयर से पहुंचे। लोकतंत्र को मजबूत और जवान बनाने में अपने मत का प्रयोग किया।

नगर के गोस्वामी तुलसीदास इंटरमीडिएट कालेज में बेटे अशोक का सहारा लेकर 95 वर्षीय बुजुर्ग मधुसूदन मणि त्रिपाठी वीर अब्दुल हमीद नगर मोहल्ले से वोट करने पहुंचे। वोट करने के बाद बताया कि जिंदगी भले ही अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन अपना लोकतंत्र पूरी तरह से जवां है। फाजिलनगर में प्राथमिक विद्यालय सठियांव के बूथ पर 90 वर्ष की कैलाशी देवी बेटे रामप्रवेश व बहू के सहारे वोट डालने पहुंचीं। प्राथमिक विद्यालय कसया बूथ पर 80 वर्षीय रामजी वोट देने आए थे। पुलिस वालों ने मदद कर उन्हें बाइक से उतारा। मतदाता पर्ची दिखाते हुए बोले, बचवा कइसहूं वोट दे लेईं बस। प्राथमिक विद्यालय मठिया प्रसिद्ध तिवारी में 85 वर्ष के मंगरू बेटे नंदू के साथ छड़ी के सहारे आए थे। झुककर चल रहे थे लेकिन वोट का भाव तन कर बोल रहा था। नगर के जूनियर हाईस्कूल मतदान केंद्र पर 75 वर्ष के श्रीनाथ ह्वीलचेयर पर वोट देने आए थे।



लीलाधर छपरा बूथ पर 100 वर्षीय मासूम खातून को वोट दिलवाने ले जाती पुलिस• जागरण



पगार बूथ पर वोट देने के बाद निशान दिखाते 109 वर्षीय पूर्व विधायक श्रीनारायण उर्फ भुलई भाई। जागरण



वोट देने बजाते बुजुर्ग तुफानी• जागरण

# भ्रमणशील रहे डीएम, एसपी व प्रेक्षक

पडरौना : सुबह मतदान शुरू होने से समाप्ति तक डीएम उमेश मिश्र, एसपी व प्रेक्षक भ्रमणशील रहे। आला अधिकारी पल-पल की स्थिति से अवगत होते रहे।एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि जिले में चुनाव सकुशल संपन्न करा लिया गया। कहीं कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई। कानून-व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने में आमजन का भी पूरा सहयोग रहा।

# सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम

## मतदान कार्मिक बैलेट, कंट्रोल व वीवी पैट जमा कराने के लिए करते रहे मशक्कत

जागरण संवाददाता, पडरौनाः मतदान खत्म होने के बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार की देर रात तक उदित नारायण इंटर व डिग्री कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम कालेज में ईवीएम रखवाया गया। इस दौरान मतदान कार्मिक बैलेट, कंट्रोल व वीवी पैट जमा कराने के लिए मशक्कत करते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र, एसपी धवल जायसवाल, एडीएम वैभव मिश्र की देखरेख कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम सील कराया गया। जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र में प्रयुक्त 2633 बैलेट व कंट्रोल यूनिट व वीवी पैट को सील करते हुए अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। यही नहीं स्ट्रांग रूम के आगे व पीछे की ओर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, जो आने जाने वालों की गतिविधियों पर नजर रखेगा। इस प्रक्रिया के दौरान विभिन्न दलों के प्रत्याशियों,अभिकर्ताओं ने भी ईवीएम स्ट्रांग रूम व उदित नारायण डिग्री कालेज परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।



पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कालेज में ईवीएम व वीवीपैट जमा करते मतदान कार्मिक● जागरण

दिनभर की मेहनत शाम को छूटे पसीने : सुबह सात बजे से मतदान समाप्त कराने के बाद ईवीएम जमा करने के लिए पोलिंग पार्टियों में होड़ मची रही। दिनभर मतदान करने में जूझते रहे कार्मिकों को ईवीएम जमा को लेकर पसीने छूट गए। स्ट्रांग रूम में मशीन जमा करा घर निकलने की तेजी की वजह से जमा काउंटर में गहमागहमी बनी रही। इस दौरान पीठासीन अधिकारी विधानसभावार अपने-अपने काउंटर पर लाइन में लगे रहे। पीठसीन अधिकारी रामसमुझ प्रसाद व संजय कुमार सिंह ने बताया कि डेढ़ घंटे से लाइन में लगा हूं, लेकिन अभी तक मशीन नहीं जमा हो पाया। सिपाही सत्येंद्र शर्मा व नरेंद्र प्रसाद गोंड ने बताया कि जब तक ईवीएम जमा नहीं होगा, तब तक तैनाती स्थल बस्ती नहीं जाऊंगा। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र ने बताया कि ईवीएम विधानसभावार जमा कराई जा रही है। इसको लेकर अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं, ताकि शीघ्र जमा कराया जा सके, जो देर रात तक जमा कराया लिया जाएगा।

# बुजुर्गों के वोट से जवान हुआ लोकतंत्र

प्रद्युम्न कुमार शुक्ल, • जागरण

**पडरौना** : लोकतंत्र के सबसे बड़े महोत्सव में बुजुर्ग मतदाताओं ने पूरा उत्साह दिखाया। कोई बेटे-बेटी के सहारे बूथ पर पहुंचा तो कुछ अपनों के साथ वाहनों या व्हील चेयर से पहुंचे। लोकतंत्र को मजबूत और जवान बनाने में अपने मत का प्रयोग किया।

नगर के गोस्वामी तुलसीदास इंटरमीडिएट कालेज में बेटे अशोक का सहारा लेकर 95 वर्षीय बुजुर्ग मधुसूदन मणि त्रिपाठी वीर अब्दुल हमीद नगर मोहल्ले से वोट करने पहुंचे। वोट करने के बाद बताया कि जिंदगी भले ही अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन अपना लोकतंत्र पूरी तरह से जवां है। फाजिलनगर में प्राथमिक विद्यालय सठियांव के बूथ पर 90 वर्ष की कैलाशी देवी बेटे रामप्रवेश व बहू के सहारे वोट डालने पहुंचीं। प्राथमिक विद्यालय कसया बूथ पर 80 वर्षीय रामजी वोट देने आए थे। पुलिस वालों ने मदद कर उन्हें बाइक से उतारा। मतदाता पर्ची दिखाते हुए बोले, बचवा कइसहूं वोट दे लेईं बस। प्राथमिक विद्यालय मठिया प्रसिद्ध तिवारी में 85 वर्ष के मंगरू बेटे नंदू के साथ छड़ी के सहारे आए थे। झुककर चल रहे थे लेकिन वोट का भाव तन कर बोल रहा था। नगर के जूनियर हाईस्कूल मतदान केंद्र पर 75 वर्ष के श्रीनाथ व्हीलचेयर पर वोट देने आए थे।



लीलाधर छपरा बूथ पर 100 वर्षीय मासूम खातून को वोट दिलवाने ले जाती पुलिस • जागरण



पगार बूथ पर वोट देने के बाद निशान दिखाते 109 वर्षीय पूर्व विधायक श्रीनारायण उर्फ भुलई भाई। जागरण



वोट देने बजाते बुजुर्ग तुफानी • जागरण

# वड़गांव में अचेत होकर गिर पड़े पीठासीन अधिकारी

जासं, कुवेरस्थान: क्षेत्र के बड़गांव के टोला धरमागर छापर मतदान केंद्र पर तब अचानक अफरा-तफरी मच गई जब पीठासीन अचानक गिर पड़े। मतदान कार्मिकों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी कुबेरस्थान ले जाया गया, वहां उपचार के बाद स्थिति सामान्य हुई। बताया जाता है कि केंद्र पर मतदान की प्रक्रिया ठीक ढंग से चल रही थी। दोपहर में करीब एक बजे पीठासीन अधिकारी राजेश यादव अचानक कुर्सी से गिर पड़े। इसी बीच आई एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी ले जाया गया। एक घंटे बाद उनकी स्थिति सामान्य हुई तो वे फिर केंद्र पर वापस आकर मतदान कार्य में जुट गए।

# पत्नी की जगह पति कर रहा था ड्यूटी, दोनों पर केस

जासं, दुदही: लोकसभा चुनाव में पत्नी की जगह ड्यूटी करना पति को महंगा पड़ गया। प्रथम पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

तमकुहीराज तहसील के प्राथमिक विद्यालय मठिया माफी मतदान केंद्र पर परिषदीय शिक्षक रंजीता सिंह निवासी रोपन छपरा थाना लार जिला देवरिया की केंद्र पर द्वितीय मतदान अधिकारी के पद पर ड्यूटी थी। सुबह सात बजे मतदान शुरू होने के कुछ समय बाद ही रंजीता ने तबीयत बिगड़ने की बात बताई। थोड़ी ही देर बाद उन्होंने अपनी जगह पति अमित सिंह को बैठा दिया और परिसर में एक किनारे चली गईं। प्रथम मतदान अधिकारी ने इसका विरोध किया।

# लोकतंत्र के महोत्सव में मतदान का उत्सव

## युवक-युवतियां, बुजुर्ग व महिलाएं सरकार चुनने को चले एक साथ तो लग गई कतार

अजय कुमार शुक्ल, • जागरण

कुशीनगर : नौतपा के ताप से शनिवार को तपती दोपहरी भी लोकतंत्र के महोत्सव में मतदाताओं के उत्साह के आगे हार गई। धूप की तपिश से सड़क तप रही थी और लोगों के चेहरे भी लाल दिख रहे थे, लेकिन मतदान का जोश लोकतंत्र के उत्सव में गुलाल उड़ा रहा था। इसमें युवा, वृद्ध, दिव्यांग के साथ महिलाओं की समान भागीदारी दिखी। मौसम की तल्खी को लेकर प्रशासन चिंतित था। लोकतंत्र का उत्सव मनाने को मतदाता सुबह सात बजे निकले तो फिर रुके नहीं।

नियत समय सात बजे से पहले ही मतदान केंद्रों पर मतदाता पहुंचने लगे। यह देख ऐसा लगा कि वे शायद धूप से बचने को पहले पहुंचे हों, लेकिन यह भीड़ चढ़ती धूप के साथ बढ़ती ही गई। धूप पूरी तरह से परवान पर थी तो मतदाताओं का उत्साह उफान पर। क्या नौजवान, बुजुर्ग व क्या महिलाएं सबकी एक ही चाहत, अपनी सरकार चुनने की। मताधिकार का प्रयोग करना।

सुबह 10 बजे ही बूथों पर मेले जैसे माहौल हो गया। फिर इस बीच चर्चा शुरू हुई कि आज की दोपहरी बहुत तपाएगी, तब मतदाताओं की भीड़ कम हो जाएगी। मगर, तस्वीर दूसरी ही दिखी, बिना धूप की परवाह किए लोग वोट के लिए मतदान केंद्र पर आते रहे। यही वजह रही कि सुबह नौ बजे तक 13.5 प्रतिशत रहने वाला मतदान दिन के 11 बजे 28.06 प्रतिशत तो दोपहर बाद एक बजे यह 39.72 प्रतिशत तक जा पहुंचा। तीन बजे तक मतदान का यह आंकड़ा 48.48 प्रतिशत तो शाम को 57.29 प्रतिशत तक जा पहुंचा।



कप्तानगंज के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूथ पर कतार में खड़े मतदाता • जागरण

### सड़कों पर गाड़िया नहीं, लोकतंत्र की जीत को पांव दौड़ रहे थे

पडरौना के सुभाष चौक से रामकोला, कसया, खड्डा, रामकोला, जटहां बाजार जाने वाले मार्ग पर गाड़ियां तो दौड़ती नहीं दिखी, लेकिन वे पांव जरूर तेजी से चहलकदमी करते दिखे जो लोकतंत्र का महोत्सव मनाने को निकले थे। धूप से बचने को दिव्यांग नौरंगिया रमेश सिर पर गमछा डाले मतदान करने जा रहे थे। पूछा गया कि धूप बहुत तेज है, जवाब दिए उससे अधिक तेज मेरा मतदान का उत्साह है। कुछ इसी तरह की बात खड्डा की बबीता यादव, कसया की सुनीता विश्वकर्मा ने भी दिया।



छाता लगाकर बूथ पर कतार में खड़ी महिलाएं● जागरण

# मतदान का उत्साह, बूथों पर मतदाताओं की होड़

जासं, पडरौनाः लोकतंत्र के पर्व का उत्साह मतदाताओं के सिर चढ़ कर बोला। कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के 1832 बूथों पर एक साथ मतदान शुरू हुआ। पहले मतदान करें फिर जलपान करें के संकल्प के साथ महिलाएं नाश्ता व रसोई तैयार करने के पूर्व वोट देने के लिए घर से निकल पड़ी हैं तो पुरुष भी धूप से बचने के लिए सुबह ही बूथ पर लाइन में लग गए।

समूह में बूथों पर पहुंचीं महिलाओं का उत्साह देखने लायक रहा। पहली बार बूथों पर पहुंचे युवक व युवतियों में उत्सुकता दिखी। अधिकारी महिला, दिव्यांग व माडल बूथों पर विशेष रूप से भ्रमण करते व मतदान के हालात पर नजर लगाए रहे। पीएसी के जवान व पैरामिलिट्री फोर्स मतदान केंद्रों को सुरक्षा घेरे में लेकर हर आने-जाने वालों पर नजर रख रहे थे।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html



# केरल में तैनात रेल अधिकारी के आवास पर सीबीआइ की छापेमारी

## पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर में रह चुके हैं उपमहाप्रबंधक

जासं.फाजिलनगर (कुशीनगर) : केरल के तिरूवनंतपुरम में दक्षिण रेलवे के अधिकारी के पटहेरवा के पटखौली स्थित पैतृक आवास पर सीबीआइ लखनऊ की टीम ने शनिवार को छापेमारी की। करीब सात घंटे तक टीम बंद मकान के भीतर जांच करती रही। कार्रवाई के दौरान घर में सिर्फ अधिकारी की बुजुर्ग मां मौजूद रहीं। टीम का यह सर्च आपरेशन बेहद गोपनीय रहा। किसी को भी अंदर जाने या निकलने की अनुमति नहीं थी। स्थानीय पुलिस को भी इसकी भनक नहीं लगी।

बताया जाता है कि गांव के ऋतुराज सिंह भारतीय रेलवे में अधिकारी हैं। वर्तमान में केरल के तिरूवंतपुरम में तैनात हैं। उनके पैतृक आवास में उनके भाई व मां रहतीं हैं। सुबह करीब 11 बजे उनकी मां

- बंद मकान में सात घंटे तक टीम ने की जांच, नहीं लगी भनक

मतिरानी देवी घर में अकेले थीं। तभी गोरखपुर जिले के नंबर की कार से कुछ लोग उनके दरवाजे पर आए। एक-एक कर सभी छह लोग अंदर चले गए।

घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर दिया गया। किसी को घर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी। शाम को लगभग छह बजे तक टीम घर में जांच करती रही। आसपास के लोगों के अनुसार टीम ने घर में मिले कागजात व एक-एक वस्तु के बारे में जानकारी की। घर के सामने कार खड़ी देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। टीम शाम को छह बजे जब बाहर आई तो लोगों को छापेमारी की

- पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय में हुए घोटाले में के सिलसिले में हुई जांच

जानकारी हुई। कुछ ही देर में यह खबर इलाके में फैल गई। मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंचे पर टीम के अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते रहे।

ऋतुराज सिंह पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर में मंडलीय उपमहाप्रबंधक के पद पर तैनात रह चुके हैं। चर्चा है कि उस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे में हुए घोटाले के सिलसिले में सीबीआइ टीम जांच करने आई थी।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# बीएलओ व महिला मतदाता की तबीयत बिगड़ी, भेजा गया अस्पताल

जासं, कसया: तेज धूप व उमस भरी गर्मी के कारण कसया में मतदान केंद्र पर मौजूद बीएलओ एवं परवरपार बूथ पर एक महिला मतदाता की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्वास्थ्य टीम ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। सीएमओ डा. सुरेश पटारिया ने स्वयं बीएलओ के स्वास्थ्य की जांच की।

हुआ यह कि सेमराहर्दो पट्टी निवासी ज्ञानप्रकाश सिंह गोपालगढ़ परिषदीय विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। कसया प्रावि बूथ पर बतौर बीएलओ तैनात थे। सुबह लगभग 10 बजे अचानक उन्होंने बहुत तेज गर्मी और घबराहट हुई। डा. एसके सिंह के नेतृत्व में तैनात चिकित्सा टीम ने उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। इलाज करने के बाद उन्हें घर भेजा गया। इसी तरह परवरपार बूथ पर वोट देने के लिए लाइन में खड़ी महिला मतदाता रमावती तेज धूप की वजह से अचेत होकर गिर पड़ीं। उनका इलाज रामकोला सीएचसी में चल रहा है।



बूथ के बाहर अमिट स्याही दिखाते डीएम, एसपी। संवाद

# कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरी फ्लाइट



हवाई अड्डे पर उतरा विमान। संवाद

## कथा वाचक मोरारी बापू समेत पांच सवारी को लेकर उतरा विमान

**कसया।** हवाई अड्डे पर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट नेपाल के काठमांडू से पांच सवारी और तीन क्रू मेंबर के साथ उतरी। उसमें प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू का आगमन हुआ। वह यहां से वाल्मीकिनगर के लिए हेलिकाप्टर से रवाना हुए। कुशीनर एयरपोर्ट पर VT-ARF दोपहर 13:29 IST पर सफलतापूर्वक उतरी। एयरपोर्ट अथारिटी ने इमिग्रेशन, कस्टम्स, और एपीएचओ (एयरपोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन) के कर्मचारी शामिल रहे और आगमन प्रक्रियाओं को कुशलतापूर्वक संपादित किया। कुशीनगर हवाई अड्डा सभी अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए सुचारू और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया। उसके बाद मोरारी बापू का कुशीनगर एयरपोर्ट से वाल्मीकिनगर चले गए। उसके बाद हेलिकाप्टर पुनः आकर यहां से फ्यूल लिया और वापस चला गया। इस संबंध में एयरपोर्ट डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद लंका ने बताया कि बताया कि नेपाल के काठमांडू से इंटरनेशनल विमान मोरारी बापू को लेकर आया था। संवाद

# सोशल मीडिया पर मदद मांगी डीएम-एसपी ने लिया संज्ञान

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गुरवलिया बाजार।** सुबह सात बजे से शुरू हुए चुनाव के बाद से ही कई मतगणना स्थलों पर ईवीएम खराबी,वीवीपैट में समस्या,बूथ पर अराजकतत्वों ने हलचल पैदा करने की घटनाएं सोशल मीडिया पर पोस्ट कर समाधान की मांग की जाने लगी। कभी स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने ट्विटर एक्स अकाउंट से ईवीएम की खराबी की समस्या लिखते दिखे तो कभी समाजवादी पार्टी के ऑफिशियल फेसबुक से भी समस्या के त्वरित संज्ञान की मांग उठती रही।आम लोग भी इस दौरान समस्याओं के समाधान के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म की मदद लेते रहे।

सुबह से ही कई बूथों के निरीक्षण के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र और एसपी धवल जायसवाल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी समस्याओं के समाधान में काफी सक्रिय रहे।मतदान के शुरू होते ही विपक्षी पार्टियां और लोग शिकायतों के निस्तारण को लेकर ट्विटर और फेसबुक से मांग करने लगे।

ट्विटर एक्स और फेसबुक पर पोस्ट हुई समस्याओं को जिलाधिकारी और एसपी में मिनटों में संज्ञान लिया। सुबह ही आरएसपी के मुखिया और

Swami Pr... @SwamiPMa... Follow

कुशीनगर लोकसभा की विधनसभा खड्डा के बिसुनपुरा खुर्द के अंतर्गत बूथ संख्या 40 तथा कसिया विधनसभा बूथ संख्या 266 पर ईवीएम खराब होने की सूचना मिल रही। @ceoup @kushinagarpol @dm_kushinagar

8:16 · 01 Jun 24 · **2,220** Views

## एक्स व फेसबुक पर उठती रहीं समस्याएं

प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य ने खड्डा के विशुनपुरा खुर्द के अंतर्गत बूथ संख्या 40 तथा कसया के बूथ संख्या 266 पर ईवीएम खराबी को लेकर शिकायत की।इसपर तुरंत एसपी कुशीनगर की मीडिया सेल ने संज्ञान लेते हुए त्वरित निराकरण से अवगत कराया।

इसके बाद हाटा क्षेत्र के बूथ संख्या 176 पर ईवीएम की समस्या को लेकर किसी आम व्यक्ति ने मांग की तो डीएम कुशीनगर की सोशल मीडिया टीम ने आख्यानुसार स्पष्ट किया कि मतदान सुचारू चल रहा है। इसके अलावा भी कई दफा आम लोगो की समस्याओं को त्वरित संज्ञान लेकर डीएम और एसपी लगातार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए लगे रहे।

# मारपीट के मामले में एक के खिलाफ केस

तरयासुजान। तरयासुजान थाना क्षेत्र के बेदुपार मुस्तकील निवासी मुकेश साह ने तरयासुजान पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि शुक्रवार की शाम करीब चार बजे पुरानी रंजिश को लेकर भोला यादव निवासी सिसवा अव्वल थाना तरयासुजान ने अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने लगे।

इसका विरोध करने पर उसने पिटाई की और मोबाइल को तोड़ दिया। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में तरयासुजान एसओ आशुतोष सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी भोला यादव के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# देर रात तक स्ट्रांग रूम में जमा कराई ईवीएम,

पडरौना। कुशीनगर में सातवें चरण का मतदान शनिवार की शाम छह बजे खत्म हो गया। साढ़े छह बजे के बाद पोलिंग पार्टियां बूथों से ईवीएम लेकर स्ट्रांग रूम के लिए रवाना हो गईं। पडरौना शहर के उदित नारायण इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम में आधी रात तक ईवीएम जमा कराई गई। ईवीएम लेकर पहुंचे वाहनों के कारण रामकोला रोड, सुभाष चौक, जलकल रोड समेत शहर के आधे हिस्से में जाम की समस्या उत्पन्न हो गई।

अचानक भीड़ से मतदानकर्मी परेशान दिखे। वहीं डीएम उमेश मिश्र और एसपी धवल जायसवाल पहुंचकर व्यवस्था को संभाला। मतदान छह बजे खत्म होने के बाद शाम 6:30 बजे से पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों से ईवीएम लेकर पडरौना के लिए रवाना हो गईं। शहर के बूथों का ईवीएम लेकर पैदल ही कार्मिक उदित नारायण इंटर कॉलेज में पहुंचने लगे। संवाद

जज्बा

टोले पर परिषदीय स्कूल होने के बावजूद प्रशासन नहीं बनाता है बूथ, बिना नदी पार किए बूथ पर जाने के लिए पांच किमी तय करनी पड़ती है दूरी

# नहीं आया नाविक तो केवली ने थाम ली पतवार, महिलाओं को पहुंचाया नदी पार

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के गौरी शुक्ल गांव के बिंद टोला की महिलाओं की हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी। मताधिकार के प्रति जागरूकता की इससे बड़ी मिसाल शायद ही देखने को मिलेगी। विपरीत परिस्थिति और धूप, लू के बावजूद महिलाओं ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए पूरे उत्साह से अपनी जिम्मेदारी शनिवार को निभाई।

गांव के पुरुष मतदान करने के लिए घरों से निकली महिलाओं को नदी पार करा रहे थे। दोपहर में जब महिलाओं का झुंड निकला तो नाविक किसी काम से चला गया। ऐसे में गांव की केवली देवी ने नाव की पतवार पकड़ ली। नाव में गांव की कुछ महिलाएं सवार हो गईं। बांसी नदी को पार कर गन्ने के खेतों से होकर करीब एक किलोमीटर पैदल चल कर बूथ संख्या 66 पर पहुंच कर लोकतंत्र में अपना फर्ज निभाया। यहां कुल 325 मतदाता हैं। सिर्फ चुनाव में मतदान से वंचित नहीं हो सके, इसलिए नाव वाले को सालाना अनाज देते हैं। क्योंकि बूथ पर जाने के लिए जो रास्ता है, उससे पांच किमी अधिक दूरी तय करनी पड़ती है।


नाव से नदी पारकर मतदान करने पहुंचीं तमकुहीराज विधान सभा क्षेत्र के गौरी शुक्ल गांव की महिलाएं। संवाद

दुदही विकास खंड के गौरी शुक्ल गांव में 809 मतदाता है। नदी के एक तरफ बिंद टोली में 325 मतदाता हैं, जो लोक सभा, विधानसभा एवं पंचायत के चुनावों में नदी पार करके मतदान करने जाते हैं। नदी पार करने के बाद कोई रास्ता तक नहीं है। खेतों से होकर मतदान करने जाते हैं। इसके लिए नाविक को हर छह माह पर अनाज जौरा के रूप में देते हैं। इस लिए मतदान के नाविक पूरे दिन मतदाताओं को नदी पार कराता है।

इसके एवज में नाविक को वोटर नकद रुपये भी देते हैं। लेकिन, शनिवार को किसी जरूरी काम में नाविक फंस गया। इसको लेकर एक घंटे तक महिलाएं परेशान रहीं। इसके बाद गांव की केवली देवी ने हिम्मत दिखाई और नाव खेकर महिलाओं को नदी पार बूथ तक ले गईं।

इस टोले पर प्राथमिक विद्यालय भी है। लोग कई वर्षों से गांव में बूथ बनाने की मांग करते हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

# 57.29% पड़े वोट, पिछली बार से 2.38% कम

## जिले में साल 2019 में 59.67 प्रतिशत हुई थी पोलिंग, सुबह-शाम बूथ पर दिखी लाइन, दोपहर में सन्नाटा

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** देश की नई सरकार चुनने को लेकर मतदाताओं में उमंग और उत्साह देखने को मिला। हालांकि, पिछली बार की तुलना में 2.38% कम लोग निकले। इस बार 57.29 फीसदी मतदान हुआ। साल 2019 में 59.67 प्रतिशत पोलिंग हुई थी।

सुबह नौ बजे तक 13.05 फीसदी मतदान हुआ था। 11 बजे तक 28.6 फीसदी और दोपहर एक बजे तक 39.72 फीसदी और तीन बजे तक 48.47 फीसदी पोलिंग हुई। शाम छह बजे तक 57.29 फीसदी कुशीनगर लोकसभा के 1875215 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बूथों पर मतदान से पहले ईवीएम खराबी से लेकर बूथों पर विवाद की सूचनाएं चुनाव कंट्रोल में आती रही।

लू और गर्मी से बचाव के इंतजाम के साथ प्रशासन दौड़ता रहा। शहर के बूथों से ज्यादा भीड़ सुबह गांवों के बूथों पर रही। यूथ और महिला वोटर लोकतंत्र के पर्व में अपनी जिम्मेदारी निभाने में सक्रिय दिखे। जिले में रहने वाले अधिकांश वोटरों का मतदाता सूची से नाम गायब होने के चलते वह वोट नहीं दे सके।

सुरक्षा बल के जवानों के साथ-स्काउट गाइड ने भी वोटरों का सहयोग किया। वैसे तो कई बूथों पर सुबह मतदान करने वाले लोगों में महिला वोटर अधिक दिखी। लेकिन 9 बजे के बाद पुरुष वोटरों की भीड़ बढ़ती गई। मतदान के दौरान प्रक्षेक, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, प्रभारी मतदानकर्मी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट भ्रमण कर मतदान की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखे रहे।

**तमकुहीराज प्रतिनिधि के** अनुसार तमकुहीराज विधानसभा के बूथ संख्या 147 पर सुबह भीड़ देखने को मिली। लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद गर्मी बढ़ने के साथ मतदाताओं की संख्या कम हो गईश्र सुबह नौ बजे तक पूरी विधानसभा क्षेत्र में 13.02 प्रतिशत, 11 बजे तक 27.15 प्रतिशत और तीन बजे तक 47.2 प्रतिशत मतदाता हो सका था।

**तमकुहीरोड प्रतिनिधि के अनुसार** सेवरही बीआरसी, लोकमान्य इंटर कॉलेज, संस्कृत पाठशाला, नगर पंचायत कार्यालय, बालिका विद्यालय, बिनटोलीया, राजपुर खाश, बेनिया पिपरा, जोगनी, पिपराघाट, परसा उर्फ सिरिसिया, परसा अव्वल, पिरोजहा, राजपुर बगहा, साहबगंज आदि बूथ पर मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया। सेवरही नगर पंचायत के बूथ संख्या 98,99 को मॉडल बूथ के रूप में आकर्षक ढंग से गुब्बारों से सजाया गया था। वहां सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था, जहां युवाओं में सेल्फी लेते दिखे।

**पिपरा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार** प्राथमिक विद्यालय लीलाधर छपरा बूथ ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी धर्मेंद्र यादव ने लीलाधर छपरा गांव निवानी 102 वर्षीय वृद्ध महिला मसरूमा खातुन को सहारा देकर बूथ तक ले जाकर वोट दिलवाए।


तमकुहीराज में सुबह 8:28 बजे नगर पंचायत के तमकुही नंबर एक के बूथ संख्या 147 पर उमड़ी मतदाताओं की भीड़। संवाद


फ़ाज़िलनगर विधानसभा 332 के बूथ संख्या 331 पर मतदान के लाइन में खड़ीं महिलाएं। संवाद

### मतदान के लिए लाइन में खड़े लोगों को भेजा घर

**हाटा।** हाटा विधानसभा क्षेत्र के हरपुर सुक्खड़ गांव में बने बूथ संख्या 11 पर शाम को पहुंचे मतदाता शाम छह बजे के पहले ही लाइन में लग गए। लेकिन साढ़े बजे तक मतदान कार्य समाप्त नहीं होने से करीब 40 मतदाताओं को बिना मतदान किए ही उन्हें घर भेज दिया गया। लोग नाराजगी जताते हुए घर चले गए। संवाद

### अग्रवाल महासभा ने लगाया सेल्फी प्वाइंट

**पडरौना।** अग्रवाल महासभा की तरफ से कोतवाली रोड पर सेल्फी प्वाइंटर और जलपान स्टॉल लगाया गया। यहां मतदान कर लोगों ने सेल्फी ली। महासभा के अध्यक्ष प्रदीप चहाड़िया ने कहा कि शहर में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान के बाद सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा किया। संवाद

### कहीं साइकिल चली तो कहीं खिला कमल

**कुशीनगर।** उम्मीद से कम मतदान से सपा और भाजपा दोनों का गणित उलझ गया है। टक्कर इन दोनों के बीच ही मानी जा रही थी। वोटरों ने खास उत्साह नहीं दिखाया। इसकी वजह मौसम की बेरुखी बताई जा रही है। हालांकि प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शहर से लेकर गांव तक जागरूकता अभियान चलाया था। लोगों को शपथ भी दिलवाया था। लेकिन पिछले साल की अपेक्षा मतदान का प्रतिशत कोई खास नहीं रहा। जूनियर हाईस्कूल, उदित नारायण इंटर कॉलेज, तुलसी विद्यालय, परिषदीय स्कूल जंगल कुरमौल, खरिया टोला,साहबगंज दक्षिणी मतदान केंद्रों पर सुबह मतदान करने में मशगूल दिखे वोटर भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे और सपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिंटू के पक्ष में बंटे नजर आए। संवाद

### आकर्षक ढंग से सजे थे मॉडल बूथ

**पडरौना।** जिले में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण महौल में सम्पन्न हुआ। मतदाताओं को आकर्षिक करने के लिए जिले में बने मॉडल, महिला मैनेज्ड बूथ, दिव्यांग और युवा बूथों के अलावा वीआईपी बूथों को गुब्बार आदि से आकर्षक ढंग से सजाए गए थे। सहायक निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर के मुताबिक जिले में कुल 1320 बूथों की वेबकास्टिंग की गई थी। इसके अलावा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक मॉडल और महिला मैनेज्ड बूथ बनाए थे। पडरौना के पगरा बूथ में एक दिव्यांग और कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में एक युवा बूथ बना था। संवाद

### उत्साहित दिखें दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता

**पडरौना।** लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने वाले बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता भी शामिल हैं। 85 प्लस उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं ने भी शनिवार को सातवें चरण के मतदान में अपने वोट की ताकत दिखाई तो उत्साह से लबरेज दिव्यांग वोटरों ने भी इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ऐसे मतदाताओं को सहारा देकर परिवार के सदस्य बूथों पर पहुंचे और उनके मताधिकार का प्रयोग कराया। कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र में करीब 28 हजार 85 प्लस उम्र बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता हैं। शनिवार को मतदान शुरू होने के बाद से ही बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को लेकर परिजन बूथ पर पहुंचने लगे। संवाद

# रेलवे के एक अफसर कर्मचारी और ठेकेदार के घर पहुंची सीबीआई

अमर उजाला ब्यूरो

## प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक की गिरफ्तारी के बाद आरोप लगाने वालों की जांच शुरू

गोरखपुर। रेलवे के प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी की गिरफ्तारी के मामले में करीब नौ महीने बाद सीबीआई टीम फिर सक्रिय हो गई है। शनिवार को मामले से जुड़े कुशीनगर निवासी और फिलहाल तिरुवनंतपुरम में तैनात डिप्टी मैनेजर के अलावा गोरखपुर में रहने वाले ठेकेदार के भाई और एक रेलवे ठेकेदार से पूछताछ की है। चर्चा है कि टीम दो दिन से शहर में डेरा डाले है। अभी रुककर अभिलेखों की जांच पड़ताल कर सकती है।

गोरखपुर डिपो में मंडल उप महाप्रबंधक रहे कुशीनगर जिले के पटखौली निवासी रितुराज सिंह का वर्ष 2022 में तिरुवनंतपुरम तबादला हो गया था। एक ठेकेदार की शिकायत पर सीबीआई ने 12 सितंबर 2023 को प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जांच शुरू होने के बाद रेलवे बोर्ड ने अनिवार्य सेवानिवृत दे दी। कुछ दिन बाद लेखा अनुभाग से एक कर्मचारी की गिरफ्तारी हुई थी। अब फिर सीबीआई की टीम ने शहर में डेरा डाला है। उरुवां क्षेत्र के कुरावल गांव में चिलुआताल करीम नगर से वोट डालने गए रेलकर्मी को शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गाड़ी से पहुंचे लोग साथ ले गए। सूचना मिलते ही रेलकर्मी के घर पुलिस पहुंची तो पता चला कि सीबीआई टीम उसे करीम नगर स्थित घर ले गई है। देर शाम पूछताछ के बाद रेलकर्मी को छोड़ दिया। चर्चा है कि रेलकर्मी रेलवे कारखाना में कार्यरत है।

### रितुराज के घर तीन घंटे तक जुटाई जानकारी

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** नगर पंचायत के पटखौली निवासी रेलवे के अधिकारी रितुराज सिंह के घर शनिवार को सीबीआई टीम ने पहुंचकर उनकी मां से संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाई। रितुराज फिलहाल तिरुवनंतपुरम में तैनात हैं। इससे पहले वे गोरखपुर डिपो में मंडल उप महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024




एसपी सोमेन्द्र मीना ने शनिवार को मतदान के दौरान परतावल बूथ का निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया।

# प्रेक्षक, डीएम व एसपी ने लिया जायजा

## निर्देश

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम अनुनय झा व एसपी सोमेन्द्र मीना शनिवार को मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। पीठासीन अधिकारी व मतदान कार्मिकों से निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी ली। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार ही मतदान कराने का निर्देश दिया। वोट बहिष्कार व छिटपुट विवाद की सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहां की स्थिति को सामान्य कराया। सामान्य प्रेक्षक गुरप्रीत कौर सप्रा भी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर निर्वाचन प्रक्रिया का निरीक्षण करती रहीं।

डीएम अनुनय झा सबसे पहले शहर के प्राथमिक विद्यालय पिपरदेउरा पहुंचे। यहां डीएम ने मतदाताओं के साथ कतार में लगकर मतदान किया। मतदाताओं को संदेश दिया कि वह लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करें और अपने परिवार व परिचित लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करें। सभी के प्रयास से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। इसके बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के बांसपार बैजौली व गबड्डआ गांव के मतदान केन्द्र का जायजा लिया। मतदान कार्मिकों से जानकारी ली कि कहीं कोई अड़चन तो नहीं है।

एसपी सोमेन्द्र मीना ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिठौरा, प्राइमरी विद्यालय सिंदुरिया, घुघली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मंगलपुर पटखौली, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बारीगांव, श्यामदेउरवा में उच्च प्राथमिक विद्यालय परतावल, प्राथमिक विद्यालय बड़हरागंजन व पनियरा क्षेत्र के मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय कमासिन खुर्द का निरीक्षण किया।

इस दौरान ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने बृजमनगंज क्षेत्र के मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय रामपुर के अलावा अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति नहीं पाई गई।

# यूपी में 55.6 और महराजगंज में 60 फीसदी मतदान

## अंतिम चरण

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण का मतदान शनिवार की शाम को सम्पन्न हो गया। इस दौरान प्रदेश की 13 सीटों समेत देश की 57 सीटों पर मतदान हुआ। शाम सात बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यूपी में 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत वोट चंदौली सीट पर पड़े और सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान सलेमपुर सीट पर हुआ। इस दौरान गोरखपुर में 54.69, बांसगांव में 51.59, देवरिया में 55.30, कुशीनगर में 57.29, महराजगंज में 60.08 और सलेमपुर सीट पर 51.25 प्रतिशत मतदान हुआ। वाराणसी लोकसभा सीट पर 56.35 प्रतिशत वोट पड़े।

**प. बंगाल में सर्वाधिक वोटिंग:** सातवें चरण में 57 सीटों पर कुल 59.70 फीसदी मतदाताओं ने वोट दिया। पश्चिम बंगाल में सर्वाधिक 69.89 और पंजाब में सबसे कम 55.20 फीसदी मत पड़े। बिहार में आठ सीटों के 50.56% वोट पड़े।



योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखनाथ क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय (कन्या) में बने बूथ संख्या 249 पर मतदान किया।

## तीसरी बार मोदी सरकार बननी तय : योगी

**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की जनता जनार्दन के आशीर्वाद से 4 जून को एक बार फिर प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार बननी तय है। जनता ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा को भरपूर

# 60.08 फीसदी वोटिंग के साथ मंडल में महराजगंज जिला अव्वल

महराजगंज, हिटी। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को गोरखपुर मंडल के महराजगंज जिले में ईवीएम में गड़बड़ी व वोट बहिष्कार की छिटपुट घटनाओं के बीच शांतपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। सुबह से ही बूथों पर वोटरों की लंबी कतारें दिखीं। दोपहर में तपिश बढ़ने के कारण मतदान की गति सुस्त हुई लेकिन चार बजे के बाद फिर बूथ वोटरों से गुलजार हो उठे। ईवीएम में गड़बड़ी, छिटपुट नोकझोंक और मतदान के बहिष्कार के बीच जिले में 60.08 फीसदी मतदान हुआ।

टर्न आउट एप के आंकड़ों के मुताबिक सातवें चरण में यूपी के 13 लोकसभा सीट बलिया, बांसगांव, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, घोसी, गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज, सलेमपुर व वाराणसी में मतदान हुआ। इन सभी सीट पर मतदान में महराजगंज जिला नंबर एक पर रहा। पर अंतिम समय में मतदान प्रतिशत में चंदौली से महराजगंज पीछे रह गया। चंदौली में 60.34 फीसदी वोट पड़ा। महराजगंज में 60.08 फीसदी मतदान हुआ। पर, गोरखपुर मंडल के चार जिले गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज में मतदान की तुलना में महराजगंज में सर्वाधिक मतदान हुआ है। निर्वाचन आयोग से जारी वोटर टर्न आउट एप की रिपोर्ट के मुताबिक गोरखपुर जिला में 54.69 फीसदी, देवरिया में 55.30 फीसदी, कुशीनगर में 57.29 फीसदी व महराजगंज में 60.08 फीसदी मतदान हुआ। मतदान का यह अभी घट-बढ़ सकता है। सभी पांच विधानसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसर से मतदान का विवरण सामने आने के बाद वास्तविक आंकड़ा सामने आएगा।



सिसवा कस्बे के बूथ संख्या 377 आदर्श युवा मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए कतारबद्ध होकर खड़े मतदाता। • हिन्दुस्तान

## सोनौली क्षेत्र में ग्राम प्रधान व कांस्टेबल में कहासुनी

सोनौली कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय भगवानपुर में बने बूथ पर गेट भीतर घुसने को लेकर ग्राम प्रधान और एक कांस्टेबल के बीच कहासुनी हुई। भिटौली थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव में वोट डालने के बाद मोबाइल से सेल्फी बनाने के आरोप में एक युवक को पकड़कर पुलिस थाने ले गई। कुछ जगहों पर मतदाता सूची में नाम नहीं शामिल होने पर नाराजगी जताई। इस दौरान पुलिस-प्रशासन के अधिकारी दिनभर दौड़भाग करते रहे।



चौक नगर पंचायत के ग्रीन बूथ सोनाड़ी खास पर मतदाताओं को पौधा भेंट करते वन कर्मचारी • जागरण

# ग्रीन बूथ पर पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण के दिए संदेश

जासं, महराजगंज: चौक बाजार के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनाड़ी खास को ग्रीन बूथ बनाया गया था। यहां आने वाले सभी मतदाताओं को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रीन बूथ पर सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के चौक रेंज की ओर से मतदाताओं में पौधे वितरित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही साथ जनपद में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता और जागरूकता उत्पन्न करने के लिए धन्यवाद स्वरूप एक-एक पौधा हरेक को भेंट किया गया।

# बुजुर्गों के वोट से जवान हुआ लोकतंत्र







## दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

भिटौली। थाना क्षेत्र के बभनौली निवासी प्रीति ने ससुरालियों पर मारपीट करने और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पूर्व शादी चंद्रशेखर पांडेय से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना मारने लगे। दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित करने लगे। थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया की महिला की तहरीर पर पति चन्द्रशेखर, शैलेश पांडेय एवं सीमा पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# कड़ी सुरक्षा के बीच जमा हुई ईवीएम



परिसर में मतदान सामाग्री का मिलान करते कर्मी। संवाद

**महराजगंज।** शनिवार को मतदान की समाप्ति के बाद विधानसभा वार ईवीएम कलक्ट्रेट में बनाए गए स्ट्रांग रूम में रखवाया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

ईवीएम जमा कराने बूथों से जब मतदान कर्मी निर्धारित वाहनों से कलक्ट्रेट की ओर निकले तो रात्रि 8:30 बजे फरेंदा मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया। जाम में लोग आफिसर्स कॉलोनी के सामने से जूझते हुए किसी तरह कलक्ट्रेट मशीन लेकर पहुंचे। सुविधा के लिए यातायात पुलिस जगह जगह तैनात रही जिसके बाद भी लगने वाले जाम को रोकने में विफल रही। मतदान कार्मिकों को जाम में फंसकर असुविधा झेलनी पड़ी।

विधानसभा के अनुसार ईवीएम मशीन रखवाने का क्रम रात्रि सात बजे से प्रारंभ हुआ, जिसके देर रात तक चला। सुरक्षा व्यवस्था में जवान तैनात रहे जिससे सुरक्षित मशीनों को रखवाया जा सके।

रेंदा रोड से सर्विस रोड होते हुए कलक्ट्रेट स्थित ज्ञान सरोवर पार्क के पास वाहनों को रोका गया। यहां ईवीएम के साथ कार्मिकों को उतार दिया गया जहां से पीठासीन अधिकारी सुरक्षा के बीच मशीन लेकर कलेक्ट्रेट की ओर पैदल निकले। संवाद

# पिछली बार से 3.92% कम निकले वोटर, 60.08% मतदान

## 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था 64 प्रतिशत मतदान

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। शनिवार को अंतिम चरण के मतदान में महराजगंज के लोगों बढ़-चढ़कर मतदान किया। इसके चलते शाम छह बजे तक मतदान प्रतिशत 60.08 प्रतिशत रहा। बीते लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 में 64 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार करीब चार प्रतिशत मतदान कम हुआ है।

तेज धूप की परवाह किए बगैर मतदाताओं ने हौसला दिखाया। शुरुआत में मत प्रतिशत कम रहा, लेकिन गर्मी बढ़ते ही मत प्रतिशत भी बढ़ता गया। सुबह और शाम को बूथों पर भीड़ लगी रही। दोपहर में कम रही। सिसवा विधानसभा का दबदबा शुरू से आखिरी तक बरकरार रहा।

चुनाव कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार, पांचों विधानसभा में सिर्फ फरेंदा के मतदाता वोट डालने में पीछे रह गए। शाम छह बजे सिसवा जहां 64.41 प्रतिशत के साथ अव्वल रहा वहीं फरेंदा का मत प्रतिशत 57.53 प्रतिशत रहा।

### 05 विस क्षेत्र में फरेंदा के वोटर पीछे

### आधा घंटा बंद रही ईवीएम

दूठीबारी। लोकसभा मतदान के समय दूठीबारी बूथ संख्या 3 में दोपहर 4.52 मीनट पर ईवीएम मशीन खराब हो गई। पीठासीन अधिकारी मोहम्मद इमरान खान ने बताया की 4.52 मिनट पर ईवीएम खराब हो गई। उस समय 540 वोट पड़ गया था। इस दौरान आधा घंटा मतदान बाधित रहा जल्द बाजी से नया ईवीएम मशीन मंगवाया गया जिसमें 29 वोटरों ने अपने मत का प्रयोग किया। संवाद

सुबह नौ बजे जिले का मतदान प्रतिशत 14.52 रहा। इसमें फरेंदा 13.79, नौतनवां 13.86, सिसवा 15.33 सदर 14.59, तो पनियरा का 14.52 वोटिंग प्रतिशत रहा। सुबह 11 बजे जनपद का मतदान प्रतिशत 29.66 पहुंचा। इसमें फरेंदा 28.65, नौतनवां 28.46, सिसवा 31.89, सदर 29.59, पनियरा की 29.58 प्रतिशत वोटिंग रही। दोपहर एक बजे तक 42.22 प्रतिशत मतदान हुआ।

फरेंदा में 40.16, नौतनवा में 39.91, सिसवा में 45.26, सदर 43.51 व पनियरा में 42.04 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम तीन बजे 51.31 प्रतिशत मतदान हुआ। फरेंदा 48.05, नौतनवा 48.44, सिसवा 55.69, सदर 52.39, पनियरा में 50.74 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक 58.63 प्रतिशत मतदान हुआ।

फरेंदा में 55.87, नौतनवा 56.38, सिसवा 63.09, सदर 60.01 व पनियरा में 57.58 प्रतिशत मतदान हुआ। छह बजे तक फरेंदा में 57.53 प्रतिशत, नौतनवा में 58 प्रतिशत, सिसवा में 64.41 प्रतिशत, महराजगंज में 61.61 प्रतिशत, पनियरा में 58.87 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिलाधिकारी अनुनय कुमार झा ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया पूरी हुई। वोटरों ने उत्साह के साथ मतदान किया। सभी कर्मियों ने बेहतर ढंग से दायित्व निर्वहन किया।



**लोकतंत्र का महापर्व** पूर्व माध्यमिक विद्यालय सदर प्रथम पर मतदान करने के लिए कतार में खड़ीं महिलाएं। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

# आपसी विवाद में महिला को पीटा, केस

**बस्ती।** आपसी विवाद को लेकर महिला को विपक्षियों ने गालियां देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कप्तानगंज थानान्तर्गत कल्यानपुर गांव में आपसी विवाद की बात को लेकर रागिनी को विपक्षी अरविन्द, विजय, सुभावती ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता रागिनी पत्नी मुकेश निवासी कल्यानपुर थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अरविन्द पुत्र राकेश, विजय पुत्र राकेश, सुभावती पत्नी राकेश निवासीगण ग्राम कल्यानपुर थाना कप्तानगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एक अन्य समाचार के अनुसार थानाक्षेत्र के कटरा बुजुर्ग गांव की रहने वाली मेनिका पत्नी जगदीश को भी विपक्षी कन्हैया व उसके परिवार वालो ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी कन्हैया पुत्र कुम्भकरण, सुधा पत्नी कन्हैया, बन्नी पुत्री कुम्भकरण निवासीगण ग्राम कटरा बुजुर्ग थाना कप्तानगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

**बस्ती (एसएनबी)।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 जुलाई 2024 को जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना के निर्देशन में कलेक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने समस्त उप जिलाधिकारी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एवं समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें तथा चिन्हित किये गये वादों की सूचना/सूची निर्धारित प्रारूप पर आगामी 8 जुलाई 2024 तक उपलब्ध करायें।

उन्होंने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखित अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद), आर्बिटेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेन्ट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में नीयत कर निस्तारित किया जाएगा।

# चुनावी रंजिश में युवक की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** चुनाव के दौरान विपक्षियों ने एक युवक को गालियां दिया। जिसका विरोध करने पर उसे मारापीटा गया। नगर थानान्तर्गत मरहा गांव निवासी विवेक जायसवाल पुत्र राजीव जायसवाल ने पुलिस को बताया कि चुनाव में विपक्षी सियाराम, अजय, रणजीत तथा उसके कुछ साथियों ने मिलकर उसे गालियां दी थी। जिसका विरोध करने पर लोगो ने उसको मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी सियाराम चौधरी पुत्र साधू चौधरी, अजय चौधरी उर्फ गब्बर निवासीगण कोईलपुरा थाना कप्तानगंज, रणजीत चौधरी पुत्र जगराम निवासी चितरगड़िया, थाना कप्तानगंज व सात-आठ अज्ञात लोगो के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एडीएम ने बालू खनन का किया निरीक्षण, पैमाइश होने तक रोका

**कलवारी।** कलवारी थाना क्षेत्र के माझा कला स्थित बालू खनन क्षेत्र में बालू पट्टे के नाम पर पट्टे वाली जमीन से अलग हटकर इसी थाना क्षेत्र के फूलपुर गाँव निवासी पट्टेदार राम ललित पुत्र पिल्लू द्वारा अवैध बालू खनन कराने और खनन के कारण धारा परिवर्तित होकर बस्ती जनपद में भीषण कटान की आशंका को लेकर एक पखवारा पूर्व सपा के जिलाध्यक्ष व बस्ती सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने जिलाधिकारी से शिकायत किया था। जनहित के इस मुद्दे पर निस्तारण न होने की दशा में उन्होंने शासन तक से शिकायत की बात कही थी।

शिकायत को संज्ञान में लेते हुए शनिवार को कलवारी थाना क्षेत्र के माझा कला स्थित बालू खनन क्षेत्र का निरीक्षण एडीएम कमलेश चंद्र , बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता, जिला खनन अधिकारी व बस्ती सदर के उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। इसके पूर्व में भी उपजिलाधिकारी द्वारा बालू पट्टे वाले स्थान का दो बार निरीक्षण और पैमाइश किया जा चुका है। उपजिलाधिकारी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में दर्शाया गया है कि 150 गुणे38 गुणेएक अवैध खनन का रिपोर्ट जांच टीम द्वारा मापी गई है। खनन का स्थान जहां दिया गया है। वहा से हटकर अवैध खनन किया गया है। जांच रिपोर्ट के क्रमांक 20 पर टाइप आफ लैंड वाले कालम में गवर्नमेंट लैंड दिखाया गया है जबकि वह प्राइवेट लैंड है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि उपजिलाधिकारी द्वारा पैमाइश में पट्टे वाली जगह वर्तमान समय में नदी की आधी धारा सहित नदी के दक्षिण तरफ है जबकि बालू खनन नदी के उत्तर तरफ हो रहा है। अपर जिलाधिकारी ने पट्टाधारक राम ललित को निर्देश दिया कि 5 जून तक हर हाल में बालू खनन बन्द रहेगा। 6 जून को बस्ती सदर के विधायक महेंद्र नाथ यादव के साथ टीम आकर पैमाइश करेगी उसके बाद ही खनन शुरू किया जा सकेगा।

# बंधक भूमि का किया बैनामा, मुकदमा

**बस्ती।** दुबौलिया थानाक्षेत्र के डिंगरापुर मुस्तहकम गांव में बैंक के पक्ष में बंधक जमीन का बैनामा कर आठ लाख रुपये हड़पने की घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता प्रतिभा सिंह निवासनी डिंगरापुर मुस्तहकम की तहरीर पर गांव के ही विजय प्रकाश सिंह, उनकी पत्नी ऊषा सिंह व भीमसेन सिंह निवासी जोगवापुर के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

# चोरी हो गए कृषि फीडर के तार, कागजों में आपूर्ति

दुबौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। निजी नलकूपों के लिए करोड़ों खर्च कर बनाई गई विद्युत लाइन केवल कागजों में चल रही है। सामान्य लाइन से नलकूपों को जोड़कर चलाया जा रहा है। हालत यह है कि कृषि फीडर के तार चोरी हो जा रहे हैं और विभाग बेखबर है। विद्युत उपकेंद्र दुबौलिया अंतर्गत करीब डेढ़ दर्जन पोल के तार चोरी हो चुके हैं। किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए सरकार ने सामान्य फीडर से अलग कृषि फीडर की स्थापना की गई है। बिजली विभाग ने इसके लिए नलकूपों तक अलग लाइन खींचा है। इस फीडर से 10 घंटे आपूर्ति का प्रावधान है। विभागीय लापरवाही के कारण फाल्ट आने के बाद लाइन डेड हो जा रही है। इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है, जिस कारण इसके तार चोरी होते जा रहे हैं।

जानकारों के अनुसार निदूरी पठान पुरवा के पास चार पोल, कटहा गांव के पास दो पोल, पूरे झरिहर गन्ना काटा नहर के पास करीब सात पोल, समौढा यादव पुरवा से लेकर रमना तौफिर गोशाला के पास करीब आधा दर्जन से अधिक पोल पर खींचे गए तार गुम हो चुके हैं। इसकी जानकारी विभाग को काफी समय बाद पता चली। छह माह पूर्व आई तेज आंधी के कारण सूदीपुर-रमना सम्पर्क मार्ग के किनारे लगे डबल पोल टूट गए। टूटे पोल की जगह नए पोल न लगाकर आपूर्ति ही बंद कर दी गई। आपूर्ति बंद होने के बाद से पोल पर लगे तार चोरी होना शुरू हो गए हैं।

**निर्बाध बिजली के लिए बना कृषि फीडर :** वर्ष 2017-18 में किसानों के लिए सरकार की ओर से चलाई गई योजना के तहत दुबौलिया उपकेंद्र से निजी नलकूपों को जोड़ने के लिए डीटीएल कंपनी ने अलग लाइन बिछाई थी। सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों के लिए सुविधाओं का विस्तार करना था। नलकूप चलाने के लिए हर कनेक्शन पर ट्रांसफॉर्मर की सुविधा दी गई। दुबौलिया थानाक्षेत्र के खुशहालगंज के कोटवा से होकर बरसावं, समौड़ा, चुईलबाबू, रमवापुर, रमनातौफीर आदि गांव होते हुए यह लाइन देवकाली के लिए बिछाई गई। वर्ष 2018 में विद्युत विभाग को लाइन हैंडओवर हुई। तेज हवा, आंधी के कारण कई जगह पोल टूट गए, जिसके कारण लाइन ब्रेकडाउन में चली गई। इसके बाद भी लाइन कागजों में 10 घंटे चलाई जा रही है।

- **विद्युत उपकेंद्र दुबौलिया अंतर्गत करीब डेढ़ दर्जन पोल के तार हो चुके हैं चोरी**
- **करोड़ों खर्च कर बनाई गई विद्युत लाइन केवल कागजों में चल रही है**

## संविदा कर्मियों ने दो लोगों को पकड़ा था

पिछले दिनों समौड़ा पूरे झरिहर गांव के निकट सात खंभों के तार चोरी हो गए। जिसकी भनक कर्मचारियों को नहीं हुई। 12 मई की रात संविदा कर्मियों ने दो संदिग्धों को पकड़ा, जिनके पास तार काटने के औजार बरामद हुए थे। उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था, जिसे बाद में पुलिस ने यह कहकर छोड़ दिया कि यह लोग रिश्तेदारी में आए थे। इसका वीडियो वॉयरल होने पर जेई राजकेशर सिंह ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# जेई ने ट्रक ड्राइवर पर दर्ज कराया केस

नगर बाजार। थानाक्षेत्र के गोटवा पॉवर हाउस के निकट ट्रक से बिजली को पोल तोड़े जाने पर ट्रक ड्राइवर पर पुलिस केस दर्ज किया है।

नगर पुलिस ने अवर अभियंता निर्मल कुमार की तहरीर पर हरलालका ट्रांसपोर्ट फरीदाबाद के ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर विद्युत पोल तोडने का केस दर्ज कराया है।

# तुर्की का था तस्करी कर लाया गया मक्का

**फॉलोअप**

सल्टौआ, हिसं। नेपाली सामान से भरी पकड़ी गई डीसीएम में मक्के की बोरियां मिली थीं, वह तुर्की की बताई जा रही है। मक्के की 50 बोरियों में छिपाकर नेपाली टूथपेस्ट और शैम्पू दिल्ली ले जाया जा रहा था। सोनहा पुलिस ने बुधवार को डीसीएम को दुबौली चौराहे पर पकड़ लिया था। अब इसकी जांच कस्टम विभाग की लखनऊ की टीम कर रही है। जांच में लगातार कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं।

कस्टम विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि शुरूआती जांच में पाया गया था कि मक्के की बोरियों में छिपाकर नेपाली टूथपेस्ट दिल्ली ले जाया जा रहा था। इसमें तीन गत्ता नेपाली शैम्पू भी मिला है, जब मक्के की बोरियों की जांच की गई तो उसके ऊपर तुर्की का पता लिखा हुआ है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि तुर्की से मक्का नेपाल लाया जाता है। वहां से तस्करी कर इसे बस्ती लाया जाता है। यहां से इसे दिल्ली व अन्य जगहों पर भेजा जाता है। मक्के के साथ ही अन्य रोजमर्रा के सामान भी तस्करी कर लाए जाते हैं।

- सोनहा थानाक्षेत्र में तस्करों ने बना रखा है गोदाम
- पकड़ा गया है डीसीएम पर लदा नेपाली टूथपेस्ट और शैम्पू

**तस्करों ने सोनहा क्षेत्र में बना रखा है गोदाम :** कस्टम विभाग के अधिकारियों की माने तो तस्करों ने सोनहा थानाक्षेत्र में गोदाम बना रखा है। यहीं पर नेपाल से तस्करी कर सामान लाकर स्टोर किया जाता है। गाड़ी पर सामान अपलोड कर महानगरों को भेजा जाता है। बुधवार को पकड़ी गई डीसीएम पर इसी गोदाम से सामान लादा गया था। डीसीएम के साथ पकड़े गए कर्मी ने खुद स्वीकार्य किया था कि डीसीएम पर सामान स्थानीय स्तर पर ही लादा गया है। कस्टम विभाग को शक है कि स्थानीय स्तर पर इसकी जानकारी जिम्मेदारों को है, लेकिन कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। अगर गोदाम का सुराग लग जाए तो एक बड़े नेटवर्क को तोड़ा जा सकता है।

### दो सामान्य प्रेक्षक की मौजूदगी में होगी मतगणना, मोबाइल छोड़ ले जा सकेंगे पेन, कागज और कैलकुलेटर

# वीआईपी नहीं बन पाएंगे मतगणना एजेंट

**लोस चुनाव**

बस्ती, निज संवाददाता। वीआईपी और विशेष सुरक्षा प्राप्त जनप्रतिनिधि व नेता मतगणना एजेंट नहीं बन पाएंगे। मतगणना एजेंट अपने साथ मोबाइल आदि उपकरण नहीं ले जा पाएंगे। पेन, कागज और कैलकुलेटर अपने साथ ले जा सकते हैं। चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। प्रत्याशी के इलेक्शन व मतगणना एजेंट सुबह साढ़े छह बजे प्रवेश करेंगे।

इनकी उपस्थिति में ही सभी विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम खोले जाएंगे। समूची मतगणना 29 से लेकर 35 राउंड में पूरी हो जाएगी। मतगणना स्थल के बाहर मुख्य द्वार हाईवे पर खुलता है। इस कारण फोरलेन पर वन-वे व्यवस्था बनाई जाएगी, गेट की तरफ की पूरी सड़क रिजर्व रहेगा। यह जानकारी देते हुए डिप्टी डीईओ कमलेश चन्द्र बाजपेयी ने बताया कि मतगणना स्थल के मुख्य द्वार पर बने बैरियर से सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता अपने मतगणना पास के साथ ही प्रवेश कर सकेंगे।

मुख्य द्वार से स्ट्रांग रूम तक रहेगी **अर्धसैनिक बल की तैनाती :** स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल के प्रवेशद्वार पर अर्द्धसैनिक बल की तैनाती रहेगी। मतगणना हाल में मोबाइल, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, ज्वलनशील, धूम्रपान सामग्री का प्रवेश वर्जित है।



मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम, एडीएम और अन्य अधिकारी।

### यह नहीं हो सकते मतगणना एजेंट

डिप्टी डीईओ ने बताया कि मतगणना अभिकर्ता की उम्र 18 साल से कम नहीं होनी चाहिए। मंत्री/ सांसद/ विधायक/मेयर/अध्यक्ष, जिला पंचायत/नगर पालिका/नगर पंचायत एवं सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति, सरकारी कर्मचारी, मानदेय प्राप्त करने वाले कर्मी, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी, एएनएम, कोटेदार भी मतगणना एजेंट नहीं बन सकते हैं।

### विजयी व रनर प्रत्याशी को घर तक छोड़ेगी पुलिस

पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने पूछे जाने पर बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान चुनाव आयोग के नियमों का कड़ाई के साथ पुलिस अनुपालन कराएगी। बताया कि पुलिस सुरक्षा के साथ विजेता और हारे हुए प्रत्याशियों को घर तक छोड़ा जाएगा। मतगणना स्थल के बाहर भीड़ जमा नही होने दी जाएगी। गणना स्तर की सुरक्षा तीन स्तर पर होगी।

## डीएम ने मतगणना स्थल की तैयारी का लिया जायजा

- मतगणना स्थल हथियागढ़ मंडी समिति परिसर में जोरों पर है तैयारियां
- बैरिकेडिंग से लेकर लगाए जा रहे टेंट, गर्मी से बचाव के रहेंगे इंतजाम

बस्ती, निज संवाददाता। नेशनल हाईवे के हथियागढ़ मंडी समिति परिसर में मतगणना की तैयारियां जोरों पर है। मतगणना स्थल पर बैरीकेडिंग करके ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। इंटरनेट से लेकर बिजली व स्वास्थ्य समेत अन्य व्यवस्था उपलब्ध रहेंगी।

चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। जिले का मतगणना स्थल मंडी समिति परिसर है। मतगणना से संबंधित तैयारियों को परखने के लिए शनिवार को डीएम अंद्रा वामसी मय टीम पहुंचे। पूरे परिसर का निरीक्षण किया, जरूरी हिदायत दीं। मतगणना स्थल पर ब्लॉकवार व्यवस्था की गई है। मतों की गणना से लेकर स्ट्रांग रूम तक विशेष रूप से बैरीकेड करते हुए रास्ता बनाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मी, मतदान कर्मी, अफसर, मीडिया कर्मियों समेत अन्य लोगों के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाया गया है। प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था के लिए बिजली विभाग और नगर पालिका टीम लगी हुई है। साफ-सफाई भी युद्ध स्तर पर नगर पालिका टीम कर रही है। इस दौरान एक्सईएन विद्युत वितरण खंड प्रथम मनोज सिंह, नगर पालिका के कर निर्धारण अधिकारी उदयभान सिंह, एसडीओ राम इकबाल प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**सिर्फ मीडिया तक ही मोबाइल की अनुमति :** मंडी समिति मतगणना स्थल पर सिर्फ मीडिया सेंटर तक ही मोबाइल ले जाने की अनुमति रहेगी। सभी पांच मतगणना केन्द्रों पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को

बस्ती। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को कलेक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में होगा। उक्त जानकारी देते हुए एडीएम कमलेश चंद्र ने समस्त उप जिलाधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एवं समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराएं तथा चिह्नित वादों की सूचना/सूची निर्धारित प्रारूप पर आठ जुलाई तक उपलब्ध कराएं। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से सम्बंधित प्रतिकर याचिकाएं, सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किया जाएगा।

# मारपीट में चार नामजद

सल्टौआ। सोनहा क्षेत्र के सेखुई गांव में भूमि संबंधी विवाद को मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने दिनेश की तहरीर पर चार के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# भूमि विवाद में दंपती की पिटाई

जासं, सोनहा: थाना क्षेत्र के पकरी मोती गांव में भूमि विवाद में हुए मारपीट में दंपती घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता तारा देवी पत्नी जितेंद्र की तहरीर पर गांव के ही विनोद, अनिल, अखिलेश व हरिशंकर के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि विपक्षी द्वारा उसे व उसके पति को अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी डंडा से मारा पीटा।

# किशोरी को किया अगवा, केस दर्ज

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र से एक 16 वर्षीया किशोरी के अपहरण कर लिए जाने की घटना सामने आई है। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर दक्षिण दरवाजा धुनिया टोला थाना पुरानी निवासी रेहान समेत तीन लोगों के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज कराया है।

# दो किशोरियों को अगवा करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कप्तानगंज। स्थानीय पुलिस ने थानाक्षेत्र से भगाई गई दो किशोरियों को आरोपियों के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपियों विरुद्ध थाने में केस दर्ज था और पुलिस इनकी तलाश में जुटी थीं। दोनों आरोपियों को पुलिस न्यायालय में पेश करने की तैयारी में जुटी थी। मामला कप्तानगंज थानाक्षेत्र के दो गांवों का है।

सात माह पूर्व एक किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। वहीं दूसरा मामला एक माह पूर्व का है, जहां 16 वर्ष की किशोरी को नरोत्तमपुर गांव का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में भी पुलिस केस दर्ज की थी। किशोरी की बरामदगी नहीं होने से आक्रोशित परिजनों ने पांच दिन पूर्व ग्रामीणों संग थाने पहुंचकर हंगामा किया था।

प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि आरोपी दीपक को पिकौरा सानी के पास से गिरफ्तार किया है। वही सात माह पूर्व गायब हुई किशोरी और उसके आरोपी सूर्यप्रकाश को कप्तानगंज सीएचसी के पास से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा जा रहा है।

# डीएम ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

## नवीन मंडी परिषद पहुंचे कई विभागों के अधिकारी, जांची स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था



नवीन मंडी परिषद स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी • सौ. पुलिस विभाग

जागरण संवाददाता, वस्तीः जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी व पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने शनिवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद नवीन मंडी परिषद में चार जून को होने वाले मतगणना में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत दोनों अधिकारियों ने मतगणना स्थल का भ्रमण किया।मतगणना को सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न स्थलों पर इयूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था भी जांची।अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक, डीआइओएस जगदीश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## चुनाव इयूटी के दौरान मृत होमगार्ड का शव पहुंचा गांव

जागरण संवाददाता, भानपुरः लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में इयूटी पर गए होमगार्ड की मिर्जापुर में अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। शनिवार को दिन में लगभग 11 बजे जवान का शव उसके गांव सोनहा थाना क्षेत्र के मैलानी साहब वाजिद पहुंचा।



सत्य प्रकाश पांडेय फाइल फोटो

57 वर्षीय सत्य प्रकाश पांडेय पुत्र रामजी पांडेय 27 मई को लोकसभा चुनाव इयूटी के लिए घर से मिर्जापुर के लिए निकले थे। शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य को रवाना हो रही थीं। इसी दौरान होमगार्ड की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें वहीं के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोपहर में उनकी मृत्यु हो गई। इस बात की सूचना मिलने पर स्वजन मिर्जापुर रवाना हो गए थे। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। स्वजन शनिवार को शव लेकर गांव पहुंचे। जिला होमगार्ड कमांडेंट अंतिम कुमार सिंह एवं अपर जिला कमांडेंट होमगार्ड रामचरन सिंह ने मौके पर पहुंच कर शव पर फूल माला चढ़ाया। उन्होंने स्वजन को आश्वासन दिया कि शासन स्तर से 15 लाख एवं विभागीय स्तर से पांच लाख का मुआवजा जल्द से जल्द प्रदान किया जाएगा।

# मारपीट व जान से मारने के आरोपित पर दर्ज हुआ मुकदमा

जासं, वस्तीः कप्तानगंज थाने के कल्यानपुर गांव निवासी रागिनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 30 मई को शाम बिना किसी बात के कुछ लोगों ने मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। अरविन्द,विजय व सुभावती पत्नी राकेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के कटरा बुजुर्ग निवासी मेनिका पत्नी जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 31 मई को बिना किसी बात के कुछ लोगों ने उन्हें मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# माकड्रिल कर आग से बचाव की परखी तैयारियां

जागरण संवाददाता, बस्ती: महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कालेज की चिकित्सा इकाई कैली में आग से बचाव का शनिवार को माकड्रिल कराया गया। अग्निशमन विभाग ने तैयारियों को देखा। इसके पहले भी अग्निशमन विभाग ने माकड्रिल किया था, जिसमें कुछ खामियां मिली थी। उसके बाद अस्पताल प्रशासन ने कमियों को दूर करते हुए अग्निशमन विभाग को इससे अवगत कराया, फिर दोबारा विभाग ने माकड्रिल करके आग से बचाव की तैयारियों को परखा।



कैली में आग से बचाव की तैयारियों को परखती अग्निशमन विभाग की टीम • सौ.स्वयं

प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा ने अस्पतालों में आग से बचाव के इंतजाम है या नहीं, इसकी आडिट कर रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया था। जिसके बाद अग्निशमन विभाग हरकत में आया। टीम 30 मई को मेडिकल कालेज में आग से बचाव के इंतजाम देखने पहुंची तो पता चला कि स्टैटिक टैंक में पानी नहीं है। विभाग ने इसकी रिपोर्ट भेज दी। मेडिकल कालेज प्रशासन दो दिन में टैंक को पानी से भर दिया और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। टीम पुनः मेडिकल कालेज पहुंची और माकड्रिल के जरिये सभी तैयारियों को परखा। आग से बचाव संबंधी जानकारियां सभी चिकित्सकों और कर्मियों को दी। साथ ही अग्निशमन यंत्र चलाने की का भी प्रशिक्षण दिया। मेडिकल कालेज के एसोसिएट प्रो. व चिकित्सा अधीक्षक डा. अनिल यादव ने बताया कि माकड्रिल में व्यवस्था सुदृढ मिली है।

# पूर्वमंत्री के मामले की अगली सुनवाई 13 को

बस्ती। एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्वमंत्री रामप्रसाद चौधरी के केस की सुनवाई मंगलवार को हुई। एमपी एमएलए/ सीजेएम आशीष कुमार राय की अदालत में आचार संहिता, बलवा, मारपीट से जुड़े केस की पत्रावली शनिवार को प्रस्तुत की गई। इस मामले में पूर्वमंत्री रामप्रसाद चौधरी समेत कुल 13 आरोपियों की ओर से उनके अधिवक्ता ने गैरहाजिरी माफी का प्रार्थना-पत्र दाखिल किया। इस पर कोर्ट ने पत्रावली शेष साक्ष्य के लिए 13 जून 2024 को पेश करने का आदेश जारी किया। मालूम हो कि 10 वर्ष पूर्व लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान 13 अप्रैल 2014 को कप्तानगंज क्षेत्र में आचार संहिता उल्लंघन, बलवा, मारपीट की घटना में पुलिस ने केस दर्ज कर चार्जसीट कोर्ट में दाखिल कर दिया था। इसमें आरोपित कुछ व्यक्तियों की मौत चुकी है, अभी भी पूर्वमंत्री रामप्रसाद चौधरी समेत 13 लोग अभियुक्त हैं।

# युवती व किशोरी को भगाने वाले गिरफ्तार

जासं, गौराः कप्तानगंज पुलिस ने किशोरी व युवती को भगाने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही भगाई गई किशोरी व युवती भी पुलिस ने बरामद कर ली है। युवती को भगाने के मुकदमे में आरोपित युवक को सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अपहृता भी मिल गई। इसी प्रकार थाना क्षेत्र से एक किशोरी को भगाने के मामले में दर्ज मुकदमे से संबंधित आरोपित को सूचना के आधार पर पिकौरा सानी गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुलिस को तहरीर देने जा रही महिला की गला रेतकर हत्या

## नकहा गांव में हुई वारदात, मायके में रह रही थी महिला, आरोपी भी गांव का

संवाद न्यूज एजेंसी

बहादुरपुर। कलवारी थाना क्षेत्र के नकहा गांव में मायके में रह रही एक महिला की उसी गांव के व्यक्ति ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी।



साहिना (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार, 30 वर्षीय साहिना खातून मायके में पैतृक मकान में रहती थी। भाई परिवार के साथ बाहर रहते हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को साहिना का अपनी बहन और एक अन्य महिला से विवाद हो गया था।

इस मामले की वह शनिवार को थाने पर शिकायत करने जा रही थी। वह तकिया गांव से पास पहुंची थी कि नकहा के ही एक शख्स ने धारदार हथियार से उसकी गला रेत दी।

महिला को घायलावस्था में देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायल को जिला अस्पताल भेजवाया। थानाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह ने बताया कि वारदात के आरोपी की पहचान कर ली गई है।

आरोपी की पहचान जावेद निवासी नकहा के रूप में हुई है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। तहरीर नहीं मिली है, मगर पुलिस केस दर्ज करने की कार्रवाई में जुट गई है।

### बहन से विवाद बना मौत का कारण

बहादुरपुर। साहिना खातून के मायके में रहने पर दो दिन पहले बहन से विवाद हुआ था। इसके बाद विवाद करने वाली बहन शुक्रवार को अपने घर चली गई। इस मामले में साहिना शनिवार को थाने में तहरीर देने जा रही था। रास्ते में नकहा निवासी जावेद ने उसका गला रेत दिया। इससे उसकी मौत हो गई। गांव में हो रही चर्चा के अनुसार, साहिना के मायके में रहने पर शुक्रवार को उसकी बहन व गांव के एक अन्य महिला से उसका विवाद हो गया था। दोनों यह नहीं चाहती थीं कि वह मायके में रहे। दरअसल, साहिना का पति के साथ तलाक हो जाने के कारण वह माता-पिता के बनाए मकान में सात वर्षीय बेटी खुशी के साथ रह रही थी। उसका यहां रहना उसकी बहन को नागवार लगता था। इस पर कई बार विवाद भी हो चुका था। साहिना का जिस समय गला रेता गया, उस समय उसकी सात वर्षीय बेटी भी साथ थी। संवाद

# छात्रा के अपहरण का आरोपी भेजा गया जेल

**महराजगंज (बस्ती)**। एक माह पहले छात्रा का अपहरण करने के आरोपी युवक को कप्तानगंज पुलिस ने सीएचसी के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया। पुलिस छात्रा को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस और सर्विलांस सेल की टीम आरोपी की तलाश में एक महीने से जुटी थी। संवाद

# मारपीट में तीन नामजद

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने ग्राम कटरा बुजुर्ग में मारपीट के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। मोनिका ने पुलिस को तहरीर दी है। कहा है कि उनके गांव के कन्हैया, सुधा व बन्नी ने उन्हें मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# श्रमिकों की पिटाई में चार पर केस दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने ग्राम मनौढ़ी में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन का कार्य कराने की बात को लेकर गांव के सूरज चौधरी, वासुदेव चौधरी, ध्रुव चौधरी व एक अन्य ने मौके पर कार्य कर रहे श्रमिकों को लाठी-डंडा व सरिया से मारापीटा था। कई श्रमिक घायल हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में भिरिया ऋतुराज निवासी हर्षित सिंह की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने व श्रमिकों को मारने-पीटने, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। संवाद

# आठ लोगों पर मारपीट व बलवा का केस दर्ज

**नगर बाजार (बस्ती)** । नगर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ घर पर चढकर मारने पीटने, बलबा, लूट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सराय निवासी रामकुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि विपक्षी एक राय होकर हाथ में हॉकी डंडा लेकर घर पर चढ गए और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घर में रखा कीमती सामान साड़ी,कपड़ा, चाँदी का पायल, सोने की बाली, तीन हजार रूपये नगद व बर्तन लूट लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने नगर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर संगम भारती, राम बेचन, रोशन, इंद्रराज, नीरज, करिश्मा, मधु व सीता देवी निवासी बकैनिया थाना नगर के विरूद्ध पुलिस ने मारपीट, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

# पैतृक गांव लाया गया होमगार्ड का शव

## मिर्जापुर में चुनाव ड्यूटी के दौरान हीट स्ट्रोक से 31 मई को हुई मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

भानपुर। सातवें चरण के चुनाव ड्यूटी में मिर्जापुर गये सोनहा थाना क्षेत्र के मैलानी साहब वाजिद गांव निवासी होमगार्ड सत्य प्रकाश पांडेय 52 का 31 मई की सुबह हीट स्ट्रोक की चपेट में आने से मौत हो गई।



सत्य प्रकाश पांडेय। फाइल फोटो

शनिवार की सुबह 10.54 बजे उनका शव सरकारी एंबुलेंस से उनके पैतृक गांव मैलानी साहब वाजिद पहुंचा।

शव पहुंचते ही वहां कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे जिला कमांडेंट अन्तिम कुमार सिंह व एडीसी रामचरन ने परिवार के लोगो को ढांढस बधाया।

### जिला कमांडेंट ने परिवार के लोगों को बंधाया ढांढस



सत्य प्रकाश की मौत होने पर रोते-बिलखते परिजन। संवाद

आश्वासन दिया कि शासन तथा विभाग की ओर से परिवार को मिलने वाली आर्थिक सहायता व अन्य सुविधाएं विधिक प्रक्रिया पूर्ण कराकर शीघ्र दिलाने का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने परिवार वालों के साथ मृतक के शव को कंधा देकर अन्तिम संस्कार के लिये रवाना कराया। इस मौके पर साथी होमगार्ड दीप चंद यादव, इंद्रदेव सिंह, विश्वनाथ पाण्डेय, अभिषेक सिंह के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

*मृतक आश्रित परिवार को शासन अथवा विभाग से मिलने वाली आर्थिक मदद व परिवार के एक सदस्य को नौकरी की सुविधा शीघ्र दिलाने का प्रयास किया जायेगा।*

**- अंतिम कुमार सिंह**, जिला कमांडेंट होमगार्ड

सत्यप्रकाश मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के चलते सभी के प्रिय थे। उनकी अचानक मौत से परिवार और गांव वालों के साथ पड़ोसी गांव के लोग भी गमजदा हैं। वह अपने पीछे पत्नी दुर्गावती व बेटे परमात्मा 25 वर्ष व पवन पांडेय 17 वर्ष को छोड़ गए हैं।

## नाबालिग को भगाने में तीन पर एफआईआर

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने 16 वर्षीय किशोरी को बहलाफुसला कर भगा ले जाने के मामले में मोहल्ले के युवक रेहान भगा ले गया, इस मामले में परिवार से पूछताछ करने पर मारने पीटने के मामले में पुलिस ने रेहान, रेहान का भाई व रेहान के परिवार वालों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। संवाद

## अवर अभियंता ने ट्रक चालक पर दर्ज कराया केस

**बस्ती।** नगर पुलिस ने गोटवा पावर हाउस के निकट हरलाल का ट्रांसपोर्ट फरीदाबाद के ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर विद्युत विभाग का खंभा तोडने के मामल में अवर अभियंता निर्मल कुमार की तहरीर पर केस दर्ज किया है। संवाद

## मारपीट में दो पर केस दर्ज

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने बनगवां खास में बकरी के मामूली विवाद में गाली देते हुए मारने पीटने के मामले में गांव के शिव प्रसाद पुत्र काशी ने रजीत व उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## घर से गायब हुई युवती, गुमशुदगी दर्ज

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव से 20 वर्षीय युवती 25 मई की भोर में घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कंई कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थाने में एक तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि वह अपनी भतीजी को गोंद लिए हैं। जिसका बचपन से पालन पोषण कर रहे हैं। उनकी गोंद ली हुई 20 वर्षीय युवती रात में तीन बजे अचानक घर से गायब हो गई। जिसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सप्ताह बीतने को है युवती का पता न चल पाने से परिवार के लोग परेशान हैं। संवाद

## धमकी देने में चार नामजद

बस्ती। नगर पुलिस ने चुनाव की बात को लेकर मरहा गांव निवासी विवेक जायसवाल पुत्र राजीव जायसवाल को मारने पीटने तथा धमकी देने के मामले में कोईलपुरा गांव निवासी सियाराम चौधरी, अजय चौधरी उर्फ गब्बर, चितरगड़िया निवासी रणजीत चौधरी व सात-आठ अन्य के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। संवाद

## मारपीट में तीन पर केस दर्ज

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने कल्यानपुर गांव में बिना किसी बात मारने पीटने के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को रागिनी पत्नी मुकेश ने तहरीर दिया है कि उन्हें बिना किसी बात के गांव के अरविंद, विजय कुमार व सुभावती ने एकजुट होकर मारापीटा। जान मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## आईटी एक्ट का केस दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर महोबा जिले के उदल चौका थाना मिल्कीपुर मरवनिया निवासी नरेंद्र गुप्ता के खिलाफ आईटी एक्ट का केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि उसकी शादी नरेंद्र गुप्ता से हुई थी। व्यवहार ठीक न होने के कारण उन्होंने नरेंद्र से सक्षम न्यायालय में डायवोर्स ले लिया। नरेंद्र ने फेंक आईडी बनाकर उसकी फोटो के साथ छेड़छाड़ करके गंदे-गंदे पोस्ट इंस्टाग्राम व फेसबुक पर निरंतर पोस्ट कर उसे अपमानित किया। पुलिस ने इस मामले में नरेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## मारने पीटने का आरोप, चार पर केस दर्ज

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने सरैया बक्शी गांव में घर के बगल नित्यक्रिया के लिए जाने पर पुरानी रंजिश में आरोप लगाने पर विरोध करने पर मारने पीटने व गाली देने का एक महिला ने आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में गांव की सुमन देवी पत्नी सोनू कुमार की तहरीर पर दुलारी, बिंदु, सपना व संध्या के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# मॉकड्रिल कर अग्निशमन विभाग ने परखी आग से बचाव की तैयारी

## मेडिकल कॉलेज के ओवरहेड टैंक में भरा पानी, अग्निशमन यंत्रों की हुई जांच, बचाव के दिए टिप्स

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा इकाई ओपेक चिकित्सालय कैली में आग से सुरक्षा के लिए प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा के निर्देश के बाद तैयारियों पर कवायद शुरू हो गई है। शनिवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर आग से सुरक्षा के इंतजाम की जांच की। खामियों को दूर किया। मॉकड्रिल कर टीम ने सभी को सुरक्षा के टिप्स दिए।



मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन यंत्र की हुई जांच। संवाद

आग की बढ़ती घटनाओं का संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा ने अस्पतालों में आग से बचाव के इंतजाम की समीक्षा की थी। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अनिल यादव व सीएमएस डॉ. एएन प्रसाद ने बैठक कर व्यवस्थागत ढांचे में सुधार की जरूरत महसूस करते हुए अग्निशमन विभाग को सर्वे करने के लिए पत्र लिखा था।

इसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम मेडिकल कॉलेज में आग बचाव के इंतजाम जांचने पहुंची। अस्पताल में आग से बचाव के लिए रखे टैंक में पानी नहीं था, जिसे तत्काल भरवाया गया। इसके बाद टीम मेडिकल कॉलेज पहुंची और मॉकड्रिल के जरिए तैयारियों को परखा।

मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल यादव ने बताया कि आग से बचाव के सभी उपकरण सक्रिय हैं। इंतजाम बेहतर हैं, जो कमियां थीं, उसे दूर कर दिया गया है।

# मतगणना स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

## सुरक्षा और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद करने के दिए निर्देश

बस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अब 4 जून को मतगणना है। इसे लेकर प्रशासनिक अमला जुट गया है।

सभी प्रत्याशियों को मतगणना एजेंटों का पास बनवाने के लिए जहां डीएम अंद्रा वामसी ने पत्र लिखा है, वहीं मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने में जुटे हैं।

इसे लेकर डीएम वामसी व एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने शनिवार को मंडी स्थल का निरीक्षण किया। यहां सुरक्षा में लगे कर्मियों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतगणना के दिन स्थल से भीड़ को 100 मीटर दूर रखने का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा कि तापमान को देखते हुए इस बार मतगणना कक्ष में पानी के अलावा कमरों को ठंडा रखने की भी व्यवस्था होगी।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

# खोया मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

**109 लोगों का खोया हुआ मोबाइल एसपी ने वास्तविक मोबाइल धारकों को सौंपा**

**बरामद किए गए मोबाइल की कीमत 13 लाख 8 हजार रुपए आकी गई है**

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। जिले की सर्विलांस सेल की टीम ने लोगो के खोए हुए 109 अदद मोबाइल को बरामद किया है, बरामद किए गए मोबाइल को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा वास्तविक मोबाईल धारकों को वापस किया गया।पुलिस अधीक्षक के हाथो

अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगो के चेहरे खिल गए,बरामद किए गए मोबाइल की कुल कीमत 13 लाख 8 हजार रुपए आकी गई है।

मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें यह विश्वास ही नहीं था कि उनका मोबाइल अब मिल जाएगा,लेकिन जब एसपी अफिस से फोन गया कि आपका मोबाइल मिल गया है,शनिवार को आकर प्राप्त कर लीजिए,जब फोन आया तो तो खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं रहा,और जब पुलिस अधीक्षक के द्वारा आज खोया हुआ मोबाईल मिला तो बहुत ही प्रसन्नता हुई।पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोगो से अपील किया कि अपने मोबाइल के सुरक्षा के प्रति लोग गंभीर रहे,अगर मोबाइल खो गया है तो संबंधित थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराए।





महिला को उसका खोया हुआ मोबाइल वापस करती व मोबाइल धारकों के साथ ग्रुप फोटो करवाती पुलिस अधीक्षक।

# चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले थाना प्रभारियों को एसपी ने किया सम्मानित

**बानगंगा(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर प्राची सिंह ने लोकसभा चुनाव में अच्छी गुणवत्ता का स्वास्थ्यवर्धक एवं लजीज लंच पैकेट उपलब्ध कराने को लेकर सिद्धार्थ नगर जनपद के तीन थाना प्रभारियों को सम्मानित किया है, जिसमें प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु को प्रथम, थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ को द्वितीय तथा प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ को तृतीय नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर प्राची सिंह ने मीडिया को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 चुनाव के ष्टिगत विभिन्न जनपदों से आये पुलिस बल हेतु दिनांक 25052024 (चुनाव के दिन) चुनाव ड्यूटी मे तैनात पुलिस बल को अच्छी गुणवत्ता, स्वास्थ्यवर्धक एवं लजीज लंच पैकेट उपलब्ध कराकर जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस का मान बढ़ाया गया, अपने उत्तरदायीत्व के प्रति विशेष रुचि एवं समर्पण को परिलक्षित करता है। जिसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी और इसी गुड वर्क को लेकर प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु राजेश कुमार गुप्ता को प्रथम, थानाध्यक्ष ढ़ेबरुआ शशांक सिंह को द्वितीय तथा प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ राज कुमार पाण्डेय को तृतीय नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



थाना प्रभारी को सम्मानित करती एसपी। फोटो : एसएनबी




त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के जीवाराई गांव में मिट्टी खनन में लगी जेसीबी।

# जेसीबी से मिट्टी खनन का अवैध धंधा जोरों पर

## कामयाबी

- त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी खनन का धंधा जोरों पर है
- आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्राली के चालकों में से कई के पास डीएल भी नहीं है

भनवापुर, हिन्दुस्तान संवाद। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है। शनिवार को क्षेत्र के जीवाराई गांव के पश्चिम दिन दहाड़े जेसीबी से मिट्टी का खनन हो रहा था।

जीवाराई गांव में जेसीबी से मिट्टी खनन कर आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्रॉली से ले जाया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मिट्टी ढोने में लगे आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्राली के चालकों में से कई के पास डीएल भी नहीं है। एसडीएम डुमरियागंज डॉ.संजीव दीक्षित ने कहा कि जेसीबी से हो रहे खनन की जांच करा कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

# अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**उस्का बाजार।** कस्बा के विभिन्न वार्डों में स्थित तालाब पोखरों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे जहां पशु पक्षियों के समक्ष पेयजल संकट हो रहा है वहीं जल संरक्षण को भी झटका लग रहा है। परती, रेहरा, मोगलहा आदि स्थानों पर स्थित तालाब, पोखरों पर अतिक्रमण किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं।

पोखरों पर अतिक्रमण होने से बरसात के दिनों में जलभराव की नौबत हो जाती है। जानकारों का कहना है कि मोहल्लों में प्राकृतिक जल संग्रह होने से बरसात का पानी उसमें चला जाता था। अतिक्रमण होने से सभी पट गए हैं इसलिए जलभराव की नौबत आ जाती है। कस्बे के लोगों ने प्रशासन से सर्वे कराकर तालाब, पोखरों को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाना की पुलिस ने शनिवार को हत्या के प्रयास के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि रामदेव पुत्र चंद्रिका निवासी गायघाट टोला दुबौलिया थाना चिल्हिया के खिलाफ धारा 147, 148, 323, 324, 504, 427, 307 के तहत मुकदमा दर्ज था। वह आरोपी रामदेव पुत्र चंद्रिका फरार चल रहा था। चिल्यिा थाना पुलिस ने आरोपी रामदेव को परैया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# गायब 109 मोबाइल बरामद

सिद्धार्थनगर। सर्विलांस सेल ने जिले के 109 लोगों की गायब हुई मोबाइल को बरामद कर लिया है। बरामद मोबाइलों को पुलिस कार्यालय में एसपी प्राची सिंह ने उनके स्वामियों को शनिवार को सौंप दिया। एसपी ने कहा कि मोबाइल धारकों को चाहिए कि वह उसकी सुरक्षा जिम्मेदारी के साथ करें। मोबाइल किसी गलत व्यक्ति के हाथों में पड़ने पर उसका गलत इस्तेमाल भी हो सकता है। खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

# मतगणना के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सिद्धार्थनगर। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतगणना से 72 घंटे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में मतगणना से संबंधित किसी सूचना व शिकायतों को प्राप्त करने के लिए कंट्रोल रूम संचालित करने के निर्देश दिए हैं। डुमरियागंज संसदीय सीट की मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद के विकास भवन स्थित सभागार में कंट्रोल रूम संचालित हो गया है। जिसका टेलीफोन नंबर 05544-220006 व हेल्पलाईन नंबर 1950 है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम बीएस यादव ने दी। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम पर मतगणना से संबंधित सूचना या शिकायत उपलब्ध कराई जा सकती है।

# मतगणना का दिन शुभ बनाने को कर रहे जतन

## बढ़ी धड़कन

सिद्धार्थनगर। निसं। लोकसभा चुनाव 2024 में जिले की एक मात्र लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज में ताल ठोंकने वाले छह प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला चार जून को होगा। इस दिन को शुभ बनाने के लिए सभी प्रत्याशी तरह तरह के जतन कर रहे हैं। कोई मंदिरों में पूजा अर्चना में लगा है तो कोई अपने समर्थक एवं इष्टमित्रों से चुनाव के दौरान घटे वाकए व अपनी जीत के आंकड़ों में सिर खपा रहा है। इस सबके बीच उनकी निगाहें जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी में बने स्ट्रांग रूम पर भी लगी हैं। यहां कड़े सुरक्षा इंतजाम के बावजूद कुछ प्रत्याशी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका को दिमाग से नहीं निकाल पा रहे हैं।

डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को हुए मतदान के बाद ईवीएम व वीवी पैट मशीनें पैरामिलिट्री फोर्स की कड़ी सुरक्षा में नवीन मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रखवा दी गई। इसके बाद स्कूटनी के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई। मंडी के प्रवेश द्वार से करीब 500 मीटर दूर पर बैरियर लगवा दिया गया तो मंडी के एंट्री प्वाइंट के पास भी बैरियर लग गया। जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी के बाहर मतदान की शाम से अब तक हर दिन राजनीतिक दलों के कई कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं। शनिवार को नवीन मंडी के बाहर ईवीएम की रखवाली में लगे एक प्रत्याशी के समर्थक सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान दिलाने पर बोले कि सुरक्षा तो ठीक है, लेकिन कोई भरोसा नहीं कि कब क्या हो जाए।

### चौबीस घंटे निगरानी

मतगणना स्थल नवीन मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम में बंद ईवीएम की रखवाली का जिम्मा परिसर के अंदर त्रिस्तरीय सुरक्षा के घेरे में है। मंडी परिसर की बाउंड्रीवाल के बाहर चारों तरफ से पुलिस का सुरक्षा घेरा मौजूद है, जबकि गेट के अंदर बाहर से आए सुरक्षा के जवान रात दिन चौकस हैं।

# गैर इरादतन हत्या के 5 आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। ढेबरुआ पुलिस ने क्षेत्र गड़रखा में मारपीट में घायल एक व्यक्ति की मौत के मामले में शनिवार को पांच लोगों को गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। एसओ शशांक कुमार सिंह ने बताया कि गड़रखा गांव में मारपीट के दौरान घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस मामले में गांव के ही रविन्द्र, पंकज व हरेंद्र ,जगदीश व आशीष पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया था। पांचों आरोपियों को मुहचोरवा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चार जून को नवीन मंडी समिति में होगी मतगणना, दो पालियों में तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मी

# मतगणना में रहेगी कड़ी सुरक्षा

**तैयारी**

**सिद्धार्थनगर, निसं।** डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना चार जून को शहर के नवीन मंडी समिति में सुबह आठ बजे से होगी। मतगणना के दौरान किसी प्रकार की आशांति न हो प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। दो पालियों में नजर वाले खाकी चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेगी। रिजर्व में भी फोर्स रखी गई है जरूरत पड़ने पर उसे भी लगाया जा सकता है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि मतगणना को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी। अंदर और बाहर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रहेंगे। किसी भी बाहरी को मतगणना परिसर में परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मतगणना टेबल तक केवल मतगणना एजेंटों को ही जाने दिया जाएगा। जो मतगणना एजेंट जिस टेबल का होगा उसे भी दूसरी टेबल पर जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मतगणना को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना उद्देश्य है। किसी को हुड़दंग करने की इजाजत नहीं होगी। अगर किसी ने शांति व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश की तो उससे पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने कहा कि मेन गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मी सिर्फ उन्हीं को तलाशी के बाद प्रवेश देंगे जिनके पास वैध पास होगा। मतगणना के दिन प्रथम पाली में थानाध्यक्ष निरीक्षक आठ एसआई 84, हेडकांस्टेबल 338, कांस्टेबल 42की डयूटी लगाई गई है। वहीं दूसरी पाली में निरीक्षक एसआई 44, हेड कांस्टेबल 205 और 32 कांस्टेबल की ड्यूटी लगी है।




नवीन मंडी स्थल में बने स्ट्रांग रुम रखे गए ईवीएम।

**08** एसआई, 84 हेंड कांस्टेबल की मतगणना की प्रथम पाली में लगाई गई है डयूटी

**44** एसआई, 205 हेंडकांस्टेबल की मतगणना की दूसरी पाली में लगी डयूटी

- मतगणना वाले दिन रिजर्व में 150 सुरक्षाकर्मियों को रख कर लगाई गई है ड्यूटी
- हुड़दंगियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने कर ली है मुकम्मल तैयारी

**रिजर्व में 150 सुरक्षाकर्मी:** मतगणना के दिन तैनात सुरक्षाकर्मियों के अलावा रिजर्व में भी जवान रखे गए है। 150 पुलिस कर्मियों को प्रशासन ने रिजर्व में रखा है। जरूरत पड़ने पर उनकी भी ड्यूटी लगाई जा सकती है।

# सेवा संग खुद को बचाना कर्मियों के लिए चुनौती

- गर्मी में उबल रहा जिला, मुश्किल में पब्लिक सेक्टर से जुड़े कर्मचारी
- ज्येष्ठ माह में सूर्य रोहिणी में प्रवेश करता है तो लग जाता है नौतपा

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** नौतपा चल रहा है जिसने आम लोगों के साथ कर्मचारियों खास कर उसे सेक्टर के जो पब्लिक से जुड़े हैं उनके सामने मुश्किल खड़ी कर रखी है। कर्मचारियों के सामने दूसरे की सेवा करते हुए खुद को नौतपा से बचाना बड़ी चुनौती बना हुआ है।

नौतपा दो जून तक रहेगा। नौतपा यानी नौ दिनों तक सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ेंगी। इससे तापमान रिकार्ड तोड़ेगा। बताया जाता है कि ज्येष्ठ माह में सूर्य रोहिणी में प्रवेश करता है तो नौतपा लग जाता है। नौतपा घरों से बाहर निकलने वालों के साथ काम करने वालों के सामने भी मुश्किलें खड़ा किए रहता है। जरा सी लापरवाही जान पर बन आती है। जिला अस्पताल में तैनात महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ समीर सिंह ने कहा कि नौतपा ने लोगों का जीना मोहाल कर रखा है। इन दिक्कतों के बीच स्वास्थ कर्मी मरीजों की सेवा में जुटे हैं। सभी कर्मचारियों से स्वयं के बचाव के साथ लोगों को जागरुक करने की सलाह दी गई है। कहा कि ठंड वाले पेय पदार्थो का अधिक से अधिक सेवन करें। उन्होंने दोपहर से शाम तक बाहर न निकलने की सलाह कर्मचारियों व आम लोगों की दी है।



शहर में नौतपा में खुले आसमान के नीचे चिलचिलाती धूप में अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद ट्रैफिक व सिविल पुलिस के जवान। • हिन्दुस्तान

## ट्रैफिक व सिविल पुलिस की इ्यूटी कठिन

ट्रैफिक व सिविल पुलिस के लिए नौतपा ने खासी मुश्किल खड़ी कर रखी है। खुले आसमान के नीचे खड़े होकर अपने फर्ज हो निभाना उनके सामने मुश्किल खड़ी कर रहा लेकिन ड्यूटी तो ड्यूटी है जिससे पूरी ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं। एक ट्रैफिक पुलिस ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पारा 40 डिग्री के ऊपर लगातार चल रहा है फिर भी धूप में खड़े रहना पड़ रहा है यह बीमार भी डाल सकता है। थोड़ी,थोड़ी देर पर पानी पीकर किसी प्रकार ड्यूटी करनी पड़ रही है।

**बस ड्राइवर व कंडक्टर लू के थपेड़ों का कर रहे सामना:** सिद्धार्थनगर डिपो में कार्यरत नौगढ़ निवासी बस ड्राइवर पप्पू तिवारी और उस्का बाजार निवासी कंडक्टर विजय जायसवाल ने कहा कि बस चलने के दौरान लू के थपेड़ों को झेलना नौतपा में मुश्किल हो रहा है। बसों में सवारियां होती हैं और उन्हें समय से उनकी मंजिल पर पहुंचाना चुनौती होती है इससे कहीं छाया में रोकर कुछ आराम भी नहीं कर सकते हैं।

# ऋण प्रकरण में बैंकों की भूमिका संदिग्ध, पुलिस ने भेजा नोटिस

## एक ही व्यक्ति के नाम पर कैसे पास हो गए सात-आठ लोन

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : 33 लाख गबन के मामले में सदर थाना पुलिस बैंकों की भी भूमिका को संदिग्ध मान रही है। उसने इस प्रकरण में शामिल सभी बैंकों को नोटिस भेजा है और उनसे जानकारी मांगी है कि एक-एक महिला के कितने ऋण हुए हैं और इसकी राशि किसके खाते में गई। इसका भुगतान बैंक से सीधे खाताधारक को क्यों नहीं हुआ। पुलिस का मानना है कि सभी बैंकों का जवाब मिलने के बाद यह स्पष्ट होगा कि इस प्रकरण में बैंकों की संलिप्तता है अथवा नहीं।

जिले के 12 से अधिक फाइनेंस बैंकों ने गांवों में महिलाओं का समूह गठित कर रखा है। यह उन्हें ऋण उपलब्ध कराते हैं और 15 से 30 दिन की किश्त बनाकर उसकी वसूली करते हैं। सदर थाना क्षेत्र के ही ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 11 के टोला बरगदही निवासिनी अनीता पत्नी रामनेवास भी इस समूह से जुड़ी थी। उसने समूह से जुड़ी अन्य महिलाओं को गुमराह करके उनके इन बैंकों में आठ से अधिक खाते खुलवा दिये और अलग-अलग उस लोन करा दिया। इसमें एक खाते पर न्यूनतम लोन 30 हजार रुपये का हुआ है। अनीता ने महिलाओं को झांसे में लिया था कि ऋण मिलने पर वह अपना कोई काम धंधा शुरू कर सकेंगी। इससे समाज में उनकी एक अलग पहचान होगी। उसकी बातों में आकर महिलाएं सहज इसके लिए तैयार हो गयीं। उसने सभी महिलाओं से बताया कि उनके नाम पर एक-एक लोन हो रहा है, जबकि उनके नाम पर आठ से अधिक लोन हुए। इसका किश्त भी कुछ दिनों तक उसने खुद ही भरा। बाद में उसने किश्त भरना बंद कर दिया तो उन्हें जानकारी हुई कि उनके नाम एक नहीं कई लोन हुए हैं। मामला पुलिस तक पहुंचा तो उसने इसकी जांच की। पता चला कि अनीता ने अपने एक साथी सदर थाना क्षेत्र के ग्राम रेहरा निवासी सोमनाथ पुत्र विनय की मदद से लोन की रकम को अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि एक महिला के नाम पर कैसे आठ-आठ लोन हो जा रहा है। बरगदही की ही सुभावती व उनकी बहू मनभावती के नाम पर तो 22 खाते हैं। इसमें सिर्फ दो लोन की उन्हें जानकारी है। अर्थात 20 लोन की रकम अनीता व सोमनाथ के पास है। ऐसे ही पिपरी की शांति पत्नी जालंधर के नाम पर सात खाते हैं। सात खातों पर 2.36 लाख रुपये का ऋण अलग-अलग बैंकों से हुआ है और यह रकम उसके इंडियन बैंक के खाते में भेजी गयी है। पुलिस को संदेह इस पर यह रकम यदि खाताधारक के किसी एक बैंक में जा रही है तो वहां से सीधे रुपये क्यों नहीं उसे दिये जा रहे हैं। बल्कि इस धनराशि को अनीता व सोमनाथ के खातों में क्यों ट्रांसफर कराया गया है। मामले के विवेचक नौगढ़ चौकी इंचार्ज अनूप मिश्र का कहना है कि पुलिस ने इसे लेकर बैंकों को नोटिस भेजा है।



नौगढ़ पुलिस चौकी पर फरियाद लेकर जातीं गांव की पीड़ित महिलाएं • जागरण

तीन थाना प्रभारी सम्मानित : सिद्धार्थनगर : चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने पर एसपी प्राची सिंह ने तीन थाना प्रभारियों को पुरस्कृत किया है। यह जानकारी पुलिस मीडिया सेल की ओर से दी गई है। कपिलवस्तु थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश गुप्ता को प्रथम, ढेबरुआ थाना प्रभारी शशांक सिंह को द्वितीय व शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडेय को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

# हत्यारोपित प्रधान समेत पांच आरोपितों को भेजा जेल

## चुनावी रंजिश को लेकर बुधवार की रात गड़रखा में अब्दुल मजीद पर ग्राम प्रधान ने किया था जानलेवा हमला

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : मारपीट कर युवक की जान लेने के मामले में ढेबरुआ थाना पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपित ग्राम प्रधान का नाम रविंद्र शर्मा है। वह ढेबरुआ थाने के ग्राम गड़रखा का रहने वाला है। उसके अलावा जेल जाने वालों में गड़रखा का ही कोटेदार जगदीश, पंकज शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, आशीष कुमार शामिल हैं। चुनावी रंजिश को लेकर बुधवार की रात ढेबरुआ थाने के ग्राम गड़रखा में घुरहू व ग्राम प्रधान रविंद्र शर्मा के समर्थकों में मारपीट हो गयी। इस दौरान गांव के अब्दुल मजीद ने बीच बचाव की कोशिश की तो रविंद्र के पक्ष के लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे अब्दुल मजीद समेत तीन व्यक्ति घायल हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी भेजा गया। वहां अब्दुल मजीद की स्थिति गंभीर देख उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। अब्दुल मजीद की मृत्यु के बाद पुलिस मुकदमे में हत्या के प्रयास का मामला बढ़ा दिया। घटना के बाद पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार की सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि ग्राम प्रधान व उनके अन्य साथी ढेबरुआ थाना क्षेत्र मुहचोरवा घाट पर मौजूद हैं। वह वहां से कहीं जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए मौके पर घेराबंदी करके ग्राम प्रधान रविंद्र शर्मा समेत कोटेदार जगदीश, पंकज शर्मा, हरेन्द्र शर्मा, आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चार लाठी व एक लोहे का राड भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया। आरोपितों की गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष शशांक सिंह के अलावा उपनिरीक्षक योगेश कुमार मणि, हेमराज वर्मा, दिलीप, सौरभ सिंह, अनिल कुमार, अजय यादव अन्य शामिल रहे।

### हत्या के प्रयास में एक आरोपित को भेजा गया जेल

जासं, शोहरतगढ़ : चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गायघाट टोला दुबौलिया में 16 मई रात में हुए धारदार हथियार से मारपीट में शामिल फरार एक आरोपित को पुलिस ने परैया पुल से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले चार आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। चिल्हिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि 16 मई की रात गांव मनोज, रामदेव, रामरतन, भवन्त, सर्वजीत सहित अन्य पुरानी रंजिश को लेकर वकील के घर के घुस कर वकील सहित स्वजन को कुल्हाड़ी, फरसा व लाठी-डंडा से मारपीट कर जख्मी कर दिया था। वकील के तहरीर पर आरोपी मनोज, रामदेव, रामरतन, भगवंत, सर्वजीत सहित एक अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास व बलवा सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर किया गया था। मामले मे चार आरोपित को पहले भी जेल भेज दिया गया था।

लेकिन इस मामले में शामिल आरोपी रामदेव फरार चल रहा था। शनिवार लगभग 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि रामदेव परैया पुल के पास मौजूद है। कही भागने के प्रयास में है। मौके पर पुलिस पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# दूसरे के खाते में मंगाया धन, आईडी देने में आनाकानी

**कपिलवस्तु।** कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुर में एसबीआई सीएसपी संचालक के खाते में एक व्यक्ति ने 1.20 लाख रुपये मंगवाए और उससे पैसा निकालने को कहा। सीएसपी संचालक ने जब उससे आईडी मांगी तो वह आनाकानी करते हुए संचालक को धमकी देने लगा।

सीएसपी संचालक कमाल अहमद एसबीआई बर्डपुर नंबर सात शाखा से संबंध हैं और धर्मपुर चौराहे पर सीएसपी संचलित करते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को दो व्यक्ति मारुति कार से आए और कहा कि हमारे घर का निर्माण चल रहा है। पैसे की सख्त जरूरत है, और हमारे खाते से पैसा निकल नहीं रहा है। हमारे पिताजी पैसा भेज रहे हैं, अपने खाते में मंगाकर मुझे दे दीजिये।

कमाल अहमद ने बताया कि हमने अपना खाता नंबर दे दिया, जिसमें 1.20 लाख रुपये आ गए। पैसे आने के बाद मुझे उन की बातों पर संदेह होने लगा। जब उनसे आईडी मांगी तो उन्होंने देने से मना कर दिया। फिर उन लोगों को एसबीआई शाखा लेकर गया। वहां भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही आईडी दी गई। दोनों भाग गए और फोन से बार -बार धमकी दी जा रही है। इस संबंध में कपिलवस्तु कोतवाली प्रभारी राजेश गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# पीड़ितों को सौंपा 109 मोबाइल

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : सर्विलांस सेल ने खोए और चोरी हुए 109 मोबाइल को शनिवार को पीड़ितों को सौंपा। पुलिस लाइन्स सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसपी प्राची सिंह ने सभी को उनका मोबाइल सौंपा। मोबाइल बरामद करने में सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी जनार्दन प्रजापति, विवेक कुमार मिश्रा, हिन्दे आजाद, आरक्षी अभिनन्दन सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

इनकी मिली मोबाइल :पुलिस टीम ने जिन लोगों की मोबाइल बरामद किया उनमें शिवमंगल निवासी गुलरी मोहनकोला थाना शोहरतगढ़, रंजीत लोधी निवासी टीसम थाना ढेबरुआ, शिनम शुक्ला परसपुर थाना भवानीगंज, सदन मुरारी, बनकटा दो थाना खेसरहा, नीरज ओझा निवासी भैंसाठ थाना गोल्हौरा, इसलावती निवासी सिसई कला बनगवा थाना पथरा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# पुलिसकर्मी पुरस्कृत

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोकसभा चुनाव में विभिन्न जनपदों से आये पुलिस बल के लिए चुनाव के दिन 25 मई को अच्छी गुणवत्ता का स्वास्थ्यवर्धक लंच पैकेट उपलब्ध कराने के मामले में पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया है। संवाद

# गैर इरादतन हत्या में जेल भेजा

तुलसियापुर। ढेबरुआ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के वांछित ग्राम प्रधान व कोटेदार सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पांचों अभियुक्तों पर गांव में दूसरे पक्ष के साथ मारपीट करने का आरोप है, और मारपीट में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई को ढेबरुआ थानाक्षेत्र के गड़रखा में मोबाइल पर गलत फोन आने पर हुए विवाद में मारपीट हो गई थी, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे। इसमें से एक गंभीर रूप से घायल अब्दुल मजीद की मृत्यु इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को हो गई। घटना में नामजद पांच अभियुक्त ग्राम प्रधान रविंद्र शर्मा, कोटेदार जगदीश, पंकज शर्मा, हरेंद्र शर्मा व आशीष कुमार को शनिवार को थानक्षेत्र के मुंहचुरवा घाट से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**चार लाठी व लोहे की रॉड बरामद की गई**

इस दौरान उनके पास से चार लाठी व लोहे की रॉड भी बरामद की गई। इन पांचों अभियुक्तों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या, घर में घुसकर मारपीट व बलवा जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ के अलावा एसआई योगेश कुमार मणि, हेमराज वर्मा, दिलीप, सौरभ सिंह, अनिल कुमार, अजय यादव शामिल रहे। संवाद

# बैंकों को नोटिस भेजकर मांगी जानकारी

**सिद्धार्थनगर।** समूह की महिलाओं से ठगी के मामले में सटीक जानकारी के लिए महिलाओं से मिले बैंक खाते के आधार पर पुलिस ने बैंकों को नोटिस दिया है। उनसे जानकारी मांगी है किस किस फाइनेंस बैंक कितनी कितनी धनराशि आई और किन किन बैंक खाते में भेजी गई, और किस महिला के कितने खाते हैं।

सदर थाना क्षेत्र के पिपरी, दौलतपुर सहित तीन गांव की 16 से अधिक महिलाओं से स्वयं सहायता समूह में खाता खुलवाकर निजी बैंकों से लोन दिलाने के मामले में लंबी ठगी की शिकायत हुई थी। 35 लाख से अधिक अपने का मामला सामने आया था। जबकि यह धनराशि 60 लाख से अधिक पहुंचने का अनुमान है। महिलाओं की शिकायत पर सदर पुलिस ने स्वयं सहायता समूह संचालिका आरोपी अनीता और सीएफसी संचालक सोमनाथ पर धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया और उन्हें जेल भेज दिया था।

मामले की सही जानकारी के लिए पुलिस तह जाने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार महिलाओं से मिले बैंक खाता एसबीआई, यूनियन, यूपी बैंक बड़ौदा इंडियन बैंक और पीएनबी बैंक से जुड़ा पाया गया है। पुलिस ने इन बैंकों को नोटिस देकर जानकारी मांगा है। संवाद

# सड़क पर बेतरतीब खड़े होते हैं वाहन, लगता है जाम

संवाद न्यूज एजेंसी

खेसरहा। क्षेत्र के बेलौहा बाजार में प्रतिदिन जाम लगने से लोग परेशान हैं। सड़क पर अतिक्रमण होने से समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

बेलौहा बाजार बांसी-खलीलाबाद राजमार्ग के दोनों तरफ बसा है। इसी मार्ग पर स्टेट बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पूर्वांचल बैंक, विकास इंटर कॉलेज सहित तमाम प्रतिष्ठान हैं, जबकि मार्ग पर एक तरफ से ठेले वाले व दूसरी तरफ ई-रिक्शा व प्राइवेट वाहन कब्जा किए रहते हैं।

*निर्माण के बाद सड़क ऊंची हो गई है। विभाग ने पटरी नहीं बनवाई है, इस वजह से स्थानीय लोग अपनी गाड़ी बेतरतीब ढंग से खड़ी कर देते हैं, जिससे जाम लग जाता है। इसके लिए लोगों को हिदायत दी जाएगी।* **-रवींद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष**

ऐसे में भारी वाहन आने से जाम लग जाता है। क्षेत्र के लगभग 50 गांव के लोगों की ब्लॉक व बैंक के कार्य से प्रतिदिन आवाजाही लगी रहती है।

मतगणना

मतगणना में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर होगी निगरानी, सशस्त्र पुलिस बल करेगी ड्यूटी, सुरक्षा के मद्देनजर किए गए हैं व्यापक इंतजाम

# दो जोन व आठ सेक्टर में बांटा शहर..700 सुरक्षाकर्मी संभालेंगे मोर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा चुनाव मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारी पूरी कर ली है। जहां ईवीएस रखवाली 24 घंटे की जा रही है। वहीं मतगणना के दिन चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगी।

सुरक्षा के लिए लिहाज से शहर को दो जोन और आठ सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेगी। हर प्वाइंट पर दरोगा की निगरानी सुरक्षा ड्यूटी रहेगी। सुरक्षा में 700 से अधिक जवान तैनात रहेंगे। साथ ही वीडियो रिकॉर्डिंग और सीसी कैमरे से कार्यक्रम स्थल पर नजर रखी जाएगी।

लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को है। थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईवीएम रखी गई है। अब मतगणना को सकुशल और विवाद मुक्त कराने की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। इसके लिए भारी संख्या पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सुरक्षा में सेंधमारी ना हो और जबरदस्त निगरानी की जा सके। इसके लिए शहर को दो जोन और 8 सेक्टर में बांट दिया है। दो शिफ्ट में 700 से अधिक जवान आठ सेक्टर में ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। सुरक्षा में आठ थानाध्यक्ष व निरीक्षक 150 उप निरीक्षक, 600 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल लगाए गए हैं। सबकी सेक्टर और टाइम पॉइंट पर तैनाती की गई है जो मतगणना के दिन मुस्तैद रहेंगे।



स्ट्रांग रूम मतगणना स्थल नवीन मंडी। संवाद

*मतगणना के दिन सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया है। शहर को दो जोन और 8 सेक्टर में विभाजित करके सुरक्षबलों की ड्यूटी लगाई गई है। हर बिंदु पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। अफसर पल-पल की गतिविधियां की जानकारी लेते रहेंगे। अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

**-प्राची सिंह,** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर

**इस प्रकार बनाए गए हैं सेक्टर :** पुलिस की ओर से बनाए गए सेक्टर में प्रथम सेक्टर में काशीराम आवास मोड अशोक मार्ग, हाइडिल तिराहा है। जबकि दूसरे सेक्टर में सनई, साड़ी, परसा और बांसी स्टैंड है। तीसरा सेक्टर में नवीन मंडी रोड ब्लॉक मोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोड़ गोबरहवा मोड, सिद्धार्थ तिराहा, सिंहेश्वरी मंदिर रोड, तहसील मोड, समेत 7 पॉइंट है। चौथे सेक्टर में पकड़ी मोड, हाइडिल तिराहा मोड सहित सात पॉइंट है। इसी प्रकार चार अन्य सेक्टर में कल 61 पॉइंट बनाए गए हैं। जहां सुरक्षा कर्मी मौजूद रहेंगे। यह आउटर कार्डन की व्यवस्था है। जबकि, इनर कार्डन में 13 से पॉइंट बनाए गए हैं। जबकि आइसोलेशन कार्डन में 20 चेक प्वाइंट बनाए गए हैं। हर बिंदु पर एक उपनिरीक्षक और सुरक्षाकर्मी अनिवार्य रूप से मुस्तैद रहेंगे।

**तीन स्थानों पर रहेगी पार्किंग की व्यवस्था :** पार्किंग स्थल अपोलो हॉस्पिटल सामने धरौली मोड पर बनाया गया है। पहले पार्किंग में उच्च अधिकारी। दूसरे में प्रत्याशी और उनके एजेंट और तीसरे पार्किंग स्थल में मीडिया और पुलिसकर्मी के वाहन पार्क किए जाएंगे।

## मतगणना के लिए बना कंट्रोल रूम

**सिद्धार्थनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना से 72 घंटे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में मतगणना से संबंधित किसी सूचना एवं शिकायतों को प्राप्त करने के लिए कंट्रोल रूम बना है।

लोकसभा चुनाव में डुमरियागंज लोकसभा सीट की चार जून को मतगणना सकुशल संपन्न कराने के लिए विकास भवन स्थित सभागार में कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है। जिसका टेलीफोन नंबर 05544-220006 एवं हेल्पलाइन नंबर 1950 है। इस कंट्रोल रूम पर मतगणना से संबंधित कोई भी सूचना, शिकायत उपलब्ध कराई जा सकती है।

### विकास भवन स्थित सभागार में कंट्रोल रूम 24 घंटे रहेगा संचालित

इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी तरह की जानकारी ली जा सकती है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी कंट्रोल रूम बीएस यादव ने दी है।

# फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, कोर्ट ने भेजा जेल

**शोहरतगढ़।** ग्राम गायघाट टोला दुबौलिया में मारपीट में धारदार हथियार से हमले के आरोपी को पुलिस ने परैया पुल से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में चार आरोपी पहले जेल जा चुके हैं। चिल्हिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि 16 मई की रात गांव के मनोज, रामदेव, रामरतन, भवंत, सर्वजीत ने घर में घुस कर वकील सहित परिजन को कुल्हाड़ी, फरसा व लाठी-डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

# कैबिनेट मंत्री पर हमला करने के आरोपियों को मिली जमानत

मगहर (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद पर वैवाहिक समारोह के दौरान हमला होने की घटना में आरोपी बनाए गए राधेश्याम यादव सहित चार सभी आरोपियों को जमानत मिल गई है। मुख्य आरोपी बनाए गए राधेश्याम यादव को एक माह बाद गुरुवार को न्यायालय ने जमानत दी है।

खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी हरीराम निषाद की पुत्री की शादी 21 अप्रैल 2024 को थी। शादी समारोह में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद शामिल होने गए थे। द्वारपूजा के बाद जयमाल कार्यक्रम के दौरान मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय निषाद भी वर-बधू को आशीर्वाद देने पहुंचे गए। वह स्टेज के सामने बैठ कर गांव वालों से चर्चा कर रहे थे तभी गांव के कुछ युवकों ने मगहर-कटसहरा मार्ग का निर्माण मंत्री के बेटे सांसद इं. प्रवीण निषाद द्वारा पांच साल के कार्यकाल में नहीं कराए जाने की शिकायत की। इसको लेकर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि गांव के युवकों द्वारा कैबिनेट मंत्री पर हमला कर दिया गया। जिससे उनके नाक पर चोट लगने से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था।

मंत्री के सुरक्षा कर्मी की तहरीर पर राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन यादव, दुर्विजय यादव पुत्र जगदीश यादव, सुरेंद्र यादव, जय प्रकाश यादव पुत्रगण लालमन यादव, सुभाष चन्द यादव पुत्र रामकवल यादव, गजेंद्र यादव पुत्र रामानन्द यादव एवं अन्य अज्ञात के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने आईपीसी की धारा 147, 323 और 307 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उसके बाद घटना के मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव व राम नयन यादव सहित सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया था। न्यायालय ने एक महीने बाद मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव को गुरुवार को जमानत दे दी और देर शाम जेल से रिहा कर दिया। इसके पूर्व अन्य आरोपियों की जमानत हो चुकी है।

# दहेज उत्पीड़न में छह के खिलाफ केस दर्ज

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** महिला थाना की पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में पीड़िता के पति व सास-ससुर सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

थानाध्यक्ष पूनम मौर्या ने बताया कि थाना धर्मसिंहवा के ग्राम बौरव्यास निवासिनी जैनब पत्नी इरशाद अहमद ने तहरीर देकर कहा है कि 16-09-2019 को दोनों परिवारों की सहमति से उसका निकाह इरशाद अहमद निवासी ग्राम भिउरा थाना दुधारा के हुई थी। शादी में उसके माता पिता ने अपने हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था और उसी समय उसकी विदाई भी हो गयी थी। शादी के बाद ही उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे एवं अपशब्द कहने के साथ ही मारपीट करना शुरू कर दिये। फिर भी वह सब कुछ सहती रही। कुछ वर्ष बाद उसने एक लड़की को जन्म दिया जिसका नाम शबाना है जो करीब दो वर्ष की है। पीड़िता का आरोप है कि दान-दहेज के लिए उसके पति इरशाद अहमद, ससुर तेजन अली, सास साबिया खातून के अलावा कैसर जहां, नवसाद व रजिया सभी लोग मिलकर उसे आये दिन मारते-पीटते रहते थे और फिर मारपीट कर घर से निकाल दिए तभी से वह अपने मायके में ही रह रही है। ससुराल आने के लिए 04 लाख ₹, वाशिंग मशीन, कूलर, सिलाई मशीन व अन्य सामान लेकर आने की बात ससुराली कहते हैं। जबरन आने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल के लोग अपनी मांग पर अडिग हैं। पीड़िता ने आशंका जताई है कि कहीं ससुराल जाने के बाद ससुराली मां-बेटी की हत्या न कर दें। पीड़िता ने थाना महिला में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। उक्त मामले में महिला थाना द्वारा पति इरशाद अहमद पुत्र तेजन अली, ससुर तेजन अली, सास शाबिया खातून पत्नी तेजन अली, कैसर जहां, नवसाद व रजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# तालाब में मिट्टी डालकर पाटने का आरोप, डीएम से शिकायत

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर में व्यक्तिगत तालाब को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जबरिया पाटकर बराबर करने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर दो पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। राजस्व विभाग ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया तो बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इसकी शिकायत पीड़ित ने महुली पुलिस के अलावा डीएम संतकबीरनगर को देकर न्याय की गुहार लगाई है।

विदित हो कि महुली थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड नम्बर 6 जवाहरनगर निवासी अयोध्या प्रसाद पुत्र ओरी ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में लिखा है कि ग्राम सवापार में उसका व्यक्तिगत तालाब है जिसका आराजी नम्बर भी उसी के नाम से खतौनी में दर्ज है। आज तक वह उस पर काबिज था। शनिवार को एकाएक नगर पंचायत हरिहरपुर के कुछ असामाजिकतत्वों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय के सह पर उसके तालाब में मिट्टी डाल करके पाटा जा रहा है और अवैध रूप से उसे कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इसको लेकर दो पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है।

डीएम को दिए गए शिकायतीपत्र में यह भी लिखा है कि उसके व्यक्तिगत तालाब को किसी को जबरिया पाटने का कोई अधिकार नहीं है फिर भी बदमाशों की बदौलत उनके जमीन को अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग किया है। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अविनाश यादव के मोबाइल नम्बर 9406114221 पर कई बार संपर्क किया, गया लेकिन उनकी मोबाइल स्विच आफ होने की वजह से बात नहीं हो सकी।

# मतगणना स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर (एसएनबी)। लोकसभा सामान निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून को हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज खलीलाबाद में प्रातः 8:00 बजे से शुरू होगी। गणना स्थल पर बैरिकेटिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था को रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने देखा और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं चाक-चौबन्द व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, बैरिकेटिंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से लोकसभा निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत एचआर पीजी कालेज खलीलाबाद के स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करके संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारीद्वय द्वारा स्ट्रांग रूम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में विद्युत आपूर्ति बनाये रखने तथा साफ-सफाई, शौचालय आदि की सुव्यवस्थित रखने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं चाक-चौबन्द व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, बैरिकेटिंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। अधिकारीद्वय ने कहा कि जो कार्य अधूरे हैं जो जल्द से जल्द पूर्ण कर लिए जाये। यदि इसमें किसी भी तरह की कोई परेशानी आती है तत्काल सूचित करें जिससे समय से उसका निस्तारण किया जा सके।

**अधिकारीद्वय ने निरीक्षण कर संबंधित को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश**



गणना स्थल पर बैरिकेटिंग का निरीक्षण करते रिटर्निंग ऑफिसर/जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक।

**मतगणना कार्मिक, एजेंट व सुरक्षाकर्मी भीषण गर्मी में लू से सर्तक रहें :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना दिनांक 04 जून 2024 को नियत है। मतगणना स्थल हीरालाल रामनिवास पीजी कालेज खलीलाबाद में बनाया गया है। अत्यधिक गर्मी एवं लू से बचाव हेतु मतगणना हाल में एसी एवं अन्य स्थानों पर कूलर की व्यवस्था की गयी है। मतगणना स्थल पर साफ-सफाई/पानी की व्यवस्था अधीशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत द्वारा की गयी है। उनके द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों पर ग्राउण्ड के अन्दर स्टाल लगाकर पानी पिलाया जाएगा। मेडिकल की भी व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा की गयी है और उनके द्वारा मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था करायी गयी है। उन्होंने सभी मतगणना कार्मिक, एजेंट एवं सुरक्षाकर्मियों से अपेक्षा है कि भीषण गर्मी को देखते हुए लू से सर्तक रहें एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करें।

# सश्रम कारावास व एक हजार रु. के अर्थदंड से आरोपी दंडित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। एनडीपीएस एक्ट के एक अभियुक्त को 05 माह 20 दिवस के सश्रम कारावास व एक हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को पांच दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। संयुक्त निदेशक अभियोजन व मानीटरिंग सेल' के संयुक्त प्रयास के फलस्वरुप न्यायालय सीजेएम द्वारा थाना बखिरा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 419/2023 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के मामले में अभियुक्त विश्वजीत पुत्र प्रेमचन्द निवासी ठठेरा मोहल्ला कस्बा बखिरा को जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर धारा 8/22 एनडीपीएस के तहत 05 माह 20 दिवस के सश्रम कारावास व एक हजार ₹ के अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया गया है। अर्थदण्ड अदा ना करने पर अभियुक्त को 05 दिवस की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# मुंबई आरपीएफ टीम का छापा फरार हुआ रेल टिकट दलाल

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। आरपीएफ मुंबई की टीम शनिवार को रेल टिकट के एक दलाल को पकड़ने के लिए जिले में पहुंची। मुंबई की टीम पहले कोतवाली पुलिस की मदद से आरोपी के वास्तिवक नाम पता को तस्दीक करने में जूझती रही, फिर प्रधान की मदद से आरोपी के घर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी पकड़ से दूर हो गया था।

छत्रपति शिवाजी टर्मिनल आरपीएफ थाना प्रशासन मुंबई के एएसआई शेख मुबारक और हेड कांस्टेबल आनंद कुमार ने बताया कि संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मंझरिया गंगा गांव का रहने वाला परमेंद्र पुत्र श्रीराम मुंबई में रहता था। परमेंद्र मुंबई में रेल टिकट की दलाली करता था। वर्ष 2012 में परमेंद्र दो अन्य साथियों के साथ रेल टिकट की दलाली में पकड़ा गया था। उसके कब्जे से कुल 32 रेल टिकट बरामद हुआ था। आरोपी परमेंद्र ने अपना नाम और पता गलत दर्ज करा दिया था। आरोपी अपना नाम धर्मेंद्र सिंह पुत्र रामकुमार निवासी देवरिया गंगा जिला संतकबीरनगर दर्ज कराया था। आरपीएफ थाने में धर्मेंद्र पुत्र राम कुमार के नाम से ही मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी जमानत पर रिहा हुआ, लेकिन कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा है। कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।

- वर्ष 2012 में मुंबई में रेल टिकट की दलाली में साथियों संग पकड़ा गया था आरोपी
- हाजिर न होने पर कोर्ट से जारी हुआ है गैर जमानती वारंट

## प्रधान की मदद से वास्तविक आरोपी की हुई पहचान

एएसआई शेख मुबारक ने बताया कि तामेश्वरनाथ चौकी के पुलिस कर्मियों की मदद से मंझरिया गंगा के प्रधान अवधेश राजभर से संपर्क किया गया। प्रधान की मदद से आरोपी की पत्नी सरिता से मुलाकात हुई। डोजिरियर और फोटो दिखाने पर सरिता ने बताया कि फोटो उसके पति परमेंद्र पुत्र श्रीराम की है। प्रधान ने भी फोटो देख कर परमेंद्र के रूप में आरोपी की पुष्टि की। पत्नी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी परमेंद्र मुंबई के साइल कोली बाड़ा में रहता था, जहां धर्मेंद्र पुत्र रामकुमार नाम से आधार कार्ड बनवाया था। आरोपी के बच्चे और परिवार मंझरिया गंगा में ही रहते है। आरोपी के न मिलने से टीम खाली हाथ मुंबई लौट गई।

# हादसे में युवक की मौत के मामले में चालक पर केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर बरदहिया के निकट पेट्रोल पंप के पास 23 मई को हुए हादसे में युवक की मौत हो गई थी। महुली क्षेत्र के नाथनगर की रहने वाली पीड़ित पत्नी सुधा का आरोप है कि उसके पति रमेश कुमार बाइक से सहजनवा की तरफ जा रहे थे। खलीलाबाद के बरदहिया के पास पेट्रोल पंप के निकट वाहन चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उसके पति की बाइक में टक्कर मार दिया। हादसे में पति घायल हो गए। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में पति रमेश कुमार की मौत हो गई। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि वाहन चालक नाम पता अज्ञात पर केस दर्ज किया गया।

# सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपित गए जेल

**कार्रवाई**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म करने के वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार बरामद किया। शनिवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर क्राइम रामेश्वर यादव ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता की पांच दिसंबर 2023 को शादी हुई थी। उसकी शादी में आरोपी शिवकुमार उर्फ शिव मौर्या वीडियो रिकार्डिंग के लिए उसके घर गया था। आरोप है कि शिवकुमार उर्फ शिव मौर्या शादी के दिन ही उसको छेड़ रहा था, लेकिन परिजनों ने समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया था। शादी में खींची विवाहिता की फोटो को एडिट करके अपने फोटो के साथ लगा कर नग्न और अश्लील बना दिया। आरोप है कि 26 मई की शाम 7.30 बजे आरोपी शिवकुमार उर्फ शिव मौर्या निवासी जंगलऊन कोतवाली खलीलाबाद अपने रिश्ते के ममेरे भाई राहुल मौर्या निवासी कोड़रा उर्फ खोझवा थाना सहजनवा गोरखपुर और दोस्त प्रशांत गुप्ता निवासी खटौली बड़गो कोतवाली खलीलाबाद को साथ लेकर कार से उसके ससुराल के गांव के पास पहुंचा। फोन करके ईट भट्ठे के पास बुलाया और धमकी दिया कि नहीं आने पर उसकी अश्लील फोटो वायरल कर देगा। आरोप है कि शिव मौर्या अपने दोनों साथियों के साथ विवाहिता को लेकर सहजनवा गया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। तीनों आरोपियों ने शराब पी और कार में ही मुंह दबाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। फिर लोग उसे नौका बिहार गोरखपुर ले गए और रात 11 बजे तीनों ने दुबारा दुष्कर्म किया। रात ढाई बजे उसे गांव के पास लाकर कार से ढकेल दिया और धमकी दिया कि घटना किसी को बताने पर जान से मार देंगे। इस मामले में केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# अपराध स्वीकार करने पर स्मैक के आरोपी को 5 माह की कारावास

**फैसला**

- सीजेएम कोर्ट ने आरोपी पर लगाया एक हजार का जुर्माना

संतकबीरनगर। अपराध स्वीकार करने पर अवैध स्मैक के आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार एकादश की कोर्ट ने पांच माह 20 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी विश्वजीत पर सजा के अतिरिक्त एक हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को पांच दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण जिले के बखिरा थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस चौकी प्रभारी बखिरा धर्मेन्द्र यादव ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप था कि वह 25 दिसम्बर 2023 को करैली चौराहे पर संदिग्ध आरोपियों की तलाश तथा वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच विश्वजीत पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी ठठेरा मोहल्ला नगर पंचायत बखिरा की तलाशी लेने पर उसके पास से 19 पुड़िया अवैध नशीला स्मैक बरामद हुआ। जिसका वजन 2 ग्राम 940 मिलीग्राम था। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के पश्चात आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई के पश्चात आरोपी को दोष सिद्ध करार दिया।

# डीएम ने गोतस्करी में प्रयुक्त ट्रक किया जब्त

संतकबीरनगर। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने तीन साल पहले महुली क्षेत्र में गोतस्करी में पकड़े गए ट्रक को जब्त करने का आदेश दिया है। जब्त ट्रक की कीमत आठ लाख रुपये बताई गई है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि महुली थाने के तत्कालीन एसएसआई मनोज कुमार त्रिपाठी ने एक जनवरी 2021 को 15 अदद गोवंशीय पशुओं से लदा ट्रक पकड़ा था। पुलिस की जांच में ट्रक में लादे गए गोवंशीय पशुओं को तस्तरी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में तस्करों पर सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। जबकि ट्रक को कब्जे में लेकर थाने में जमा करा दिया था। पुलिस की जांच में ट्रक के स्वामी शाहबाज अंसारी पुत्र सज्जाद निवासी पीठापुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ निकले।

# मूर्ति क्षतिग्रस्त करने के मामले में अज्ञात पर केस

संतकबीरनगर। दुधारा के कोहिरयावां में 30 मई को गांव के पूरब स्थित काली मंदिर के हाथी-घोड़े की मूर्ति को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। गांव के रामदेव पुत्र मुनेसर ने धार्मिक भावना आहत करने के उद्देश्य से दोनों मूर्तियो को खंडित करने के आरोप में अज्ञात पर केस दर्ज कराया।

# 61,500 रुपये वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। एसपी के जरिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने एमवी एक्ट में 61 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 61,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एक नजर

# फरार आरोपित को पकड़ने जनपद पहुंची मुंबई पुलिस

संतकबीर नगर : मुंबई के रेलवे स्टेशन से टिकट ब्लैक करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए मुंबई पुलिस की टीम शनिवार को मंझरिया गंगा गांव में स्थानीय पुलिस को लेकर पहुंची। पुलिस के आने की जानकारी मिलने के बाद आरोपित फरार हो गया, जिसके चलते टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा। शनिवार को कोतवाली खलीलाबाद में पहुंचे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस के दारोगा शेख मुबारक ने बताया मंझरिया गंगा के रहने वाला धर्मेंद्र सिंह पर 2012 में अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मुंबई के रेलवे स्टेशन पर रेलवे टिकटों की कालाबाजारी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। (जासं)

# काली मंदिर की प्रतिमा तोड़ने पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

- पूर्व विधायक ने घटना को लेकर जताई थी नाराजगी
- दुधारा थाना क्षेत्र के कोहरियावा गांव का मामला

जागरण संवाददाता, दुधारा : कोहरियावा गांव में स्थित काली माता मंदिर में रखी हाथी, घोड़े की प्रतिमा अराजक तत्वों द्वारा तोड़ने के मामले में अज्ञात आरोपितों के खिलाफ दुधारा पुलिस ने केस दर्ज किया है। इसके बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश कम हुआ है। इस मामले में मेंहदावल के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल ने नाराजगी जताई थी। गांव में पहुंचकर ग्रामीणों व पुलिस से मिलकर कार्रवाई का निर्देश दिया था। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई थी।

कोहरियावा गांव में पौराणिक काली माता का मंदिर स्थित है। यहां पर हाथी-घोड़े की प्रतिमाएं भी पुराने समय से रखी हुई हैं। गुरुवार की शाम को मंदिर में रखी हाथी-घोड़े की प्रतिमा खंडित दिखाई दी। इसके बाद गांव में एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ आक्रोश कायम हो गया। लोगों ने मामले में नाराजगी जाहिर की। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम शैलेष दूबे, सीओ बृजेश सिंह, थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे।

उसी रात मंदिर में नई मूर्तियों को स्थापित करवा दिया। ग्रामीणों को समझाया गया, उसके बाद भी लोगों की नाराजगी कम नहीं हुई। शुक्रवार को पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल गांव में पहुंचकर पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया था। लोगों को समझाया था, जिसके बाद लोग शांत हुए थे। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय ने कहा कि मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य संकलन के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मां-बेटी को पीटने के आरोप में तीन पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के गौरापार में पुरानी रंजिश के चलते मां-बेटी को मारने-पीटने के आरोप में पुलिस ने दो भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि गौरापार की रहने वाली संजू देवी ने तहरीर में लिखा है कि तीन दिन पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रहने वाले ओमप्रकाश मणि व जुग्गी और उनके भाई निरंजन आकर उनको गाली देते हुए लाठी डंडे से पीटने लगे। जब उनकी बेटी पलक आयी तो आरोपितों ने उसे भी जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडे से पीटा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा, दो पर मुकदमा

जासं, महुली : महुली थाना क्षेत्र के ग्राम कर्री में शुक्रवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। पुलिस ने गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है। कर्री गांव के शुभम ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम को वह मोबाइल चार्ज करने के लिए बगल के घर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही दो लोग पुरानी रंजिश को लेकर उसे पकड़कर मारपीट करके घायल कर दिया।

# पुराने विवाद में मारपीट, तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के गौरापार गांव में पुराने झगड़े की रंजिश को लेकर मारपीट हुई। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार गौरापार गांव निवासी संजू ने अपने शिकायत में बताया कि पुराने झगड़े की रंजिश को लेकर विपक्षी ओमप्रकाश मणि, जुग्गी और निरंजन उसको गाली देते हुए मारपीटा। विवाद को देखकर बचाव में आई बेटी की पिटाई की। शोरगुल पर लोगों के आने व बीच-बचाव करने पर आरोपी जानमाल की धमकी देकर चले गए। संवाद

## जमीन के विवाद में मारपीट कर किया घायल

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के ककरहा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पांच नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ककरहा गांव निवासी सुमित्रा देवी ने तहरीर में बताया कि गली के जमीन विवाद को लेकर पट्टीदार अंकू, चंद्रहास, अशोक, विनोद, अभिषेक व दो अज्ञात उनको गाली देने लगे। बहू को मार पीटकर घायल कर दिया। वह जान बचाकर घर में भागी तो वे घर में घुसकर मारापीटा। घटना को देखकर गांव के तमाम लोगों ने पहुंचकर बीच-बचाव किया। संवाद

## दो भाइयों के खिलाफ तोड़फोड़ का केस

धनघटा। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम कर्री निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को गांव के दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला शीला वर्मा पत्नी राम कुमार वर्मा ने तहरीर में बताया कि शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर गांव का अंकुर अपने भाई के साथ घर पहुंचा और मारपीट कर तोड़फोड की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंकुर तिवारी, मंगरु तिवारी पुत्रगण बृज भूषण तिवारी निवासी कर्री के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## पुराने विवाद में मारपीट, तीन पर केस

बखिरा। क्षेत्र के इमिलिया गांव में पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में तहरीर मिलने पर पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। संवाद

## जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के गागरगाड़ गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार गागरगाड़ गांव निवासी सरोज देवी ने तहरीर में बताया कि जमीन के विवाद को लेकर 31 मई को पट्टीदार सलोनी, अनामिका और संध्या उनको अकेले पाकर गाली देते हुए मारापीटा और धमकी दी। संवाद

## पुरानी रंजिश में की पिटाई

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बनकटिया गांव निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके देवर इंद्रेश तथा उनका साला तउलन थाना सहजनवां और गांव के ही दिनेश और महेश के साथ ही पति सुरेंद्र को मारपीट की। संवाद

# सिपाही से गायब हुआ वायरलेस हैंडसेट, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद में तैनात सिपाही से वायरलेस हैंडसेट गायब हो गया। पुलिस के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही मनीष कुमार यादव कांस्टेबल सत्येंद्र यादव के साथ चीता मोबाइल ड्यूटी पर थे। रास्ते में कहीं पर हैंडसेट गिर गया। सूचना चौकी प्रभारी और कोतवाल को दी। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज किया। संवाद

# एमसीएच विंग में आग से बचाव का प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में शनिवार को अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को आग लगने पर बचाव के तरीके व उपाय के बारे में बताया।

अग्निशमन अधिकारी अशोक कुमार ने एमसीएच विंग के कर्मियों को आग लगने पर बचाव के उपाय बताए। सभी को प्रशिक्षण भी दिया गया। बताया कि आग लगने पर कैसे बचाव किया जा सकता है, इसकी सभी को जानकारी दी। साथ ही आग लगने पर उसे बुझाने के लिए फायर फाइटिंग सिलिंडर के प्रयोंग का तरीका बताया।




**जिला अस्पताल की एमसीएच विंग में जानकारी देते फायरकर्मी।** संवाद

इस दौरान सीएमएस डॉ. भवनाथ पांडेय, डॉ. एपी. मिश्र, अस्पताल मैनेजर फैजान, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. रवि पांडेय, डॉ. शशि सिंह, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. एसआर कन्नौजिया, डॉ. विजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## 61 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धरपकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 61 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 61 वाहनों के चालकों से 61,500 रुपंये जुर्माना भरवाया। संवाद

## घायल अवस्था में गांव में पहुंचा हिरण

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के इमिलडीहा गांव में शनिवार को हिरण के एक बच्चा घायलावस्था में गांव में पहुंच गया। इसे कुत्तों ने काट लिया था। घायल हिरन को गांव के ही राजेंद्र मौर्य, अजय उपाध्याये, अष्टभुजा, अभय, दयाराम उपाध्याय, कन्हैया, सिकंदर आदि ने उपचार कर पानी पिलाया। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। घायल हिरन के बच्चों को गांव वालों ने वन विभाग को सौंप दिया। संवाद

## हादसे में हुई मौत के मामले में दर्ज हुआ केस

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने हादसे में मौत के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार महुली थाना के नाथनगर निवासी सुधा अग्रहरि ने बताया कि 23 मई को रात आठ बजे उनके पति रमेश कुमार खलीलाबाद से सहजनवां की तरफ जा रहे थे। डीघा से पहले पेट्रोल पंप के पास वाहन चालक ने पति की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोग पति को जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे कि उनकी मौत हो गई। संवाद

# सश्रम कारावास व अर्थदंड से किया दंडित

**संतकबीरनगर।** न्यायालय ने ऑपरेशन कनविक्शन व शिकंजा अभियान के तहत पुलिस की पैरवी के फलस्वरुप एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को पांच माह 20 दिन के सश्रम कारावास व 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि संयुक्त निदेशक अभियोजन व मॉनिटरिंग सेल के प्रयास के बाद एक जून को न्यायालय सीजेएम कोर्ट ने थाना बखिरा पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी विश्वजीत निवासी ठठेरा मोहल्ला, बखिरा को अर्थदंड का दंडादेश पारित किया। संवाद

b

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

# अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन में माता मंदिर के निकट एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है । हालांकि काफी प्रयास के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी। शव की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के थानों को इसकी जानकारी के साथ फोटो भी भेज दिया है। रोडवेज चौकी इंचार्ज राजेंद्र कन्नौजिया ने बताया व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा था।

# पेड़ जलाने के उलाहने पर महिला को पीटा

परसपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम मधईपुर कुर्मी के विजई पुरवा में एक ग्रामीण के खेत में आग लगाने से उसका सागवन व आम का पेड़ जल गया। उलहना देने पर आरोपियों ने पीड़ित महिला निर्मला देवी को धमकी देते हुए पीट दिया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि महिला के तहरीर पर घटना एक सप्ताह बाद थाने में गांव के कृष्ण कुमार, सन्दीप कुमार, प्रदीप व प्रेमनाथ के विरुद्ध मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

# खोद डाली सड़क, राहगीर परेशान

झंझरी ब्लॉक क्षेत्र के पूरे खेमरन ग्राम पंचायत में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। इसी वजह से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है ।राहगीरों ने बताया कि सड़क किनारे कई जगहों पर गड्ढे भरे नही गए हैं। इस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# महिलाओं को किया जा रहा जागरुक

गोण्डा। गांव में चौपाल लगाकर शनिवार को महिलाओं और लड़कियों को महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरुक किया गया। जिले के कई थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला पुलिस कर्मियों ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न आदि के साथ- साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी।

# सिंचाई कर रहे किसान से मारपीट

मोतीगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के अंतर्गत घरुक विरवा गांव में खेत की सिंचाई कर रहे व्यक्ति को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने पीट दिया। पीड़ित के बेटे ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि शुक्रवार को मेरे पिता खेत में गन्ने की सिंचाई कर रहे थे। काफी समय भी जाने के बाद जो वह घर नहीं लौटे तो हम लोग खेत की तरफ गए तो वहां देखा कि विपक्षी माता प्रसाद, गया प्रसाद, संतोष कुमार के साथ एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात मिलकर चारों लोग मेरे पिताजी को मारपीट रहे थे। हम लोगों को आता देख सभी मौके से भाग निकले। थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, कार्रवाई की जाएगी।

# कमिश्नर शशिभूषण ने संभाला कार्यभार

गोंडा, संवाददाता। जिले में शनिवार को मंडल मुख्यालय पर स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शशि भूषण लाल सुशील ने देवीपाटन मंडल के कमिश्नर पद का कार्यभार संभाल लिया।

24 मई से आयुक्त रहे योगेश्वर राम मिश्र के सेवानिवृत्त होने के बाद शुक्रवार देर शाम शासन ने शशिभूषण लाल सुशील को जिम्मेदारी दी है। योगेश्वर राम मिश्रा की गिनती ईमानदारी और तेज तर्रार अफसरों में की जाती रही है। उनके कार्यों को लेकर वकीलों में एक आस रही है।

उनके कार्यकाल के दौरान जनता की समस्याओं को सुनने के लिए दस बजे से ही कार्यालय में चहल पहल नजर आती रही है। उनके रिटायर होने के बाद उनकी जगह पर आए शशिभूषण लाल सुशील वर्ष 2001 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में वह दुग्ध आयुक्त के पद पर तैनात थे। सहारनपुर जिले में एक जुलाई 1973 में जन्मे शशिभूषण गाजियाबाद, बुलंदशहर, एटा व संभल के डीएम भी रह चुके हैं।



मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील

# मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

धानेपुर संवाददाता। भरवन गांव में मेड़ काटने के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनेशपुर ग्रंट के मजरा भरवन गांव के रहने वाले हरीराम के मुताबिक़ गांव के रहने वाले विपक्षी ने उनका मेड़ काट दिया था। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी, जिस पर पुलिस को तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल ने बताया इस मामले में गांव के विवेक सिंह,शिवकरन,वीर सिंह व आशीष सहित चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

# ठगी के पीड़ित को लौटाई 25 हजार की रकम

गोण्डा, संवाददाता। साइबर सेल ने धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति के खाते में 25 हजार रुपए लौटा दिए। पीड़ित से बीते दिनों ऑनलाइन ठगी हुई थी। ठगों को ओटीपी शेयर करते ही पैसे ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने बताया भोलेनाथ निवासी पथवालिया पोर्टरगंज थाना कोतवाली नगर द्वारा सूचना दिया की फ्रॉड काल के माध्यम से ओटीपी शेयर करने पर रुपये फ्रॉड कर ट्रांसफर करा लिया गया है। जिस पर साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत की थी।

# यातायात कर्मियों को छाता व अन्य सामान दिया

**गर्मी का कहर**

गोण्डा। भीषण गर्मी के चलते पारा 45 डिग्री के पार हो गया है। इस गर्मी में यातायात पुलिस कर्मियों को ड्यूटी करनी पड़ रही है। इस चिलचिलाती धूप से बचाव के लिए यातायात कर्मियों को एसपी ने छाता, पानी की बोतल सहित अन्य गर्मी से बचाव के लिए अन्य जरूरी सामान वितरित कर आवश्यक निर्देश दिए।

कई दिनों से भीषण गर्मी में लोगो का हाल बे हाल है। दोपहर में पारा 45 पार कर जा रहा है। खड़ी दोपहरिया में चौराहे और तिराहे पर खड़े यातायात



गुरुनानक चौराहे पर पुलिस कर्मियों को छाता देते एसपी।

पुलिस कर्मी को काफी परेशानी होती है। जिसके चलते एसपी विनीत जायसवाल ने ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों को छाता, पानी का बोतल, चश्मा, ओआरएस घोल, ग्लूकानझडी आदि सामग्री वितरण किया है। वही कर्मी को गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए एसपी विनीत जायसवाल ने बताय भीषण गर्मी में भी यातायात बाधित न हो इसके लिए यातायात पुलिस कर्म चौराहे और तिराहे पर मुस्तैदी से ड्यूट करते है। जिससे वाहन चालकों के जाम की समस्या का सामना नहीं करन पड़ता। सूरज की तल्ख किरणों में भ यातायात कर्मचारी चौराहे पर खड़े रहकर ड्यूटी का निर्वहन कर रहे है उधर, एसपी द्वारा मिले गर्मी से बचाव के समान पाकर यातायात पुलिस कर्मियों ने खुशी जाहिर की है।

# चार के विरुद्ध बिजली चोरी का मामला दर्ज

इटियाथोक, संवाददाता। पावर हाउस से पांच फीडर के माध्यम से हजारों लोगों को बिजली आपूर्ति होती है। भीषण गर्मी के चलते बिजली की खपत अधिक हो रही है जिससे पावर हाउस में लगे दोनों ट्रांसफर्मर ओवरलोड होकर हीट हो रहे हैं जिसे ठंडा करने के लिए क्षेत्र में बिजली कटौती करनी पड़ती है।

अवर अभियंता अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि लोग कटिया लगाकर विद्युत मोटर से अवैध तरीके से फ़सल की सिंचाई कर रहे हैं। इसकी वजह लोड बढ़ने से समस्याएं आ रही है। उन्होंने बताया कि अवैध मोटर लगाकर सिंचाई कर रहे चार लोगों पर बड़गांव गोण्डा स्थित विभागीय थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# छह लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

छपिया। पट्टे की जमीन की विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के इटैला बुजुर्ग के सुरजूपुर मजरा निवासी रोशन ने छपिया थाने में तहरीर दी है कि गांव के सज्जन, जान अली, सलीम व रेशमा उसके पट्टे की जमीन पर कब्जा करना चाहते थे। कब्जा रोकने पर विपक्षियों ने उसे व उसकी पत्नी सखीरा खातून को लाठी डंडों से मारा पीटा।

# मतगणना केंद्र पर मोबाइल लेकर नहीं जा पाएंगे एजेंट

गोण्डा, संवाददाता। एसपी ने मतगणना स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए है। एजेंटों को मतगणना स्थल में एक बार प्रवेश दिलाने के बाद मतगणना समाप्त होने तक उन्हे बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी। यही नहीं एजेंटों को किसी भी सूरत में मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ अंदर जाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

एसपी विनीत जायसवाल ने चार जून की मतगणना को निष्पक्ष व शातिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की ड्यूटी लगाने के संबंध में एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत और पश्चिमी राधे श्याम राय व चुनाव सेल के अधियारियो, कर्मचारियों के साथ मीटिंग की।

उन्होंने बताया मतगणना को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने हेतु चार महत्वपूर्ण बैरियर बनाया गया है। पहला बैरियर श्री महादेव पेंट्स के सामने मुख्य मार्ग (मिश्रौलिया ओवरब्रिज के आगे उतरने पर) व दूसरा बैरियर बड़गाँव चौराहा के पास बनाया गया है।

# मतगणना स्थल पर जरूरी सुविधाओं का प्रबंध हो

सत्ता संग्राम

गोण्डा , संवाददाता। संसदीय चुनाव की मतगणना को लेकर सभी जरूरी सुविधाओं का प्रबंध जल्द पूरा हो। शनिवार को डीएम नेहा शर्मा ने सम्बन्धित प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल पर बैठक की और सभी व्यवस्थाएं जुटाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूरी होनी चाहिए। भारत संचार निगम लिमिटेड कंट्रोल रूम में टेलीफोन की हंटिंग लाइन लगाएं।



मतगणना स्थल पर बैठक करतीं जिलाधिकारी।

पत्रकार कक्ष एवं सातों विधानसभा के पंडाल में भी हाई स्पीड इंटरनेट व्यवस्था होनी चाहिए। नगर पालिका के ईओ को मतगणना स्थल पर बेहतर सफाई व्यवस्था बनाये रखने एवं मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों को आपूर्ति व्यवस्था रखने के निर्देश दिए एवं पीने के पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। मतगणना पंडाल में सीसीटीवी कैमरे, मतगणना की वीडियोग्राफी कराने व स्थल पर अग्निशमन वाहन एवं कर्मचारियों की तैनाती करने के लिए अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया। एएसपी ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। जिला पूर्ति अधिकारी को सभी मतगणना कार्मिकों को भोजन व पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, मतगणना स्थल पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी को भोजन व पानी उपलब्ध कराया जाए, इसके अलावा उन्होंने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि वह चार जून से पहले मतगणना की टीम को अच्छी तरह से चेक कर लें।

---

# सीसी कैमरे से होगी मतगणना की निगरानी सुरक्षा व्यवस्था के किए गए पर्याप्त इंतजाम

## डीईओ ने आरओ व एआरओ के साथ की बैठक, तैयारियों का लिया जायजा

संसू, जागरण • गोंडा : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिवार को इमलिया गुरुदयाल स्थित नवीन गल्ला मंडी में जिला निर्वाचन अधिकारी ने आरओ व एआरओ के साथ बैठक करके मतगणना के तैयारियों की समीक्षा की। विधानसभावार होने वाली मतगणना की निगरानी के लिए प्रत्येक पंडाल में चार-चार सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। एआरओ व आरओ टेबल पर भी सीसी कैमरे से निगरानी कराई जाएगी। मतगणना की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। चार जून को मतगणना होगी।

पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव जिले में 20 मई को हुआ था। कैसरगंज व गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 11 हजार 970 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा कैसरगंज व पयागपुर के मतों की गिनती बहराइच व गोंडा लोकसभा क्षेत्र के उतरौला विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती बलरामपुर जिले में होगी। दोनों लोकसभा क्षेत्र के पोस्ट बैलेट व ईटीपीबीएस मतों की गिनते गोंडा नवीनगल्ला मंडी में रिटर्निंग आफिसर के टेबल पर होगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जंगजीत वर्मा ने बताया कि मतगणना को लेकर तैयारी चल रही है। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 14-14 टेबल लगाई जा रही है। पोस्टल बैलेट व ईटीपीबीएस मतों की गिनती के लिए पांच टेबल अलग से लगेगी। मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण तीन जून को होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने मतगणना के दिन के लिए अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी।



नवीन गल्ला मंडी में एआरओ व अधिकारियों के साथ मतगणना की तैयारी बैठक करतीं डीएम नेहा शर्मा • जागरण

### निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराई जाएगी मतगणना : शशिभूषण

संसू, जागरण • गोंडा : देवीपाटन मंडल के नवागत आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने शनिवार को कार्यभार संभाला। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराई जाएगी। कानून व्यवस्था बेहतर बनी रहे, इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा।



शशिभूषण लाल सुशील, आयुक्त देवीपाटन मंडल • जागरण

2001 बैच के आइएएस हैं आयुक्त : आयुक्त वर्ष 2001 बैच के आइएएस हैं। वह वर्तमान में आयुक्त दुग्ध के पद पर तैनात थे। वह सहारनपुर जिले के निवासी हैं। चंदौली व गाजीपुर में सीडीओ, कुशीनगर, एटा, बुलंदशहर व गाजियाबाद में डीएम की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। बेसिक शिक्षा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग में विशेष सचिव रहे हैं।

# हत्यारोपी को उम्रकैद की सजा, 22 हजार अर्थदंड

गोंडा,विधि संवाददाता। जिला जज प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने हत्यारोपी को उम्रकैद व 22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत शुक्ला के अनुसार जिला लखीमपुर-खीरी थाना फरधान अंतर्गत ग्राम अंबोपुर रंजीत पुत्र रामपाल के विरुद्ध थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम भदैया सुखन पुरवा निवासी श्रीमती उर्मिला पत्नी रमन बाबू उर्फ बड़के ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वादिनी के पति को आरोपी उन्नीस जून 2020 को शराब पिलाने के बहाने बुला ले गया । जब उसके पति वापस नहीं आये काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। उसके दूसरे दिन वादिनी के पति की जिगनिया नहर के किनारे मिली। उसके पति को आरोपी ने मार डाला। पुलिस ने हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपित अभियुक्त को हत्या करने का दोषी करार देते हुए उम्रकैद व बाइस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# न्यायालय के आदेश पर मारपीट का मुकदमा

संसू, जागरण • वजीरगंज (गोंडा) : दुर्जनपुर घाट चाचापुरवा की संता देवी की तहरीर पर न्यायालय के आदेश पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है।

संता देवी ने दी गई तहरीर में कहा कि भूमि विवाद में गांव के शिवम उर्फ रितिक सिंह, विनोद सिंह, संदीप सिंह, साहिल सिंह, मनोज सिंह, अरविंद सिंह, वनिशा सिंह ने घर में घुसकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पूरे परिवार को मारा-पीटा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि विवेचना क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा कर रहे हैं।

# धन्यवाद गोंडा, स्नेह के लिए आभार...



वेंकटाचार्य क्लब में सेवानिवृत्त आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र व उनकी पत्नी डा . सुधा मिश्रा को माला पहनाकर स्वागत करतीं डीएम नेहा शर्मा • सौ. सूचना विभाग

संसू, जागरण • गोंडा : आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 24 मई 2023 को मंडल में कार्यभार संभाला था। एक वर्ष सात दिन के कार्यकाल में उन्होंने सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ ही कई वर्षों से लंबित मुकदमे का निस्तारण कर आमजन के दिल में जगह बनाई। वेंकटाचार्य क्लब में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आयुक्त व उनकी पत्नी डा . सुधा मिश्रा को अफसरों ने माला पहनाकर सम्मानित किया, इस दौरान वह भावुक हो गए। गोंडा जिले के लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने स्नेह के लिए आभार जताया।

# 'पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी आर्थिक सहायता'

गोंडा : छत्तईपुरवा गांव के पास कारण भूषण सिंह के काफिले में शामिल फार्च्यूनर की टक्कर से जान गंवाने वालों के पीड़ित परिवार से सपा के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन के नेतृत्व में कटरावाजार के निंदूरा गांव में पीड़ित परिवार से मिलकर रेहान व शहजादे की मृत्यु पर दुख जताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सपा दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ है। जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर पार्टी की तरफ से आर्थिक मदद दिलाई जाएगी। (जासं)

# मिर्जापुर से गोंडा पहुंचे तीनों होमगार्डों के शव, कोहराम

जागरण टीम • गोंडा : लोकसभा चुनाव की ड्यूटी करने मिर्जापुर गए तीन होमगार्डों की मौत हो गई थी। शनिवार को उनका शव यहां पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया। झंझरी के बनवरिया के राम जीवन यादव, विश्वा गनेश के बच्चाराम चौबे व तुर्कांडीहा के पराग नरायन मिश्र की मौत पर उनके स्वजन दहाड़े मार कर रोते रहे। सिसकियों के बीच रह-रह कर उठ रही चीखों में किसी के मांग सूनी होने तो किसी के सिर से पिता का साया उठने का दर्द गूंज रहा था। गांव में मातमी सन्नाटा छाया रहा। देर शाम सभी शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पति का शव देख बेहोश हुई जानकी -पंडरीकृपाल : ग्राम पंचायत तुर्कांडीहा में शनिवार की शाम होमगार्ड पराग नारायन मिश्र का शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी जानकी देवी शव देखते ही बेहोश हो गईं। होश में आते ही भाग्य को कोसने लगीं कि क्या होना था क्या हो गया। पराग के तीन बेटे हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। वे अपनी मां को तो समझा रहे थे, लेकिन खुद भी सुबह सुबक कर रो रहे थे। उधर होमगार्ड बच्चा राम चौबे का शव उनके पैतृक गांव विश्वा गनेश डिहवा पहुंचा तो स्वजन दहाड़े मारकर रोते रहे। एक बेटे व तीन बेटियों के पिता बच्चाराम की पत्नी



विश्वगनेश गांव में मृतक बच्चाराम चौबे के घर पर गमजदा स्वजन • जागरण



पराग नारायन मिश्र • फाइल



राम भवन यादव • फाइल



बच्चाराम चौबे • फाइल

पुष्पा देवी की आठ साल पहले मौत हो चुकी है। मां को खो चुके बेटे सुरजीत व बेटियां रोमल, कोमल, फूल बिलख पड़ीं। बेटे सुरजीत ने बताया कि बाबू जी का ही सहारा था, वह भी छिन गया।

छिन गया परिवार का सहारा-झंझरीः बनवरिया निवासी राम भवन यादव का शव देखते ही दोनों बेटों पर पहाड़ टूट पड़ा। घर में बड़ा बेटा राम दयाल यादव की चाय की दुकान करता है जबकि छोटा बेटा राम बिहारी यादव खेती करता है। राम भवन अकेले कमाऊ सदस्य थे, जिससे परिवार का सहारा छिन गया। दो दिन पूर्व बड़गांव निवासी होमगार्ड अरुण कुमार श्रीवास्तव की भी मौत मिर्जापुर में चुनावी ड्यूटी के दौरान हो गई थी। उनका शव भी यहां पहुंचने पर उनके स्वजन घंटों बिलखते रहे।

# चार किसानों पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

संवादसूत्र, जागरण • इटियाथोक (गोंडा) : बिजली उपकेंद्र इटियाथोक क्षेत्र के कई गांवों में कटिया कनेक्शन लगाकर खेत की सिंचाई कर रहे चार किसानों के खिलाफ अवर अभियंता ने मुकदमा कराया है।

अवर अभियंता अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि गर्मी के चलते बिजली की खपत बढ़ी है। दिन में सिंचाई के दौरान पावरहाउस पर लगे ट्रांसफार्मर गर्म होकर खराब हो रहे हैं जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शनिवार को शिवपुरिया निवासी ओम प्रकाश जायसवाल, बसंतपुर राजा गांव के प्रदीप कुमार प्रजापति, भवानीपुर कला के फखरूद्दीन व गोसेंद्रपुर निवासी स्वामीनाथ मिश्र के खिलाफ मुकदमा कराया गया है।

# ट्रैफिक पुलिस को गर्मी से बचाने के लिए पानी की बोतल, चश्मा व छाते दिए



**गोंडा के गुरुनानक चौराहे पर यातायात पुलिस के कर्मियों को गर्मी से बचाव की सामग्री प्रदान करते एसपी विनीत जायसवाल।** स्रोतः सूचना विभाग

गोंडा। भीषण गर्मी से हर कोई परेशान है। दिन भर शहर के चौक-चौराहों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वालों को एसपी ने राहत सामग्री प्रदान की। शनिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल गर्मी से बचाव की सामग्री लेकर गुरुनानक चौराहा पहुंचे। यहां पर मौजूद यातायात पुलिस के उप निरीक्षकों व आरक्षियों से कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने छाता, पानी की बोतल, ओआरएस पाउडर, ग्लूकॉन डी, चश्मा आदि वितरित किया। एसपी ने निर्देश दिया कि गर्मी से खुद को बचाते हुए ड्यूटी करें। (संवाद)

# बस का शीशा टूटने पर चालक ने लगाया ब्रेक, पीछे से टकराई बोलेरो

## बोलेरो चालक समेत छह जख्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के गोंडा-उतरौला मार्ग पर शनिवार की दोपहर गोंडा से उतरौला जा रही निजी बस का अचानक आगे का शीशा टूट गया। इस पर ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे से आ रही बोलेरो बस से टकरा गई। इस हादसे में बोलेरो चालक समेत छह लोग जख्मी हो गए।

लखनीपुर गांव के ज्ञानचंद व पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि शनिवार की दोपहर गोंडा से आ रही निजी बस उतरौला जा रही थी। बस किसान सेवा केंद्र लखनीपुर के पास पहुंची थी तभी चालक की सीट के सामने लगा शीशा अचानक टूट गया। इस पर चालक ने ब्रेक लगाया तो पीछे से आ रही बोलेरो बस से टकरा गई।

इससे बोलेरो चालक बलरामपुर जिले के रेहराबाजार थाना क्षेत्र के महादेईया बनगंवा गांव निवासी सरदार अली (38) व इसी गांव के मोहम्मद फैय्याज (14) गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बोलेरो सवार तीन महिलाओं समेत एक युवक को मामूली चोटें आईं। सभी का निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराने के बाद घर भेज दिया गया।

ज्ञानचंद ने बताया कि महादेईया गांव के कुछ लोग बोलेरो से कोतवाली देहात क्षेत्र के खोरहंसा बाजार अंतिम संस्कार में गए थे। वहां से लौटते समय हादसा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि बस व बोलेरो को थाने ले आया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है।



गोंडा-उतरौला मार्ग पर लखनीपुर गांव के पास हादसे के बाद खड़ी बस। -संवाद

# चाकू मारकर युवक की हत्या में दोषी को उम्रकैद

गोंडा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने चाकू से मारकर युवक की हत्या के मामले में दोषी अभियुक्त को आजीवन कारावास और 22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी मामले में एक अभियुक्त को संदेह से परे साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने दोषमुक्त किया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना कटराबाजार पुलिस ने 19 जून 2020 को क्षेत्र के ग्राम सुख्खनपुरवा मौजा भदैंया निवासी रमन बाबू उर्फ बड़के की हत्या के आरोप में 21 जून 2020 को गांव के सदानंद गोस्वामी और उसके साथी रंजीत निवासी ग्राम अंबोपुर थाना फरधान जिला लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया था।

**अदालत से**

**कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में एक अभियुक्त को किया दोषमुक्त**

पूछताछ में रंजीत ने पुरानी रंजिश को लेकर जिगनिया नहर के किनारे चाकू से मारकर रमन बाबू की हत्या कर लाश को झाड़ी में फेंकना कबूल किया था। पुलिस ने उसके निशादेही पर रमन बाबू का शव व हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया। विवेचना में हत्या का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर विवेचक निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह ने दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

ट्रायल के दौरान संदेह से परे साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी रंजीत को दोषी करार दिया और साक्ष्य के अभाव में अभियुक्त सदानंद को दोषमुक्त कर दिया। शनिवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए  जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने दोषी अभियुक्त रंजीत को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास और 22 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# सीजेएम ने किया थानों के क्षेत्राधिकार में फेरबदल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। हाईकोर्ट के आदेशानुसार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय अपेक्षा सिंह के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम के पद पर स्थानांतरण के बाद न्यायालयों में सुचारु रूप से कार्य संचालन के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिले के चार थानों के क्षेत्राधिकार में फेरवदल कर वहां के मामलों को अन्य न्यायालयों में अंतरित किया है।

जिला जज प्रमोद कुमार श्रीवास्तव से विचार विमर्श के उपरांत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रूंगटा की ओर से जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार थाना खरगूपुर व खोड़ारे का पुलिस चालानी (सरकारी एवं गंभीर अपराधों को छोड़कर) क्षेत्राधिकार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय से वापस लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में अंतरित किया गया है।

कोतवाली देहात का समस्त क्षेत्राधिकार पुलिस चालानी एवं परिवाद (सरकारी एवं गंभीर अपराधों को छोड़कर) अपर मुख्य

## अपेक्षा सिंह बनीं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम

न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम के न्यायालय से वापस लेकर विधि अनुसार सुनवाई व निस्तारण के लिए अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम के अदालत में अंतरित किया गया है।

थाना परसपुर का समस्त क्षेत्राधिकार पुलिस चालानी एवं परिवाद (सरकारी एवं गंभीर अपराधों को छोड़कर) अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम से वापस लेकर विधि अनुसार सुनवाई व निस्तारण के लिए अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन-सप्तम के अदालत में अंतरित किया गया है।

इसी प्रकार थाना खोड़ारे से संबंधित परिवाद व परिवाद का दायरा का क्षेत्राधिकार वापस लेकर सिविल जज सीनियर डिवीजन व थाना खरगूपुर से संबंधित परिवाद व परिवाद का दायरा का क्षेत्राधिकार वापस लेकर विधि अनुसार सुनवाई व निस्तारण के लिए सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम के न्यायालय में अंतरित किया गया है।

# युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**मनकापुर (गोंडा)।** मनकापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित मां ने बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। कहा कि दो दिन पूर्व उसकी 19 वर्षीय लड़की अपने मामा के यहां जाने के लिए घर से निकली थी। बाद में पता चला कि वह मामा के घर नहीं पहुंची। जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं से पता नहीं चल सका। बाद में किसी अन्य माध्यम से पता चला कि राजेश नाम का युवक उसकी लड़की का अपहरण कर लिया है। पीड़िता के अनुसार उसकी बेटी घर में रखे 30 हजार रुपये व जेवर भी साथ में ले गई है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि एक युवक के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# न्यायालय के आदेश पर सात पर मुकदमा

**वजीरगंज (गोंडा)।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर घाट चाचापुरवा निवासी संता देवी ने न्यायालय विशेष (एससी-एसटी एक्ट) को प्रार्थना पत्र दिया। कहा कहा कि शिवम उर्फ रितिक सिंह, विनोद सिंह, संदीप सिंह, साहिल सिंह, मनोज सिंह, अरविंद सिंह व बनिशा सिंह ने घर में घुसकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। मूका, थप्पड़ व लाठी-डंडे से मारा-पीटा। जिससे उसे व परिजनों को चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना क्षेत्राधिकारी तरबगंज को सौंपी गई है। (संवाद)

# कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का केस

**खरगूपुर (गोंडा)।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 45 वर्षीय महिला ने बताया कि कटरा बाजार थाना अंतर्गत ग्राम जयरामजोत मंगरे पुरवा निवासी हैदर अली व हबीब की रिश्तेदारी खरगूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में है। 29 जनवरी को वह घर पर अकेली थी। दोनों आरोपी घर पहुंच गए और उससे छेड़छाड़ की। जिस पर आरोपितों ने उसे मारा पीटा व फर्जी मुकदमें में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोपी सोने का मटर माला छीनकर घर से भाग गए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि उक्त दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। (संवाद)

# घर में घुसकर पार किए जेवर

**बालपुर (गोंडा)।** करनैलगंज के बालपुर चौकी क्षेत्र के गुरसड़ा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे से घुसकर जेवर, मोबाइल व पानी की मोटर सहित अन्य घरेलू समान चोरी कर लिया। गुरसड़ा निवासी संजय कुमार मिश्रा ने बालपुर चौकी पर तहरीर देकर बताया है कि परिवार के सभी सदस्य घर के आंगन में सो रहे थे, चैनल गेट में ताला न लगा होने के कारण बीती रात अज्ञात चोर घर में घुसकर संदूक उठा ले गए। संजय के पिता रामचंद्र मिश्र के मुताबिक चोरी गए समान की कीमत करीब दो लाख रुपये है। बालपुर चौकी के उपनिरीक्षक अभिनव भारत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। (संवाद)

# अपहरण मामले में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**कटराबाजार (गोंडा)।** कटराबाजार थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि विगत 25 मई को तिवारी पुरवा सेल्हरी निवासी अजय व गुड़िया ने मिलकर उसकी बेटी को बहला फुसलाकर शादी करने की नियत से अपहरण कर ले गए। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि महिला की तहरीर पर अजय व गुड़िया के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# किशोरी को अगवा कर ले गया युवक

**वजीरगंज (गोंडा)।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को एक युवक 30 मई को अगवा कर ले गया। किशोरी के पिता ने सोनू के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर सोनू के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# मारपीट में पांच पर केस

**कटरा बाजार (गोंडा)।** रजवापुर निवासी साजनी ने तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दिलबहार, जावाज, अमजद खान, अफसाना व सोनी ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। दरवाजे पर खड़ा ट्रैक्टर की लाइट तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि सजनी की तहरीर पर गांव के ही बाबू उर्फ दिलबहार सहित पांच लोगों के विरूद्ध केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# रंजिश में मारपीट, 13 के खिलाफ मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**मनकापुर (गोंडा)।** रंजिश के चलते मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला समेत 13 लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम भिटौरा उपाध्याय पुरवा निवासी मोहिनी ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव की ही रहने वाली मझिला व गनेश की पत्नी ने शुक्रवार की शाम अभद्रता करते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

## मनकापुर कोतवाली के तीन गांवों में हुई मारपीट

ग्राम गोहाना निवासी नासरीन ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रहने वाले ईद अली, इसई, इश्तियाक, विदधे, मोहम्मद रहीस की दुकान पर एकत्र होकर उसके पति उजियार को मारा पीटा और धमकी दी। वहीं ग्राम मधवापुर इटरौर निवासी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वह झिलाही बाजार में खरीददारी करने गया था। जहां गांव के ही रणजीत सिंह, मातादीन, दातादीन सिंह शराब ठेके के पास मिले और पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा और धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष के मातादीन सिंह का आरोप है कि वह झिलाही बाजार में सब्जी खरीदने गया था। जहां अनिल सिंह, मोनू सिंह, आकाश सिंह, अखंड सिंह ने पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि मारपीट में दो महिलाओं समेत 13 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हादसा पीड़ितों के घर पहुंचे पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और सपा जिलाध्यक्ष

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज (गोंडा)। भाजपा प्रत्याशी करणभूषण सिंह के काफिले में शामिल एसयूवी से कुचलकर मरने वाले पीड़ितों के घर शनिवार को सपा नेताओं का तांता लगा रहा। पूर्व मंत्री व वरिष्ठ सपा नेता योगेश प्रताप सिंह, कटराबाजार के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन सहित अन्य नेता निंदूरा गांव में पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की।



गोंडा में करनैलगंज के निंदूरा में पीड़ितों के घर संवेदना व्यक्त करता सपा का प्रतिनिधिमंडल। -संवाद

सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिलाया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को घटना की पूरी जानकारी देकर न्याय की लड़ाई लड़ी जाएगी। बैजनाथ दूबे ने कहा कि एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत पर संवेदनहीनता दिखाई जा रही है। अभी तक प्रशासन का कोई प्रतिनिधि या सत्ता पक्ष का कोई नेता परिजनों ने मिलने नहीं आया। सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर से पीड़ित परिवारों को 5-5 करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाने की सरकार से मांग की जाएगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

संसू जागरण● गोंडा: सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय ने ग्राम अंबोपुर थाना फरधान जिला लखीमपुर खीरी निवासी रंजीत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी बसंत शुक्ल ने बताया कि थाना कटरा बाजार के ग्राम सुखन पुरवा भदैया निवासी रमन बाबू उर्फ बड़के की हत्या के मामले में रंजीत आरोपित था। दुबहा मोड़ के पास से उसे गिरफ्तार किया गया था। दोषित को 22 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

# ओटीपी शेयर करते ही खाते से कटे पैसे, पुलिस ने वापस कराए

**गोंडा।** साइबर अपराधियों के प्रलोभन में आकर ओटीपी शेयर करने वाले ग्राहक के खाते से 25000 रुपये कट गए। पुलिस की तत्परता से पीड़ित के खाते में पैसे वापस कराए गए। कोतवाली नगर क्षेत्र के पोर्टरगंज पथवलिया निवासी भोलेनाथ शुक्ला को साइबर अपराधियों ने अपना शिकार बनाया।

उन्हें प्रलोभन देकर ओटीपी मांग लिया, जिससे उनके खाते से 25000 रुपये कट गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत एएसपी मनोज कुमार रावत के निर्देशन में बने साइबर हेल्प डेस्क पर की। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बैंक से संपर्क स्थापित कर खाते को होल्ड करवा दिया तथा साइबर ठगी कर भेजी गई धनराशि वापस दिलवाई। पैसा पाकर भोलेनाथ ने पुलिस का धन्यवाद दिया। एएसपी ने कहा कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरूरत है। किसी अनजान कॉल पर अपना बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं पुलिस को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 या डायल-112 पर भी शिकायत दर्ज कराएं। (संवाद)

# रंजिश में मारपीट, 13 के खिलाफ मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

मनकापुर (गोंडा)। रंजिश के चलते मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला समेत 13 लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम भिटौरा उपाध्याय पुरवा निवासी मोहिनी ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव की ही रहने वाली मझिला व गनेश की पत्नी ने शुक्रवार की शाम अभद्रता करते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

### मनकापुर कोतवाली के तीन गांवों में हुई मारपीट

ग्राम गोहाना निवासी नासरीन ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रहने वाले ईद अली, इसई, इशितयाक, विदधे, मोहम्मद रहीस की दुकान पर एकत्र होकर उसके पति उजियार को मारा पीटा और धमकी दी। वहीं ग्राम मधवापुर इटरौर निवासी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वह झिलाही बाजार में खरीददारी करने गया था। जहां गांव के ही रणजीत सिंह, मातादीन, दातादीन सिंह शराब ठेके के पास मिले और पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा और धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष के मातादीन सिंह का आरोप है कि वह झिलाही बाजार में सब्जी खरीदने गया था। जहां अनिल सिंह, मोनू सिंह, आकाश सिंह, अखंड सिंह ने पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मारपीट में दो महिलाओं समेत 13 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# मतगणना केंद्र पर भोजन व पानी का रहेगा इंतजाम

## अधिकारियों ने नवीन गल्ला मंडी मतगणना स्थल पर अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। चार जून को मतगणना स्थल पर नेटवर्क, भोजन और पानी समेत अन्य इंतजाम रहेगा। इसके लिए डीएम नेहा शर्मा ने आदेश जारी किया है। पूर्ति, नगर पालिका परिषद, पीडब्ल्यूडी और पुलिस समेत विभागों के अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुबह छह बजे कर्मचारी मतगणना स्थल पहुंचेंगे।

डीएम नेहा शर्मा ने मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर सभी संबंधित प्रभारी अधिकारियों, सहायक प्रभारी अधिकारियों एवं विभागों के अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल पर बैठक कर सभी व्यवस्थाएं जुटाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी



गोंडा के गल्ला मंडी में मतगणना की तैयारियों को लेकर बैठक करतीं डीएम। स्रोत: सूचना विभाग

व्यवस्थाएं पूरी होनी चाहिए। भारत संचार निगम लिमिटेड कंट्रोल रूम में टेलीफोन की हॉट लाइन लगाए। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मतगणना स्थल पर बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने एवं मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था करने के लिए कहा है। मतगणना पंडाल में सीसीटीवी कैमरे, मतगणना की वीडियो-ग्राफी कराया जाएगा। एएसपी ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### डीएसओ करेंगे इंतजाम

- जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने डीएसओ को मतगणना कार्मिकों के लिए भोजन और पानी भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी को भोजन व पानी उपलब्ध कराया जाए। डीडीओ सुशील कुमार ने बताया कि सोमवार को एलबीएस में दूसरे चरण की प्रशिक्षण कराया जाएगा।

# मारपीट में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा

मसकनवा (गोंडा)। वजीरगंज थाना क्षेत्र के सुरजूपुर इटैला बुजुर्ग निवासी रोशन ने छपिया थाने में तहरीर दी है। जिसमें आरोप है कि गांव के सज्जन, जान अली, सलीम व रेशमा उसके पट्टे की जमीन पर कब्जा करना चाहते थे। कब्जा रोकने पर उसे व उसकी पत्नी सखीरा खातून को लाठी डंडे से मारापीटा। वहीं दूसरे पक्ष के सज्जन ने थाने पर दी तहरीर में आरोप लगाया कि रोशन व उसकी पत्नी सखीरा खातून उसके घर के सामने भैंस बांध रहे थे। मना करने पर उसे व उसकी बेटी रेशमा को रोशन व उसकी पत्नी ने लाठी डंडों से मारापीटा। थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज

इटियाथोक। लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ग्राम मिश्रौलिया थाना श्रावस्ती के मोहम्मद सलमान ने बताया कि 23 मई को उसके पिता मैसर अली (53) गांव के ही मोहम्मद फारूख के साथ इटियाथोक में गोंडा मार्ग पर पुराना टायर खरीदने के लिए आये थे। टायर लेकर जब फारूख अपनी गाड़ी स्टार्ट करने लगा। तभी गोंडा की तरफ से आई एक सफेद रंग की कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल मैसर अली की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

# कंट्रोल यूनिट की जांच के बाद मिलेंगे परिणाम

## भीषण गर्मी को देखते हुए पहली बार मतगणना स्थल पर तैनात रहेंगे चिकित्सक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** हर राउंड की दो-दो कंट्रोल यूनिट की जांच के बाद मतगणना के रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। प्रत्येक राउंड की पूरी छानबीन के बाद ही परिणाम दर्ज किए होंगे। चार जून को मतगणना कराने की तैयारी में प्रशासन जुट गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए पहली बार मतगणना स्थल पर चिकित्सक तैनात किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने शनिवार को भगवतीगंज स्थित मतगणना स्थल मंडी समिति का निरीक्षणकर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गर्मी को देखते हुए मतगणना के दौरान सभी कार्मिकों के लिए शीतल पेयजल एवं कूलर के साथ चिकित्सकों की व्यवस्था रहेगी। परिसर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों व पुलिस के जवानों को तैनात किया जा रहा है। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। डीएम ने विधानसभावार मतगणना टेबुल, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल, बिजली आपूर्ति, मतगणना एजेंटों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश व निकास द्वार पर सुरक्षा की तैयारी के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार, सदर एसडीएम राजेंद्र बहादुर, डीडीओ गिरीश कुमार पाठक व अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड कुमार शैलेंद्र आदि मौजूद रहे।



मतगणना स्थल का जायजा लेते डीएम अरविंद सिंह व अन्य। -स्रोत विभाग

### पहले पोस्टल बैलेट की होगी गणना

बलरामपुर। पोस्टल बैलेट के मतों की गणना कराने वाले 65 कार्मिकों को विकास भवन सभागार में शनिवार को दूसरा प्रशिक्षण दिया गया। सीडीओ संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट के मतों की गणना कराने वाले सभी कार्मिकों को एक बैच में प्रशिक्षित किया गया। पीडी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, एक्सईएन नलकूप जय प्रकाश ओझा व वरिष्ठ मत्स्य निरीक्षक रेवती रमन चौधरी ने पोस्टल बैलेट के मतों की गणना कराने का तरीका सिखाया। इसके बाद सभी कार्मिकों को पहचान पत्र भी दिया गया। (संवाद)

### 384 कार्मिकों को मिला पहचान पत्र

**बलरामपुर।** चार जून को मंडी समिति परिसर में बने पांच कक्षों में वोटों की गणना कराने की सभी तैयारी पूरी की जा रही है। शनिवार को तीन शिफ्ट में 384 मतगणना कार्मिकों को दूसरी बार प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने सभी कार्मिकों को ईवीएम से मतों की काउंटिंग में सावधानी बरतने का निर्देश दिए। सीडीओ संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में मतगणना कार्मिकों को तीन शिफ्ट में दूसरा प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक बैच में 128 मतगणना कार्मिकों को शामिल कर प्रशिक्षण दिया गया। डीडीओ गिरीश कुमार पाठक ने सभी कार्मिकों को मतगणना कराने की बारीकियां सिखाई। प्रशिक्षण के बाद कार्मिकों को पहचान पत्र दिया गया।

भगवतीगंज मंडी समिति परिसर में श्रावस्ती लोकसभा सीट से जुड़ी तीन विधानसभा क्षेत्र सदर, तुलसीपुर व गैसड़ी, गोंडा लोकसभा सीट की उतरौला विधानसभा क्षेत्र के चुनाव और गैसड़ी विधानसभा सीट के उपचुनाव के मतों की गणना कराने के लिए पांच कक्ष तैयार किए जा रहे हैं। (संवाद)

# थानाध्यक्षों ने महिलाओं को जागरूक किया

**मिशन शक्ति**

**बलरामपुर, संवाददाता।** जिले के दो थानों में शनिवार को मिशन जागरूकता अभियान चलाया गया। एसपी केशव कुमार के निर्देशन में चले अभियान में थानाध्यक्षों ने लोगों को जागरूक किया।

क्षेत्राधिकारी सदर बृजनंदन राय मिशन शक्ति जागरूकता अभियान की अगुवाई कर रहे थे। वह नहरबालागंज में पुलिस टीम के साथ महिलाओं व छात्रों को जागरुक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम रोकने के लिए पुलिस बराबर प्रयासरत है। जब सभी लोग जागरूक होंगे तभी साइबर क्राइम पर अंकुश लग सकेगा। इसलिए सभी लोग स्वयं जागरूक हों और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने कहा कि अक्सर फोन पर ओटीपी या निजी जानकारी लोगों से साइबर अपराधी पूछते हैं। उपभोक्ता समझ नहीं पाते हैं और प्राइवेट जानकारी या ओटीपी शेयर कर देते हैं। जिससे उनके साथ साइबर क्राइम जैसी घटना घट जाती है। इस अवसर पर उप निरीक्षक अजीत त्रिपाठी व अविरल शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद थे। इसी क्रम में थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने हरिहरगंज में मिशन जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने लोगों को पुलिस आपातकालीन नंबर के साथ-साथ अन्य जानकारी देकर जागरूक किया।



स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर में महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी।

# आपातकाल में डायल करें यूपी 112

**उतरौला।** नगर के आसाम रोड चौराहे पर शनिवार को पुलिस टीम ने मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एंटी रोमियो की दल व महिला आरक्षियों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के तरीके बताए। कहा कि महिलाओं की समस्या सुनने के लिए कोतवाली परिसर में महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। हेल्प डेस्क पर कोई भी घरेलू हिंसा व यौन शोषण की शिकायत गोपनीय तरीके से कर सकती हैं। (संवाद)

# आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया

## सतर्कता

बलरामपुर, संवाददाता। संयुक्त जिला चिकित्सालय बलरामपुर में शनिवार को चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को अग्निशमन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अस्पताल के चिकित्सक व कर्मियों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ अस्पताल के सीएमएस डॉ राज कुमार व क्वालिटी प्रबंधक डा. रुचि पाण्डेय ने किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्वालिटी एश्योरेंश के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

संयुक्त जिला चिकित्सालय में गुणवत्ता सम्बन्धी सुधार कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। इस अस्पताल में आग से बचाव के लिए बेतहर व्यवस्था की गई है। आग बुझाने के लिए यहां के चिकित्सक व कर्मी प्रशिक्षित हों, इसके लिए शनिवार को अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। बलरामपुर अग्निशमन अधिकारी अंकित कुमार, फायरमैन सोनू कुमार नेपोलियन व अवधेश ने चिकित्सक व अन्य पैरामेडिक स्टाफ को शार्ट सर्किट से लगने वाली आग पर कैसे काबू पाया जाए, इसके प्रति जागरूक किया। फायर मैन द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों को आग के प्रकार के बारे में भी बताया गया। आग लगने पर इसे फायर यंत्र से कैसे नियंत्रित किया जाए, इसका भी पूर्वाभ्यास अस्पताल में कराया गया। फायर मैन के द्वारा अग्निशमन यंत्र को चलाने की विधि बताई गई। साथ ही इसे चलवाकर लोगों को प्रशिक्षित भी किया गया।



संयुक्त जिला चिकित्सालय में आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण देते फायर कर्मी।

# सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

तुलसीपुर (बलरामपुर)। आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर के कर्मी उमेश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार दुबे ने उनका माल्यापर्ण करके स्वागत किया। कहा कि 39 साल तक सेवा दी है। उन्हें अंगवस्त्र, छड़ी व धार्मिक पुस्तक देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नावेद खान, अब्दुल कुद्दुश, मुशाहिद अली, राकेश कुमार, बुद्धिसागर मिश्र, ललित मोहन, विनय कुमार, रवि, दिलीप यादव व दिनेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# मजबूत और निडर कार्यकर्ताओं को बना रहे अभिकर्ता

जागरण संवाददाता • बलरामपुर : मतगणना की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति भगवतीगंज में चार जून को श्रावस्ती, गोंडा व गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव के मतों की गिनती होगी। इसको लेकर जिला प्रशासन के साथ ही प्रत्याशी भी तैयारी में जुटे हैं। सपा और बसपा प्रत्याशी मजबूत और निडर कार्यकर्ता को मतगणना अभिकर्ता बना रहे हैं। इसमें अधिवक्ताओं को भी शामिल किया गया है। इनका मानना है कि मतगणना टेबल पर साफ बातचीत करने वाले कार्यकर्ता विपक्षियों के दबाव में नहीं आएंगे। मतदान के बाद से स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की रखवाली भी सपा, बसपा के लोग कर रहे हैं। दूसरी तरफ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। मतगणना में बाहरी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।



मंडी समिति भगवतीगंज में निरीक्षण करते जिलाधिकारी अरविंद सिंह • जागरण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए चार जून को मंडी समिति में होने वाली मतगणना की तैयारियां अंतिम दौर में है। बताया कि विधान सभावार मतगणना टेबल, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति, मतगणना एजेंट के लिए कुर्सियों व बैरिकेडिंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकासी द्वार आदि का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना कार्मिकों व मतगणना अभिकर्ताओं के लिए समुचित शीतल पेयजल एवं कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मतगणना के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अतिरिक्त ट्रांसफर लगाने का भी निर्देश दिया है। बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रवेश द्वार सहित मतगणना स्थल पर चप्पे चप्पे पर सुरक्षा एवं पुलिस तैनात रहेगी। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।

जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलेंदु ने बताया कि मतगणना कार्मिकों को चाय व लंच पैकेट देने के लिए पांच पूर्ति निरीक्षक व तीन लिपिक की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना कार्मिकों को सुबह चाय व दोपहर 12 से एक बजे के बीच लंच पैकेट दिया जाएगा।

**कार्यकर्ता कर रहे निगरानी** : 20 व 25 मई को मतदान के बाद ईवीएम व वीवी पैट नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति भगवतीगंज में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई है। यहां गोंडा लोकसभा के उतरौला विधानसभा और श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा गैंसड़ी, तुलसीपुर व बलरामपुर की ईवीएम यहीं रखी है। साथ ही गैंसड़ी विधानसभा उप चुनाव की ईवीएम व वीवीपैट मंडी समिति में ही रखी गई हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में अर्द्ध सैनिक बल लगे हैं। राजनीतिक दलों सपा व बसपा ने भी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है।

# पाइप चोर को चार माह की कैद

बलरामपुर। सीजेएम धर्मवीर सिंह ने चोरी के मामले में एक व्यक्ति को चार माह के कैद की सजा सुनाई है। देहात कोतवाली के तहत ग्राम सिसई निवासी अमरेंद्र कुमार ने पाइप चोरी का मुकदमा गांव के ही निवासी शुभम सिंह के खिलाफ आठ फरवरी 2024 को दर्ज कराया था।

**अदालत से**

पुलिस ने जांच के बाद शुभम के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से अधिवक्ताओं ने अपने अपने तर्क दिए। बचाव पक्ष की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके। परीक्षण के दौरान सरकारी अधिवक्ता अरुणोदर कुमार भारती की ओर से दाखिल साक्ष्यों के आधार पर शुभम सिंह को चोरी का दोषी करार देते हुए चार माह कैद की सजा सुनाई है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

हिन्दु

# पांच दिन पूर्व हुई लूट में दो गिरफ्तार

बहराइच। मटेरा थाने की पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने दो लुटेरों को धर दबोचा। पांच दिनों पूर्व बैंक से धन निकासी कर गांव के मुहाने पर पहुंची महिला से इन लुटेरों ने नकदी लूटी थी।

गहन पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि मटेरा एसएचओ परमानंद तिवारी को सूचना मिली की महिला से लूट करने वाले शंकरपुर बहबोलिया मार्ग की ओर जा रहे हैं। एसएचओ ने पुलिस टीम व एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी व उनकी टीम के साथ घेराबंदी कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान रिसिया थाने के रामपुर बढ़ई गांव जाहिद, शंकरपुर निवासी जाहिद के रूप में हुई है।

हिन्दुस्

# ट्रैक्टर-ट्राली व लोडर सीज

नानपारा। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन अवैध खनन के विरुद्ध अभियान चलाए हुए है।

अवैध खनन करते हुए अलग-अलग स्थानों से 6 ट्रैक्टर- ट्राली व लोडर सहित पकड़ कर सीजर की कार्यवाही करते हुए थाने में सुपुर्द किया गया। नायब तहसीलदार शिवपुर हर्षित पांडेय ने बताया कि मटेरा कला क्षेत्र में चार ट्रैक्टर- ट्राली में लोडर से अवैध खनन किया जा रहा था। कागजात न दिखा पाने पर सीजर की कार्यवाही करते हुए थाना खैरीघाट के सुपुर्द किया गया। शुक्रवार की रात भटेहटा गांव के निंगड़ी पुल के निकट दो ट्रैक्टर-ट्राली अवैध खनन करते पकड़कर कोतवाली नानपारा के सुपुर्द किया गया।

# ढाई किलो अफीम संग दो महिलाएं गिरफ्तार

संसू, जागरण • मिहींपुरवा (बहराइच) : सीमा चौकी बलाई गांव के फुट्टा बीओपी चेक पोस्ट पर एसएसबी एवं मोतीपुर पुलिस की जांच के दौरान नेपाल की ओर से आ रहीं जिला बांके के खजुरा ग्राम सीमालागाड़ी निवासी उम्रकाली व रति शाही को रोका गया। उनके पास से ढाई किलो अफीम बरामद हुई। दोनों महिलाओं को मोतीपुर पुलिस के सिपुर्द कर दिया गया।

# चोरी की चार बाइक बरामद, दो आटोलिफ्टर दबोचे

संसू, जागरण • फखरपुर/गजाधरपुर (वहराइच) : कुंडासर से वजीरगंज मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की बाइक संग दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की निशानदेही पर कुल चार बाइकें बरामद की गईं।

थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि शुक्रवार देर शाम उपनिरीक्षक राजनारायण त्रिपाठी, शैलेंद्र यादव टीम के साथ कुंडासर से वजीरगंज मार्ग स्थित ग्राम परसेंडी के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो युवक एक बाइक से आते दिखे। वाहन रोककर जब उसके दस्तावेज मांगे गए तो उनके पास कोई कागज नहीं मिले। वाहन स्वामी का नाम पूछने पर भी वे नहीं बता सके। वाहन का रजिस्ट्रेशन नौशाद के नाम से था। उन्होंने कैसरगंज बाजार से बाइक चोरी करने की बात कही। पूछताछ में दोनों की निशानदेही पर चोरी की तीन और बाइकें बरामद की गईं। आरोपित सराय काजी निवासी मुहम्मद हुसैन व सरायजगना निवासी शाहरुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट भेजा गया। बाइकों के संबंध में कोतवाली कैसरगंज व नगर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज है।



# महिला से दिनदहाड़े लूट का राजफाश, दो लोग गिरफ्तार

जासं • बहराइच : छह दिन पूर्व मटेरा इलाके में महिला से दिन-दहाड़े हुई लूट का पुलिस ने राजफाश कर दिया। पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर 35 हजार से अधिक की नकदी व एक बाइक बरामद की है। आरोपित रिसिया क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय भेजा है। घटना का राजफाश करने के लिए एसपी ने पुलिस की तीन टीमें गठित की थीं, जिसमें एसओजी, सर्विलांस व मटेरा पुलिस शामिल थी।

शनिवार को पुलिस कार्यालय में घटना का राजफाश करते हुए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने बताया कि 27 मई को मटेरा इलाके के एकघरवा निवासी चंदा से बाइक सवार लुटेरों ने करनिया-बहबोलिया मार्ग शंकरपुर के पास लूट की घटना की थी। पीड़िता की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के अनावरण के लिए पुलिस की टीमें लगाई गईं थीं।

• 37,500 रुपये, बाइक और मोबाइल फोन बरामद



पकड़े गए लुटेरों के बारे में जानकारी देतीं एसपी वृंदा शुक्ल • जागरण

मामले में रिसिया इलाके के ग्राम शंकरपुर निवासी जमाल व रामपुर बरई निवासी आरिफ को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के पास से 37,500 की नकदी, एक बाइक व लूट की रकम से खरीदे गए एक मोबाइल को भी बरामद किया गया है।

# दो मुकदमों में चार दोष सिद्ध, जेल में बिताई गई अवधि की सजा

जासं ● बहराइच : मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में चार लोगों को दोष सिद्ध करते हुए वर्ष 2021 व इसी वर्ष अपराध में संलिप्त आरोपितों को दोष सिद्ध करते हुए जेल में बिताई गई अवधि व पांच-पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। एसपी वृंदा शुक्ल के निर्देशन में आपरेशन कनविक्शन के तहत अभियोजन अधिकारी निर्मल यादव, प्रभारी निरीक्षक फखरपुर करुणाकर पांडेय, पैरोकार धर्मराज ने मामले में पैरवी करते हुए अपना योगदान दिया। इस पर न्यायालय ने 14 अप्रैल 2021 से निरुद्ध लखनऊ के मोहनलालगंज निवासी अभिषेक द्विवेदी, सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा के बासूरा निवासी विकास वाल्मीकि, बाराबंकी जिले के देवा पाक मजार निवासी सिराज को घर में दीवार फांदकर चोरी करने के आरोप में दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि से दंडित किया, जबकि इसी वर्ष 14 फरवरी को फखरपुर के सिसवारा निवासी सर्वेश कुमार शुक्ल को चोरी के आरोप में जेल भेजा गया था। वह जेल में बंद था। अभियोजन व पुलिस की पैरवी से अदालत ने उसे दोष सिद्ध ठहराया और पांच सौ रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर 15 दिन के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# राजी हुए दो परिवार, भेजे गए घर

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला के प्रयास से दो परिवार टूटने से बच गए। दो परिवारों में आपसी में विवाद चल रहा था। मामला संज्ञान में आने पर दोनों पक्षों को बुलाया गया। दोनों की बातों को सुनकर उनका पटाक्षेप कराया गया। जिसके बाद दोनों परिवार साथ रहने को राजी हो गए। पुलिस ने दोनों परिवारों को घर भेज दिया।

# नेपाल रुपईडीहा हाइवे बंद करने के आरोपी पर मुकदमा

**बहराइच।** रुपईडीहा थाना के उपनिरीक्षक ने एक व्यक्ति पर नेपाल रुपईडीहा हाइवे को दो घंटे तक जाम करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर पर पुलिस ने किसी विशेष दिशा में जाने से रोकने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने और सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना के उपनिरीक्षक विजय कुमार ने तहरीर देते हुए बताया कि गत 28 मई को रुपईडीहा निवासी नवी अहमद ने थाना क्षेत्र के कस्टम बैरियर के पास बैरियर लगाकर दो घंटे नेपाल रुपईडीहा हाइवे मार्ग को ब्लॉक कर दिया था। जिससे आवागमन बाधित हो गया था। नवी अहमद द्वारा यह कहा जा रहा था कि जब भारत नेपाल मैत्री बस व अन्य बसें आईसीपी रोड से जाती हैं तो अन्य सभी बड़े व छोटे वाहन भी वहीं से गुजरने चाहिए। तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह का कहना है कि हाइवे का आवागमन बाधित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। (संवाद)

# पुलिस की टीमों ने दो लुटेरों को दबोचा, बाइक व नकदी बरामद

## 27 अप्रैल को मटेरा में बैंक से रुपये निकालकर जा रही महिला से की थी लूट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** एसओजी, सर्विलांस और मटेरा थाना की संयुक्त टीम ने शनिवार को थानाक्षेत्र के करनिया बहबोलिया मार्ग शंकरपुर से बाइक सवार दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, लूटी गई नकदी आदि बरामद किए।

मामले का खुलासा एसपी वृंदा शुक्ला ने पुलिस लाइन सभागार में किया। उन्होंने बताया कि पुलिस की संयुक्त टीमों ने थानाक्षेत्र के शंकरपुर से बाइक सवार बदमाश शंकरपुर रिसिया निवासी जमाल, रिसिया रामपुर बरई निवासी आरिफ को पकड़ा है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन लोगों ने गत 27 मई को मटेरा थाना क्षेत्र स्थित बैंक से रुपये निकालकर जा रही महिला की रेकी कर उससे 60 हजार रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। जिसमें से साढे ग्यारह हजार रुपये खर्च कर एक मोबाइल खरीद लिया था। उनके पास से पुलिस को एक मोबाइल, लूट के 37,500 रुपये, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया है।



पुलिस द्वारा पकड़े गए लूट के आरोपी। संवाद

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक परमानन्द तिवारी, एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी, उपनिरीक्षक ब्रजभान यादव, दयाराम सरोज आदि शामिल रहे।

## रुपयों से भरा बैग व मोबाइल लेकर भाग रहे लुटेरे को पीआरबी ने पकड़ा

**(खैरीघाट) बहराइच।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के ईटहा गांव निवासी दिव्यांशु ने शनिवार शाम को पीआरबी 1536 को सूचना दी। थानाक्षेत्र के इमामगंज कस्बे से एक व्यक्ति उसका बैग लेकर भाग गया है, जिसमें 36,130 रुपये वह एक मोबाइल है।

सूचना पर पीआरबी में मौजूद आरक्षी मंगल कनौजिया व चालक ध्रुव सिंह ने तत्परता दिखाते हुए रुपयों से भरा बैग लेकर भाग रहे लुटेरे नानपारा थाना क्षेत्र के बावर्ची टोला राकेश टॉकीज निवासी अल्ताफ को पकड़ लिया। रुपयों से भरा बैग व मोबाइल बरामद कर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। (संवाद)

# चोरी की चार बाइकों सहित दो चोर गिरफ्तार

फखरपुर। थाना पुलिस शुक्रवार की रात परसेंडी के कुंडासर से वजीरगंज मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार दो व्यक्तियों सरायकाजी निवासी मोहम्मद हुसैन उर्फ लड्डू, सरायजगाना निवासी शाहरुख को रोककर बाइक के कागज मांगे। वह किसी ओर के नाम पर पंजीकृत निकली। चोरों ने बताया कि बाइक उन्होंने कुछ दिनों पहले कैसरगंज से चुराई थी। पुलिस ने शाहरुख के घर से चोरी की अन्य तीन बाइकें बरामद कीं। पकड़े गए हुसैन पर फखरपुर, कैसरगंज व बहराइच में कई मुकदमे दर्ज मिले। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 02-06-2024

# निष्पक्षता से मतगणना कराएं कर्मी : डीएम

**श्रावस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना चार जून को होगी। मतगणना में लगे कर्मियों के साथ डीएम ने बैठक की। इसके साथ ही निश्पक्ष तरीके से मतगणना करने की नसीहत दी। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती, रिजर्व ड्यूटी में लगाये गये कार्मिकों के बैठने, सम्पूर्ण क्षेत्र की सीलिंग तथा खान-पान आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया में सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता से करें। मतगणना प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं है। मतगणना कार्य में लगे अधिकारी पूरी निष्पक्षता से मतगणना कार्य संपन्न कराएं। पूरी मतगणना सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न कराया जाएगा। डीएम ने कहा कि मतगणना में लगे कर्मी तय समय से मतगणना स्थल पर उपस्थित हों और पूरी ईमानदारी से मतगणना का काम पूरा करें।



मतगणना स्थल की जांच करतीं डीएम कृतिका शर्मा व एसपी घनश्याम चौरसिया

**मतगणना स्थल पर किये जाएं गर्मी से बचाव के इंतजाम :** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतगणना की जाएगी। इसके लिए कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में मतगणना स्थल पर जोर शोर से तैयारी की जा रही है। शनिवार को डीएम कृतिका शर्मा व एसपी घनश्याम चौरसिया ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि भीषण गर्मी से बचाव के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं।

# शांतिभंग की आशंका में चार गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने शुक्रवार रात चार लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई। (संवाद)

# सोनवा थाना व दिकौली मेला परिसर का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

## बैठक कर लंबी विवेचनाओं को निपटाने के दिए निर्देश

**श्रावस्ती।** सोनवा थाना व दिकौली मेला परिसर का एसपी घनश्याम चौरसिया ने शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियां दूर करने का निर्देश संबंधितों को दिया।

सोनवा थाने पहुंचे एसपी घनश्याम चौरसिया ने महिला हेल्पडेस्क पर मौजूद महिला आरक्षी प्रिया से दैनिक कार्यों की जानकारी लेकर प्राप्त शिकायतों के बारे में पूछताछ की। इसके बाद विवेचकों के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाएं पूरी करने व वांछित तथा वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने थाने के निर्माणाधीन कार्य का जायजा लिया। भोजनालय जाकर मेस मैनेजर को सफाई रखने का निर्देश दिया।

इसके बाद दिकौली दरगाह पहुंचे एसपी ने मेला स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मेला आयोजकों के साथ बैठक कर दरगाह समिति से व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व फायर कर्मियों सहित यातायात पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया। उनके साथ प्रभारी निरीक्षक सोनवा श्याम देव चौधरी मौजूद रहे।

### यातायात व्यवस्था के उपकरण जांचे

एसपी ने पुलिस लाइन स्थित यातायात कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यातायात व्यवस्था से संबंधित उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही उनके उचित रखरखाव का निर्देश दिया। ट्रैफिक कमांड सेंटर में पहुंचे एसपी ने चिल्हरिया मोड़, मल्हीपुर चौराहा, लक्ष्मननगर तिराहा, तिलकपुर मोड़, जगतजीत इंटर कॉलेज तिराहा, दुबे दुनक्का तिराहे पर सीसीटीवी कैमरे की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। इस दौरान एएसपी प्रवीण कुमार यादव, आरआई अखिलेश कुमार व प्रभारी यातायात दिलीप यादव मौजूद रहे।

# मतगणना स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** डीएम व एसपी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में बन रहे मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए मतदान में जिले की भिनगा व श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में कराई जाएगी। जहां भिनगा व श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग टेबल व अलग-अलग आरओ तथा एआरओ को तैनात किया जाएगा। दोनों मतगणना स्थल पर आने-जाने के लिए रास्ते भी अलग-अलग होंगे। मतगणना के दौरान भीषण गर्मी के कारण मतगणना कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों व मतगणना अभिकर्ताओं सहित अन्य को कोई परेशानी न हो, इसके लिए शनिवार डीएम कृतिका शर्मा ने एसपी घनश्याम चौरसिया के साथ मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने तथागत हाल में बनाए गए मतगणना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए मतगणना स्थल पर पंखे व कूलर आदि के इंतजाम किए जाएं। इस दौरान एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम व प्रभारी अधिकारी ईवीएम अरुण कुमार व मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। (संवाद)